
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com भोपाल, बुधवार 3 जनवरी 2024

जनजातीय संग्रहालय में अब व्यंजन प्रेमी चखेंगे रागी, कुटकी और कोदो खीर

# देशज व्यंजन मेले में हजारों लोगों ने चखा मिलेट्स फूड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साल 2023 के मिलेट्स ईयर घोषित होने के बाद श्रीअन्न के रूप में मिलेट्स का बोलबाला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है। श्रीअन्न को संरक्षित करें, इनका सेवन करें और आगे बढ़ाएं। मक्का, ज्वार, बाजरा, रागी, कुटकी और कोदो सहित विभिन्न प्रकार के श्रीअन्न (मिलेट्स) से तैयार व्यंजन जनजातीय संग्रहालय की कैंटीन में आयोजित देशज व्यंजन मेले में ट्रायल के रूप में 11 दिन चला, जिसे शहरवासियों ने काफी सराहा और करीब ग्यारह हजार व्यंजन प्रेमियों ने मिलेट्स से बने व्यंजनों को चखा और अब यह स्वाद उनकी जुबान पर चढ़ चुका है, ट्रायल रन की शानदार सफलता के बाद अब इस भोजन को दस जनवरी से कैंटीन के मेन्यू में नियमित किया जा रहा है।



## 10 जनवरी से संग्रहालय के मेन मेन्यू में होंगे मिलेट्स आधारित व्यंजन



### चुनिंदा दिनों तक परोसा जाता था जनजातीय भोजन

श्रीअन्न की सीधा संबंध भी जनजातीय समुदाय से है। सैलानी अब श्रीअन्न से तैयार व्यंजनों का आनंद लेकर जनजातीय भोजन की भी अनुभूति कर सकेंगे। संग्रहालय में इसके पहले भी जनजातीय भोजन परोसा जाता रहा है, लेकिन यह सिर्फ चुनिंदा दिनों पर ही उपलब्ध होता था। पहली बार इसे नियमित फूड मेन्यू में शामिल किया जा रहा है।

### खास व्यंजन होंगे मेन्यू में शामिल

देशज व्यंजन मेले में ज्वार, बाजरा, मक्का और रागी की रोटी के साथ विभिन्न प्रकार की ऑर्गेनिक भाजी एवं सब्जियां परोसी गईं। इसके साथ ही महुआ गुलगुला, महुआ जलेबी, कुटकी खीर, मक्का लड्डू, ज्वार लड्डू, बाजरा लड्डू , कोदो लड्डू, कढ़ी, दाल पानिया, महुआ पुआ जैसे पकवानों को स्वाद प्रेमियों ने बहुत पंसद किया। इन पारंपरकि व्यंजनों के अलावा कोदो से बने डोसा और इडली, उड़द वड़े तथा कोदो पुलाव व लड्डू भी लोगों की पसंद में सबसे ऊपर हैं। ये सभी व्यंजन स्वाद के साथ स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। खासतौर से ठंड के सीजन में।

### जनवरी के दूसरे सप्ताह से हर रोज मिलेगा स्वाद

जनजातीय संग्रहालय के क्यूरेटर अशोक मिश्रा बताते हैं जनजातीय जीवन और संस्कृति को जानने लोग दूर-दूर से यहां पहुंचते हैं। वे कला के जनजातीय जीवनशैली को समझते हैं। श्रीअन्न की सीधा संबंध भी जनजातीय समुदाय से है। सैलानी अब श्रीअन्न से तैयार व्यंजनों का आनंद लेकर जनजातीय भोजन की भी अनुभूति कर सकेंगे।

### पत्तों व मिट्टी के बर्तन में परोसे जाएंगे व्यंजन

व्यंजन पारंपरिक तरीके से चूल्हे पर ही पकाए जाते हैं। कैंटीन संचालक कमलेश बारिया ने बताया कि व्यंजनों को उसी जनजाती के लोग अपने तरीके से तैयार करते हैं। आंगतुकों को पत्ते और मिट्टी से बने बर्तन पर व्यंजनों को परोसा गया, जिससे लोग भोजन के स्वाद के साथ ही वहां की संस्कृति से जुड़ सकें।

# गीतों से सजी रेट्रो थीम पर आधारित 80 और 90 के दशक की प्रेम गाथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## शहीद भवन में नाटक 'प्रेम पतंगा' में दर्शाई प्रेम और बेरोजगारी की कहानी

गुलाबी रंग प्रतीक है प्रेम का, प्रेम जो यौवन की पहली दहलीज पर कदम रखते ही रूहानियत की अनुभूति देता है और फिर जब 80 और 90 के दशक के प्रेम की बात की जाती है तो उसकी नजाकत और रुहानियत के क्या कहने, जहां इजेहारे मोहब्बत में युवा कई साल लगा देते थे, गुलाबी रौशन के बीच, रेट्रो थीम में और मधुर संगीत के बीच कुछ ऐसी ही सत्य कहानी पर आधारित नाटक 'प्रेम पतंगा' का मंचन किया मंगलवार शाम शहीद भवन सभागार में, विहान ड्रामा वर्क्स ग्रुप द्वारा नए साल की शुरुआत के साथ मंचित प्रेम से सराबोर इस नाटक में दिखाया गया की प्रेम होना बहुत ही सहज है, इतना कि उसके आगे किसी का कोई बस नहीं चलता लेकिन प्रेम का प्रकटकीरण बहुत ही द्वंद्वात्मक है।



### ओह सजनी मैं कैसे कहूं आई लव यू....

हास्य और व्यंग्य की यथार्थपरक शैली के साथ ही प्रेम और बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्याओं को भी नाट्य प्रस्तुति में दर्शाया गया, वहीं मंच की साजो सज्जा में प्रेम के प्रतीक के रुप में गुलाबी रंग की लाइट और रेट्रो थीम पर आधारित कास्टयूम ने भी नाटक को जीवंत बनाया। ओह सजनी मैं कैसे कहूं आई लव यू...., ओह शिट अंग्रेजी में करें गिटपिट... रोमांस से भरे हुए गीतों ने हंसाने को मजबूर किया।

### नाटक की कहानी

नाटक दिल्ली विश्वविद्यालय में पत्रकारिता की पढ़ाई कर रहे युवाओं की जिंदगी के संघर्ष की कहानी है, जिनके जीवन का संघर्ष दो स्तरों पर चल रहा हैं, एक तो प्रेम प्रकरण और दूसरा शिक्षा सत्र पूरा होते ही अच्छी नौकरी की चिंता। जल्द ही उन्हें इस सच्चाई का एहसास होता है कि बिना जैक या सोर्स के अच्छी नौकरी के अवसर संभव नहीं है, साथ ही प्रेम को हासिल करने के लिए भी जैक रुपी दोस्तों की आवश्यकता होती है क्योंकि हर संघर्ष एक व्यक्तिगत लड़ाई है इसीलिए सभी दोस्त अपने-अपने तरीके से जूझ रहे हैं। लेकिन वेदिका के प्रेम में डूबे मुरारी के आत्म संघर्ष में मित्र ही उसका सहारा बनते हैं। वह उसे आईना दिखाकर उसके व्यक्तित्व के कमजोर पहलू भी दिखाते हैं और वेदिका के समक्ष अपने दिल की बात कहने की हिम्मत भी देते हैं।

# बीएसएस: 1997 और 98 बैच ने पुरानी यादों को संजोया

◆ खुशी, मस्ती और जोश से झूमते नजर आए दुबई, चेन्नई, बैंगलुरु से आए पूर्व छात्र



**भोपाल।** बीएसएसएस कॉलेज में 1997 और 98 बैच के जब पूर्व छात्र आपस में मिले तो उनकी खुशी, मस्ती और जोश देखते ही बनता था। कॉलेज के सिल्वर जुबली आयोजन के शानदार उत्सव में उपलब्धियों, सौहार्द और गौरव का अनोखा अंदाज दिखाई दिया। खास तौर से दुबई, चेन्नई, बैंगलोर और पुणे से आए पूर्व छात्रों ने बीएसएसएस ऑडिटोरियम में आनंद और साझा अनुभवों के साथ शिरकत की। सभी ने बॉलीवुड के गीत ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे..., यारों दोस्ती बड़ी ही हसीन है...., पर जम कर डांस किया।

# मानव संग्रहालय में माह के प्रादर्श में 'मनसा घट' का प्रदर्शन

**भोपाल ।** मनसा घट के रूप में ज्ञात मिट्टी के अनुष्ठानिक पात्र का उपयोग सर्प देवी मनसा की पूजा के लिए किया जाता है। बंगाली लोक कला का शानदार नमूना मनसा घट एक खास आकार और रचना में चित्रित मृदा पात्र है। माना जाता है कि यह पात्र पूर्वी बंगाल वर्तमान बांग्लादेश में उद्भूत हुआ जो कालांतर में पश्चिम बंगाल खास तौर से बांकुरा, मिदनापुर और 24 परगना पहुंचा। टेराकोटा पात्र पर चित्रित मनसा देवी प्रादर्श के रुप में मनसा घट का प्रदर्शन मानव संग्रहालय में जनवरी माह के प्रादर्श के रुप में किया गया।

# वनवासी बच्चों ने किया पारंपरिक नृत्य, बनाई कलरफुल पेंटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहारा वेलफेयर सोशल वेलफेयर सोसायटी की ओर से सूरज नगर में वनवासी बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पारम्परिक नृत्य, गीत, पेंटिंग एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्था सचिव डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने बच्चों के साथ दैनिक दिनचर्या की छोटी-छोटी बातों को समझाया गया। वहीं कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।





# मामे खान करेंगे मानसरोवर में परफॉर्म

**भोपाल।** मानसरोवर ग्लोबल युनिवर्सिटी द्वारा युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस 12 जनवरी को ये आयोजन मानसरोवर डेंटल कॉलेज कैम्पस हिनौतिया आलम में किए जाएंगे। मानसरोवर ग्रुप के चीफ एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर गौरव तिवारी ने बताया युवा महोत्सव में मशहूर गायक रिदम ऑफ राजस्थान मामे खान की परफॉर्मेंस युवाओं के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

# समाज में पुस्तकों की प्रतिष्ठा और पुस्तकों का विस्तार जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समाज में बढ़ रहे सामाजिक सांस्कृतिक प्रदूषण को रिफाइंड करने के लिए पुस्तकें एक संजीवनी की तरह हैं, समाज में पुस्तकों की प्रतिष्ठा और पुस्तकों का विस्तार जरूरी है। यात्रा में पुस्तक यानी पुस्तक में यात्रा यानी एक साथ दो यात्राएं। यह उद्गार वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. देवेंद्र दीपक के जो लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल द्वारा आयोजित पुस्तक पखवाड़े के प्रथम सत्र का उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे। इस पुस्तक पखवाड़े में वरिष्ठ साहित्यकार राकेश शर्मा की कृति 'स्मृतिरूपेन ' संस्मरण एवं दयाराम की कृति 'ब्रह्मपुत्र से सांगपो' एक सफरनामा पर चर्चा आयोजित की गई। स्मृतिरूपेन कृति पर चर्चा करते हुए डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि 'स्मृतियां जीवन का अहम हिस्सा हैं।






भोपाल
बुधवार, 3 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष-07
वर्ष : 10, अंक : 287
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 15

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com

◆ सीएम भी एक्शन में : डॉ. यादव ने वीसी के माध्यम से कमिश्नर्स, कलेक्टर्स व एसपी से चर्चा की



## अफसरों के दस्तों को मैदान में उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मामले में सभी कलेक्टर व एसपी के साथ बैठक कर सभी जरूरी एक्शन लेने को कहा है।

उन्होंने साफ कहा कि व्यवस्था इस तरह से बनाएं कि जरूरी सामान की दिक्कतें नहीं हो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में कमिश्नर, कलेक्टर और एसपी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) के जरिए से चर्चा कर ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के मद्देनजर किए जा रहे आवश्यक उपायों की जानकारी प्राप्त की और जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों को आवश्यक सामग्री के लिए परेशानी नही हो, इसके लिए सभी जरूरी उपाय किए जाएं। उन्होंने अफसरों के दस्तों को मैदान में उतार दिया।

डॉ. यादव ने जबलपुर, ग्वालियर, कटनी, रीवा, उज्जैन, सागर समेत विभिन्न जिलों के कलेक्टर, एसपी से चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी मार्ग पर अवरोध और बाधा न हो। रास्ते की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मैदान में मूवमेंट दिखे। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, ▸▸ शेष पेज 4 पर



केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा कि नए कानून और जुर्माने के प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं। भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) लागू करने से पहले अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस (एआईएमटीसी) से विचार विमर्श किया जाएगा। ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टर की चिंताओं को सुनने के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

साढ़े तीन घंटे की बैठक के बाद केंद्र सरकार व ट्रांसपोर्टरों के बीच सुलह, ड्राइवर तुरंत काम पर लौटें

# ड्राइवरों की 'हड़ताल' खत्म, केंद्र ने कहा-नए कानून और जुर्माने के प्रावधान अभी लागू नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोमवार से देश के 10 राज्यों में शुरु हुई ड्राइवरों की हड़ताल मंगलवार रात 10 बजे खत्म हो गई।

केंद्रीय गृह सचिव और ट्रांसपोर्टरों के बीच मंगलवार शाम साढ़े 7 बजे से शुरु हुई बैठक रात 10 बजे नतीजे पर पहुंच गई। अब सभी ट्रांसपोर्टर विरोध छोड़कर



एआईएमटीसी के प्रतिनिधियों ने सुलह के बाद ड्राइवरों से हड़ताल खत्म करने की अपील की।

तत्काल काम पर लौट आए हैं। गौर हो कि हिट एंड रन को लेकर नए कानून के खिलाफ आक्रोश के बीच जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था।

पेट्रोल-डीजल, सब्जियां, गैस व दूध की सप्लाई बाधित हो गई थी। अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से बैठक के बाद केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा कि नए कानून की धारा के तहत ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी

भोपाल सहित प्रदेशभर में 619 टैंकर ईंधन की हुई आपूर्ति

## प्रदेश में पेट्रोल-डीजल, गैस व दूध की सप्लाई बहाल

राज्य सरकार और पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रयासों से हालात हुए सामान्य

**दो दिन में नुकसान**
**50 करोड़** भोपाल में
**300 करोड़** मध्यप्रदेश में


**भोपाल।** देश भर में हड़ताल खत्म होने से पहले ही राजधानी भोपाल सहित समूचे प्रदेश राज्य सरकार के अधिकारियों के मैदान में उतरने से मंगलवार को दूध सहित डीजल-पेट्रोल और गैस की बाधित हुई सप्लाई सुचारू हो गई। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह के अनुसार जिला प्रशासन के साथ ▸▸ शेष पेज 4 पर

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### गुना: दो बाइकों की भिड़ंत, 3 की मौत

**गुना।** राघौगढ़ के बड़ा आमल्या गांव के रास्ते पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं चार लोग घायल हो गए। दोनों बाइकों पर कुल सात लोग सवार थे। घायलों को रात में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शवों का पोस्टमार्टम मंगलवार को राघौगढ़ अस्पताल में कराया गया। इसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया।



### पति पर व्यभिचारी का झूठा आरोप लगाना क्रूरता

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पति के खिलाफ विवाहेतर संबंध के निराधार आरोप लगाना और सार्वजनिक स्थान पर उसे व्याभिचारी ठहराना कठोर क्रूरता का कृत्य है। इस तरह का कृत्य तलाक का आधार प्रदान करता है। जस्टिस सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने ये अहम टिप्पणी की।



### जमीन नहीं खरीद सकेंगे बाहरी व्यक्ति

**देहरादून।** उत्तराखंड में राज्य से बाहरी व्यक्तियों के खेती और बागवानी के लिए जमीन खरीदने पर अंतरिम रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। सरकार द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, 'मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेशहित और जनहित में निर्णय लिया गया है।



भाजपा हर रोज कराएगी करीब 50 हजार श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन, पार्टी ने इसके लिए राज्य, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर संयोजक और सह-संयोजक भी तय कर दिए

# राम जी करवाएंगे 'लक्ष्य' पार

श्रद्धालुओं के अयोध्या आने के लिए रोजाना 35 ट्रेनें भी चलाई जाएंगी, ये ट्रेनें 430 शहरों से चलाई जाएंगी।

◆ अबकी बार 400 पार... 'तीसरी बार' मोदी सरकार...भाजपा ने तय किया नारा

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए भाजपा का प्लान तैयार, दिवाली जैसा माहौल बनाने के निर्देश, 2 महीने चलेगी मुहिम, भाजपा बुकलेट में इस बात पर भी प्रकाश डालेगी कि कैसे विपक्षी दलों ने मंदिर के निर्माण में बाधा डालने का प्रयास किया।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की मंगलवार को एक अहम बैठक हुई, जहां लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का नारा 'अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार' तय कर दिया गया। इसके लिए पार्टी ने राज्य, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर संयोजक और सह-संयोजक भी तय कर दिए हैं।

बैठक में बताया गया है कि जल्दी ही लोकसभा क्लस्टर्स में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे शुरू हो जाएंगे। बैठक में अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पर भी चर्चा की गई। बैठक में पार्टी महासचिव सुनील बंसल, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव और मनसुख मंडाविया और असम के मुख्यमंत्री ▸▸ शेष पेज 4 पर

◆ बताया गया है कि जल्दी ही लोकसभा क्लस्टर्स में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे शुरू हो जाएंगे। बैठक में अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पर भी चर्चा की गई

इन 50 हजार लोगों की रुकने की व्यवस्था अयोध्या में भाजपा नेताओं की तरफ से की जा रही।




फाइल फोटो

### राम मंदिर के दर्शन के लिए जाने वाले लोग भाजपा के झंडे का इस्तेमाल नहीं करेंगे

बैठक में तय किया गया कि 25 जनवरी से लेकर 25 मार्च तक देश के अलग-अलग राज्यों से राम मंदिर के दर्शन करने आने वाले लोगों को भाजपा के नेता और कार्यकर्ता सुविधा मुहैया कराएंगे। इसके तहत राम मंदिर के दर्शन करने वालों लोगों को ढोल नगाड़े, तिलक और फूल माला के साथ भेजा जाएगा। एक दिन में तकरीबन 50 हजार लोगों को राम मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। भाजपा हर बूथ लेवल से राम मंदिर का दर्शन कराएगी। बैठक में जेपी नड्डा ने ▸▸ शेष पेज 4 पर

### देश भर में राम मंदिर को लेकर बांटी जाएगी बुकलेट

बैठक में पहुंचे नेताओं से कहा गया कि राम मंदिर को लेकर चलाए गए आंदोलन के बारे में लोगों तक जानकारी पहुंचाएं। भाजपा घर-घर यह बताएगी कि कैसे पार्टी का योगदान राम मंदिर का सपना साकार करने में रहा है। वह कौन-कौन से राजनीतिक पार्टी और नेता हैं जो राम मंदिर बनने का ▸▸ शेष पेज 4 पर

### दूसरी पार्टी के असंतुष्ट नेताओं से संपर्क के लिए बनाई कमेटी

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए एक कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी का मुख्य काम विभिन्न राजनीतिक दलों के असंतुष्ट नेताओं से संपर्क करना और उन्हें पार्टी में शामिल करने पर फोकस रहेगा। इतना ही नहीं, इस कमेटी को शक्तियां भी दी जाएंगी। किसी नेता की भाजपा में आधिकारिक ज्वॉइनिंग तब ही संभव हो सकेगी, जब इस कमेटी की मंजूरी मिल जाएगी। पार्टी संगठन और कार्यकर्ताओं में किसी भी तरह के असंतोष या नाराजगी जैसी स्थिति को नहीं होने देना चाहती है। पार्टी का मानना है कि दूसरे दलों खासकर कांग्रेस, सपा, बसपा, आरएलडी, जेडीयू सहित कई अन्य विपक्षी दलों के कई ऐसे प्रभावशाली नेता हैं, जो पार्टी में आने को इच्छुक है, लेकिन वे खुलकर इसको सामने नहीं आ रहे हैं। नई कमेटी ऐसे नेताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए संपर्क साधने और बातचीत करने की कोशिश करेगी।

साइबर अटैक में नया खुलासा



# एनएचएम की वेबसाइट पर भी 'साइबर हमला'

नगरीय प्रशासन की वेबसाइट रात में हुई हैक, सुबह 10 बजे अफसरों को लगी भनक

जांच में हुआ खुलासा, दो महीने तक बिना अपडेट किए असुरक्षित मोड पर चल रही थी वेबसाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के बाद एक बड़े विभाग एनएचएम (नेशनल हेल्थ मिशन) के सर्वर में भी साइबर अटैक होने का खुलासा हुआ है। इससे अधिकारियों को पसीने आ गए हैं। नगरीय प्रशासन में 50 लाख घरों का डेटा क्रैश हुआ या लीक हुआ है, या फिर यह डेटा साइबर अटैकरों के पास पहुंच गया है, इसकी जांच जारी है। एनएचएम के साइबर अटैक में भी इसी तरह की दिक्कतें हो सकती है।

7 दिन में टेक्निकल रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उधर, गृह विभाग ने एनएचएम व नगरीय प्रशासन के अधिकारियों से सात दिन के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है। उनसे यह भी कहा गया है कि रिपोर्ट में यह भी बताएं कि कितना डेटा क्रैश हुआ है। इससे किस तरह की समस्या आएगी और आगे सुरक्षा ▸▸ शेष पेज 4 पर

### हैकर 30 से 40 सर्वर में दाखिल हुआ

अधिकारियों ने बताया कि साइबर अटैक की घटना 21 दिसंबर को सुबह 10 बजे की है, जबकि अधिकारियों को इसकी जानकारी 20 दिसंबर को रात को 9.30 बजे हुई। यह रैमसवेयर साइबर अटैक हुआ था। हैकर 30 से 40 सर्वर में दाखिल होते हुए सर्वर तक पहुंचा था। जांच में यह प्राथमिक तौर पर पाया गया है कि विंडो 2012 सभी सर्वर में एप्लाई किया गया था जबकि उसकी एंड डेट अक्टूबर 2023 थी। इससे पहले भी सर्वर को अपडेट किया जाना था, लेकिन अक्टूबर के बाद नवंबर दिसंबर में सर्वर अपडेट नहीं किया गया। यानी कि दो महीने तक असुरक्षित मोड पर वेबसाइट चलती रही। इसके अलावा यह भी पाया गया है की एप्लीकेशन को ऑडिट नहीं किया गया। साथ ही नेटवर्क सेगमिगेट भी नहीं किया गया।

26 जनवरी को ब्लास्ट की धमकी

## चिट्ठी में आठ राज्यों में धमाके की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

खंडवा में एक स्कूल को धमकी भरी चिट्ठी मिली है। चिट्ठी में 26 जनवरी को जगह-जगह बम ब्लास्ट करने और प्रधानमंत्री को बम से उड़ाने की बात लिखी है। चिट्ठी 28 दिसंबर को मिली थी। मामला मंगलवार को सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



■ खंडवा के एक स्कूल को मिली ये चिट्ठी

खालवा के पटाजन हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य सुनील जैन ने बताया ▸▸ शेष पेज 4 पर

भोपाल में सीजन का सबसे घना कोहरा

## प्रदेश में दिन रहा सर्द कहीं-कहीं पड़ी बौछारें



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


मंगलवार को प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर बादल, बारिश और कोहरे के रूप में देखने को मिला। भोपाल सहित करीब एक दर्जन जिलों में घने से अति घना कोहरा रहने से विजिबिलिटी शून्य रही, जबकि पूरे प्रदेश में दिन सर्द रहने से ज्यादातर जिलों में पूरे दिन ▸▸ शेष पेज 4 पर

पुलिस कस्टडी में मौत पर हंगामा

## जहर देने का आरोप शव रखकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ की खिलचीपुर पकड़े गए आरोपी को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है, जिसके विरोध में मृत युवक के परिजनों ने थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया और संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है।



■ एसडीएम बोले मामले की जांच की जा रही

जानकारी के मुताबिक, खिलचीपुर थाना क्षेत्र के करन नामक एक युवक जो ▸▸ शेष पेज 4 पर

रायसेन में ड्राइवर की लापरवाही से पलटी चार्टर्ड बस

# 27 यात्री घायल, बस में फंसे यात्रियों को इमरजेंसी गेट तोड़कर निकाला गया बाहर

यात्री बोले-ड्राइवर काफी तेज बस चला रहा था, बस बार-बार जंप कर रही थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मंगलवार को शहर के बायपास मार्ग पर सतना से इंदौर जा रही चार्टर्ड स्लीपर बस घने कोहरे और ड्राइवर की लापरवाही के कारण सुबह 4 बजे रोड से 15 फीट नीचे खेत में जाकर पलट गई। बस में 29 यात्री सवार थे जिसमें से 27 यात्रियों को



चोट लगी है। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें भोपाल रेफर किया गया है। घायलों को 108 से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही मौके पर थाना कोतवाली ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सिवनी में पिकअप वाहन पलटा, 21 घायल

**सिवनी।** इधर, जिले के बंडोल थाना क्षेत्र मगरकट्टा गांव के पास मजदूरों को लेकर जा रहा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। मंगलवार की दोपहर 12 से एक बजे के बीच हुए इस हादसे में पिकअप वाहन में सवार 21 मजदूर घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीणों व 108 वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। यहां एक ▸▸ शेष पेज 4 पर

सीएम यादव का नवाचार- सभी जिलों में होगी कैबिनेट

# मप्र कैबिनेट की बैठक आज जबलपुर में दूसरी कैबिनेट उज्जैन में 14 को होगी

बिजली विभाग के ऊर्जा भवन में शाम 5 बजे से होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र कैबिनेट की बैठक बुधवार 3 जनवरी को जबलपुर स्थिति बिजली विभाग के ऊर्जा भवन में शाम 5 बजे से होगी। इस बैठक में सभी मंत्री शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट बैठक में शामिल होने के लिए बुधवार को ही जाएंगे। इससे पहले वे मंगलवार को ही जबलपुर



जाने वाले थे, किंतु उनका कार्यक्रम अब बदल गया है। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों को मंजूरी दी जाएगी। कैबिनेट की बैठक का एजेंडा देर शाम तक मंत्रियों के पास भेज दिया गया। इस बैठक से पहले मुख्यमंत्री जबलपुर में ही सदन गैरिसन ग्राउंड में एक सभा को संबोधित करेंगे। कैबिनेट में राजस्व, विमानन, नगरीय प्रशासन समेत अन्य विभागों के अलग अलग मुद्दों पर निर्णय लिए जाने के आसार हैं। उधर, मुख्यमंत्री यादव अलग-अलग शहरों में कैबिनेट की बैठक करने की अपनी नीति के तहत 14 जनवरी को उज्जैन में कैबिनेट की बैठक आयोजित करने जा रहे हैं। इसके बाद अन्य शहरों में होने वाली कैबिनेट की बैठक के बारे में जानकारी दी जाएगी।

प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही समाज को भी एक नया संदेश देने के लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने यह पहल की

इनमें दो एससी और एक ओबीसी के, प्रशिक्षण के दौरान न मोबाइल इस्तेमाल की इजाजत न बाहरी व्यक्ति से संपर्क की


# सामाजिक समरसता... जाति नहीं, योग्यता से बने राम मंदिर में होंगे 24 पुजारी, 3 माह का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

नगरी भगवान राम की है, संदेश भी आदर्श और सामाजिक समरसता का होगा। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के साथ ही पुजारियों से जुड़े नए प्रतिमान गढ़े जाएंगे। राममंदिर के लिए पूरे देश से चुने गए 24 पुजारी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इनमें से दो अनुसूचित जाति (एससी) व एक पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं। मंदिर के विग्रहों पर पूजन के लिए राममंदिर के महंत मिथिलेश नंदिनी शरण और महंत सत्यनारायण दास पौरोहित्य व कर्मकांड का प्रशिक्षण दे रहे हैं। हालांकि, पहली बार नहीं है, जब किसी गैर ब्राह्मण को पुजारी नियुक्त किया गया है। राममंदिर में इसके पूर्व में मुख्य पुजारी अन्य पिछड़ा वर्ग से थे। दक्षिण भारत के मंदिरों की बात करें तो 70 फीसदी पुजारी गैर ब्राह्मण हैं। शैव परंपरा के अखाड़ों में भी गैर ब्राह्मणों का ही वर्चस्व है। पुजारियों का चयन ▸▸ शेष पेज 4 पर

दक्षिण भारत के मंदिरों की बात करें तो 70 फीसदी पुजारी गैर ब्राह्मण | शैव परंपरा के अखाड़ों में भी गैर ब्राह्मणों का ही वर्चस्व

### हनुमानजी के वैदिक ध्यान मंत्र समेत 14 सवालों पर चयन



नवंबर में सभी 24 पुजारियों का चयन 14 सवालों की बाधा पार करने के बाद हुआ। तीन चरणों के साक्षात्कार के बाद 3240 अभ्यर्थियों में से 25 को प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया। बाद में एक अभ्यर्थी आचार्य दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री ने नाम वापस ले लिया। आचार्य शास्त्री के अनुसार अंतिम दौर के तीन सवाल बेहद कठिन थे। हनुमानजी का वैदिक ध्यान मंत्र, ▸▸ शेष पेज 4 पर

सीएम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संगठन महामंत्री पहुंचे घर-घर

# राम भक्त 22 जनवरी को घर में दीप जलाकर मनाएं दीपावली: डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसको लेकर रामभक्तों द्वारा अयोध्या जाने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भोपाल के अलग-अलग कॉलोनियों में घर-घर संपर्क कर लोगों को अक्षत देकर अयोध्या जाने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-72 स्थित पारसधाम कॉलोनी, भानपुर में घर-घर जाकर अक्षत वितरित कर लोगों को अयोध्या जाने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए जनता में काफी उत्साह है एवं जनता के सपनों को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर समर्पित कर देंगे। राम भक्त 22 जनवरी को घर में दीप जलाकर दीपावली मनाएं।



**मुख्यमंत्री ने श्रीराम मंदिर दर्शन के लिए आमंत्रण कार्ड बांटे**

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विदिशा रोड भानपुर स्थित पारसधाम कॉलोनी में पहुंचे और वहां श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अक्षत आमंत्रण टोली में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोगों के घरों पर पहुंचकर अयोध्या में श्रीराम मंदिर दर्शन के लिए आमंत्रण कार्ड वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर में पूजा-अर्चना करके कलश यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर भी उपस्थित थीं।*

### प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के समय मंदिरों में भजन-पूजन कर प्रसाद वितरित करें

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने नरेला विधानसभा क्षेत्र के अशोका गार्डन में गृह संपर्क अभियान के तहत अक्षत देकर रहवासियों को भगवान राम के दर्शन करने अयोध्या जाने के लिए आमंत्रित किया है। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के समय मंदिरों में भजन-पूजन कर प्रसाद वितरित करें। साथ ही लोग अपने-अपने घरों में भगवा ध्वज लगाएं एवं घर के बाहर स्वास्तिक व रंगोली सजाकर दीप जलाकर दीपावली मनाएं।

### भोपाल में घर-घर पहुंचा राम मंदिर का निमंत्रण: विष्णुदत्त



प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भोपाल के वार्ड-28 के आंबेडकर नगर में श्रीराम भक्तों द्वारा चलाए जा रहे अक्षत वितरण गृह संपर्क अभियान में शामिल हुए। उन्होंने घर-घर संपर्क कर पीले चावल (अक्षत) दिए और लोगों के घरों की दीवारों पर अयोध्या के भव्य राम मंदिर की प्रतिमा के स्टीकर चिपकाए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि सभी रामभक्त 22 जनवरी को जब अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही होगी, तब सभी रामभक्त अयोध्या नहीं पहुंच पाएंगे। इसलिए रामभक्त 22 जनवरी को सुबह 11 बजे से अपनी कॉलोनी, गांव में स्थित राम और हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और रामरक्षा स्त्रोत का पाठ करें। पूजा-अर्चना कर कॉलोनी और गांवों के मंदिरों में प्रसाद वितरित करें।

## खबर संक्षेप

### बीयू: कॉलेजों को समय पर अपलोड करना होगा पीजी प्रेक्टीकल अंक

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने संबद्ध सभी कॉलेजों को अधिसूचना जारी कर प्रेक्टीकल, इंटरर्नल एग्जाम और प्रोजेक्ट वर्क के साथ ही मौखिक परीक्षाएं आयोजित कर उनके अंक विवि को भेजने के लिए कहा है। जारी अधिसूचना में कहा है कि सेमेस्टर पद्धति पीजी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, वर्ष 2023-24 की प्रायोगिक, सतत आंतरिक मूल्यांकन, परियोजना अथवा प्रोजेक्ट और मौखिक परीक्षाएं आयोजित कर दिए गए अंक समय सीमा में प्रेषित करें। आदेश में कहा है कि सेमेस्टर पद्धति के तहत सत्र 2023-24 स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए बाह्य परीक्षक नियुक्ति पत्र जारी किए जा रहे हैं।

### बाल आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दर्ज कराई आपत्ति

**भोपाल।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चाइल्ड लाइन का संचालन एनजीओ द्वारा कराए जाने संबंधी 26 दिंसबर के आदेश पर एक बार फिर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने आपत्ति दर्ज कराई है। मामले में अब आयोग ने मुख्य सचिव, मप्र शासन को पत्र लिखा है। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने कहा है कि डीसीपीयू यूनिट के माध्यम से बच्चों को आवश्यक सहायता प्रदान की जानी है। इस पर अनुभवी लोगों को योग्यता के अनुसार नौकरी देनी है। एसओपी के प्रावधानों का पालन करते हुए आवश्यक सुधार किए जाएं और राज्य में जिला स्तर पर सीएचएल इकाइयों के कामकाज के संबंध में एक नया आदेश जारी किया जाए। इसके साथ ही 3 दिन के भीतर इस संबंध में की गई कार्रवाई रिपोर्ट भेजें।

### 14 साल बाद फिर प्रदेश के सभी थाने और चौकी का होगा सीमांकन

**भोपाल।** 14 साल के बाद फिर से मध्य प्रदेश के सभी थाने और चौकियों की सीमाएं तय की जाएगी। साल 2010 में सरकार ने थाने और चौकियों की सीमा तय की थी। अब एक बार फिर से नई सिरे से कवायद शुरू हो गई है। कलेक्टर के पास ही अधिकार रहेगा कि वह थाने और चौकी की सीमाएं तय कर सकेंगे। गृह विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पुलिस विभाग की आवश्यकता के अनुसार कई जिलों में नए थाने स्वीकृत कर दिए गए हैं लेकिन उनके थाने और सीमाओं का निर्धारण अभी तक नहीं किया गया है।

### आरकेएमपी से होकर 7 ज्योतिर्लिंग, द्वारका के लिए रवाना होगी ट्रेन

**भोपाल।** रेलवे द्वारा देश के विभिन्न भागों से भारत सरकार द्वारा देखो अपना देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत की पर्यटन अवधारणाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो 19 फरवरी को जबलपुर से 7 ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारका एवं शिर्डी यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, शुजालपुर, उज्जैन, देवास, इंदौर एवं रतलाम स्टेशनों से होते हुए जाएगी। जहां से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे।

## मुख्यमंत्री ने औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा की

# बुंदेलखंड व बघेलखंड जैसे क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए उद्योग लगाने प्रोत्साहित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उद्योग लगवाने के साथ-साथ उन्हें आगे बढ़ाने के लिए भी प्रयास करें। उद्योगों को आत्मनिर्भर और लाभकारी बनाए। इसके कार्य के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाए।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड और बघेलखंड जैसे क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए स्थानीय सुविधा अनुसार कंपनियों को उद्योग लगाने के लिए आकर्षित करने का प्रयास करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की गतिविधियों और कार्ययोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्थानीय स्तर पर होने वाली उपज जैसे दूध, सोयाबीन, हर्बल और लघु वनोपज आदि की उपलब्धता अनुसार स्थानीय स्तर पर छोटी-छोटी यूनिट लगवाने का अभियान चलाएं। जिले में स्थानीय उद्योगपतियों को नए उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहन की नीति बनाएं। नए उभरते उद्यमों (सनराइज इंडस्ट्री) के लिए क्षेत्रवार अलग से नीति बनाई जाए।

*जिला स्तर पर 51 और उपखंड स्तर पर 103 प्रमाणीकृत प्रयोगशालाएं स्थापित हैं*

*स्थानीय उपज की उपलब्धता अनुसार छोटी-छोटी यूनिट लगवाने अभियान चलेगा*



### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में बढ़ती हुई वृद्धि और नगरीय प्रसार के मद्देनजर विश्लेषण कर उसके अनुसार भविष्य के लिए योजना बनाए। नए बनने वाली जल योजनाओं और वर्तमान में संचालित जल योजनाओं के बेहतर उपयोग की पुख्ता व्यवस्था करें। पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल निगम और नगरीय विकास एवं आवास विभाग परस्पर समन्वय से कार्ययोजना बनाकर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री मंगलवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा कर रहे थे।

### रोजगार आधारित उद्योग स्थापित कराएं

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि भविष्य की दृष्टि से नए रेलवे ट्रैक और जल मार्ग के जरिए नए क्षेत्रों में उद्योग की स्थापना की योजना बनाए। मशीन आधारित उद्योगों के साथ रोजगार आधारित उद्योग स्थापित कराएं। प्रदेश के भविष्य की संभावनाओं और उद्योगों की आवश्यकता अनुसार नीतियां बनाए। उद्योगों को सब्सिडी समय पर देना सुनिश्चित करें।

### नल-जल योजनाओं के कार्य की गुणवत्ता की जांच हो

सीएम ने कहा जल के बढ़ते उपयोग से कस्बों और गांवों में नल-जल योजनाओं के कार्य और सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए जिला स्तर पर निरंतर कार्रवाई हो तथा उसकी जानकारी राज्य स्तर पर भी दी जाए।

### संस्थाओं को किया जाए सम्मानित

उन्होंने स्थानीय स्तर पर स्वयं के प्रयास से लोगों को पेयजल प्रदाय उपलब्ध कराने वाले समाजसेवी व्यक्तियों और संस्थाओं को 15 अगस्त व 26 जनवरी पर सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामों में जल जीवन मिशन की गतिविधियों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए गांवों के समूह बनाकर जल प्रदाय व्यवस्था का संचालन एवं संधारण सुनिश्चित किया जाए।

### 1.12 करोड़ परिवारों को 'नल से जल' देंगे

ग्रामीण जनसमुदाय के जीवन स्तर में सुधार के लिए निर्धारित गुणवत्ता-पर्याप्त मात्रा और उचित दबाव के साथ पेयजल आपूर्ति के दृष्टिकोण के साथ जल जीवन मिशन की गतिविधियां प्रदेश में संचालित हैं। प्रदेश के सभी गांवों की योजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं और एक करोड़ 12 लाख परिवारों को 'नल से जल' उपलब्ध कराया जाएगा। जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर 51 और उपखंड स्तर पर 103 प्रमाणीकृत प्रयोगशालाएं स्थापित हैं।

### कई कार्यों का दिया प्रेजेंटेशन

मुख्यमंत्री को विभागीय संरचना, इंडस्ट्रियल ईको सिस्टम, औद्योगिक क्षेत्र भूमि वितरण, उद्योग संवर्धन नीति 2014 और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर एवं एक्सप्रेस वे सहित विभिन्न कार्यों का प्रेजेंटेशन दिया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाएं: मुख्यमंत्री

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात मंत्रालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान झाबुआ और रीवा के हितग्राहियों से वीसी के माध्यम से संवाद में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी को विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाकर इसके लाभ को जन-जन तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री यादव ने रीवा जिले के ग्राम अगडाल की सुखिया केवट और झाबुआ में ग्राम भूरा डाबरा के जवान सिंह से केंद्र सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली। हितग्राहियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण उन्हें पक्का मकान मिला, घर में शौचालय बना और उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन भी मिला। उन्होंने बताया कि किसान सम्मान निधि के लाभ के साथ उनका आयुष्मान कार्ड भी बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने सभी से विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी और लाभ जन-जन को पहुंचाने के लिए प्रयास करने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक वर्णवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री आज जबलपुर में करेंगे 409.53 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 जनवरी को जबलपुर में 409.53 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। वे 100.66 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और 308.87 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 5 बजे कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 10.50 बजे रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद 11.15 बजे कानून एवं व्यवस्था पर जबलपुर संभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। इसके बाद 12 बजे वे विकास कार्यों के संबंध में जबलपुर संभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 2.45 बजे जन आभार यात्रा में भाग लेंगे एवं गेरीसन ग्राउंड पर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। विकास कार्यों में कौशल विकास, चिकित्सा शिक्षा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभागों के कार्य शामिल हैं।

### कई निर्माण कार्यों का भूमिपूजन होगा

इनमें बरगी जिला जबलपुर में 3 ट्रेड आईटीआई का भवन निर्माण कार्य, एनएससीबी मेडिकल कॉलेज जबलपुर में स्नातक प्रवेश क्षमता 150 से 250 सीटर उन्नयन, शारदा नगर पार्क में रांझी वन विहार निर्माण कार्य (मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना), रानी अवन्ती बाई वार्ड चग्गर फर्मा कॉलोनी एवं राजुल सिटी से स्वर्ण भूमि मुख्य मार्ग में एम 30 सीमेंट सड़क निर्माण, महाराजा अग्रसेन वार्ड अंतर्गत अहिंसा चौक से वासु डेरी होते हुए साइबर जंक्शन तक एम 30 सीसी रोड, संभाग क्रमांक 14 अंतर्गत महाराजा अग्रसेन वार्ड गरबा स्कीम नं 5/14 में विभिन्न स्थानों पर एम 30 सीसी सड़क निर्माण कार्य समिति, 750 एमएम पाइप लाइन राजुल काम्प्लैक्स आगा चौक से 300 एमएम पाइपलाइन सर्वोदय नगर तक एवं विभिन्न स्थानों पर पाइपलाइनों का कार्य, जबलपुर स्मार्ट रोड फेस 1 (राइट टाउन रोड), जबलपुर स्मार्ट रोड फेस 2 (गोलबाजार रोड) और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल महाविद्यालय जबलपुर में 85 पीजी सीट वृद्धि निर्माण कार्य शामिल हैं।

*विस अध्यक्ष ने किया हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ*

## खेल का अनुशासन हर क्षेत्र में लाने से बनेगा श्रेष्ठ भारत: तोमर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को राजधानी के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम पर आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालयीन हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर तोमर ने कहा कि खेल में अनुशासन का बहुत महत्व है, यही अनुशासन यदि हर क्षेत्र में हो तो हमारा भारत बहुत जल्दी श्रेष्ठ भारत बन सकता है।

तोमर ने कहा कि वैसे तो व्यक्ति के जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व है, लेकिन शिक्षा के साथ-साथ खेल का भी महत्व है। मुझे प्रसन्नता है कि रवींद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ ही खेल, संस्कृति, तकनीकि, कौशल विकास के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर रही है।

### अनुशासन खिलाड़ी को सफलता देता है

*तोमर ने कहा कि यदि किसी प्रतियोगिता में खिलाड़ी अनुशासन का प्रदर्शन न करें तो वह प्रतियोगिता पूर्ण रूप से सफल नहीं हो सकती है। खेल के मैदान में प्रतिस्पर्धा को सफल बनाने के लिए जब हम मैदान में हैं तो हमारी प्रमुख भूमिका अनुशासन की है। यही अनुशासन खिलाड़ी को सफलता दिलाता है और उसे गौरव की अनुभूति भी कराता है। इस अवसर पर स्कोप ग्लोबल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सिद्धार्थ चतुर्वेदी, संचालक खेल एवं युवक कल्याण विभाग रवि गुप्ता, पूर्व ओलंपियन एवं अर्जुन अवार्डी अशोक ध्यानचंद, रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलपति रजनीकांत, आलंपियन एवं हॉकी के क्षेत्र में अर्जुन अवार्ड से सम्मानित विवेक सागर प्रसाद एवं अन्य गणमान्य नागरिक, देशभर से आई हॉकी टीमों के खिलाड़ी, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे।*

आइडियोलॉजी को घर-घर ले जाना चुनौती

## पीसीसी चीफ की डेडलाइन खत्म, अब राष्ट्रीय अध्यक्ष को देंगे विनिंग फार्मूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंगलवार को कई मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। पटवारी ने कहा कि 50% वोट शेयर, संगठन को मजबूत करना और आइडियोलॉजी को घर-घर ले जाने की दिशा में हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'मैं नहीं बल्कि हम' के सूत्र वाक्य के साथ आगे बढ़ेंगे। चीफ के नाम के ऐलान के बाद पार्टी ने रूपरेखा तैयार करने के लिए समय दिया था। दो सप्ताह से अधिक समय के बाद पटवारी की डेडलाइन खत्म हो गई है। उन्हें पार्टी को लोकसभा चुनाव का विनिंग फार्मूला देना होगा। पटवारी ने बताया कि 4 जनवरी को राष्ट्रीय स्तर की बैठक दिल्ली में होनी है, जिसमें सभी प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष शामिल होंगे। इसमें लोकसभा चुनाव समेत राहुल गांधी की यात्रा को लेकर चर्चा होगी। भारत न्याय यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि जल्द ही यात्रा फाइनल होगी और उसके बारे में जानकारी दी जाएगी।

## गंदगी फैलाने वालों पर निगम ने फाइन किया

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को उच्चस्तरीय बनाने हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध स्पाट फाइन की कार्रवाई भी की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम अमले ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 48 प्रकरणों में 39 हजार 100 रुपए स्पाट फाइन के रूप में वसूल किए।

निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए के निर्देश पर निगम का स्वास्थ्य विभाग का अमला साफ-सफाई कार्य के साथ ही अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में सतत रूप से निगरानी भी कर रहा है। निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन 14 के अमले ने सार्वजनिक स्थानों पर सीएंडडी वेस्ट फैलाने एवं पॉलीथिन का उपयोग करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 41 प्रकरणों में 36 हजार 900 रूपये की राशि स्पाट फाईन के रूप में वसूल की जबकि जोन 6 के अमले ने पॉलीथिन के उपयोग, सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैंकने, आग जलाने व खुले में लघुशंका करने वालों के विरूद्ध स्पाट फाइन की कार्यवाही की गई।

ग्वालियर-बेंगलुरु, जम्मू, हैदराबाद रूट पर विमान सेवा

# रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम: प्रदेश में सस्ती विमान सेवाएं देने के प्रयास, इंदौर से अंतरराष्ट्रीय उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के नागरिकों को सस्ती विमान सेवाएं उपलब्ध कराने के मकसद से रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम संचालित की जा रही है। इससे प्रदेश में पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों सहित रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। स्कीम के तहत उड़ाने संचालित करने वाली इच्छुक निजी वैमानिक संस्थाओं को 20 प्रतिशत राशि वाइबिलिटी गेप फंडिंग के रूप में दी जा रही है।

भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी योजना में ग्वालियर से बेंगलुरु, कोलकाता, जम्मू तथा हैदराबाद रूट पर विमान सेवा संचालित हो रही हैं। बिलासपुर रूट पर भी हवाई सेवा संचालित हो रही है।

### हवाई पट्टियों का पायलट प्रशिक्षण में हो रहा उपयोग

प्रदेश में स्थित शासकीय हवाई पट्टियों को पायलट प्रशिक्षण, एयरो-स्पोर्ट्स तथा अन्य उड्डयन गतिविधियों के लिए भी उपयोग किया जा रहा है। प्रदेश की रीवा, रतलाम, मंदसौर, छिंदवाड़ा, उमरिया, बालाघाट, सागर, गुना और सिवनी स्थित हवाई पट्टियां निर्धारित शुल्क पर आवंटित की गई हैं। साथ ही प्रदेश में एयरक्रॉफ्ट रिसाइकिलिंग और हेलिकॉप्टर अकादमी की सुविधाएं विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



### इंदौर विमानतल कस्टम नोटिफाइड एयरपोर्ट घोषित

इंदौर विमानतल को कस्टम नोटिफाइड एयरपोर्ट घोषित किया गया है। इंदौर विमानतल से अंतरराष्ट्रीय उड़ान दुबई के लिए संचालित हो रही है। इस विमानतल से कॉर्गो सेवा भी संचालित हो रही है। इंदौर विमानतल से दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकाता, हैदराबाद और मुम्बई के लिए विमान सेवाएं संचालित की जा रही हैं।

### रीवा हवाई पट्टी का विस्तार

रीवा हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे बोईंग जैसे बड़े विमानों की आवाजाही हो सकेगी। रीवा के नजदीक उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहर मध्यप्रदेश से वायु सेवा से जुड़ जाएंगे। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने रीवा हवाई पट्टी को उड़ान योजना के तहत विकसित करने के लिए चिन्हित किया है। इसके लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को उनकी मांग के अनुसार आवश्यक भूमि आवंटित की जा चुकी है।

मालती राय ने शहर के नागरिकों के प्रति किया आभार व्यक्त

# महापौर हेल्पलाइन को एक वर्ष पूरा, 35 हजार नागरिकों की शिकायतों का घर बैठे निराकरण

शिकायतों के निराकरण पर निगमकर्मियों का उत्साहवर्धन करने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के नागरिकों की शिकायतों का घर बैठे ही निराकृत करने के लिए महापौर मालती राय के द्वारा 1 जनवरी 2023 को प्रारंभ की गई 'महापौर हेल्पलाइन' को पूरा एक वर्ष हो गया। बीते एक वर्ष में शहर के लगभग 35 हजार नागरिकों ने घर बैठे अपनी शिकायतों का त्वरित निराकरण की सुविधा प्राप्त की है।

### महापौर ने शिकायतों को लंबित न रहने देने के दिए निर्देश

*साप्ताहिक समीक्षा की और नागरिकों की शिकायतों को और अधिक त्वरित गति व संतुष्टिपूर्ण ढंग से निराकृत करने, शिकायतों को लंबित न रहने देने के निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में महापौर हेल्पलाइन की समीक्षा की व नागरिकों की शिकायतों एवं उनके निराकरण संबंधी जानकारी प्राप्त की। लंबित शिकायतों के संबंध में अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की और लंबित शिकायतों को तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिए। महापौर को अवगत कराया गया कि दिसम्बर माह में 3405 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 2969 शिकायतों को निराकृत कर दिया गया है।*

### निगमकर्मियों का बढ़ाए उत्साह

उन्होंने हेल्पलाइन का एक वर्ष होने पर नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही नागरिकों से आह्वान भी किया कि वह अपनी समस्याओं के निराकरण पर निगम कर्मियों का उत्साहवर्धन भी करें।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 3 जनवरी 2024

7 अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में पेट्रोल टैंक...



8 इशिकावा के समुद्र तट से लगे शहर भूकंप से...





1 मंगलवार को शहर के 151 पंपों के लिए 130 टैंकर रवाना

2 दूसरे दिन भी दूध सप्लाई रही प्रभावित, डेयरियों पर बढ़ी लोगों की भीड़

3 ई-रिक्शा वालों ने यात्रियों से लिया ज्यादा किराया? देरी से दफ्तर पहुंचे लोग



ड्राइवरों ने मंगलवार रात करीब 9:45 बजे प्रशासन के साथ बैठक के बाद खत्म की हड़ताल, दिनभर परेशानियों से जूझते रहे लोग

# सुबह पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी लाइनें ऑटो-बस के इंतजार में ढल गई शाम

*भोपाल।* *हिट एंड रन कानून के खिलाफ ड्राइवर्स की हड़ताल दूसरे दिन मंगलवार को रात करीब 9:45 बजे प्रशासन के साथ बैठक के बाद खत्म हो गई। इससे पहले दिन में शहर में पेट्रोल सप्लाई तो बहाल हो गई, लेकिन करीब एक दर्जन पेट्रोल पंप बंद थे। इधर, सब्जियों के दामों में तीन गुना तक बढ़ोतरी देखी गई। कुछ इलाकों में सांची दुग्ध संघ सहित अन्य कंपनियों के रुटीन दूध सप्लाई पर भी हड़ताल का असर दिखा, जिससे दूध डेयरियों पर भीड़ बढ़ गई। वहीं बसें नहीं चलने से दूसरे राज्यों और शहरों से आने वाले लोग परेशान रहे। ई-रिक्शा चालकों ने मनमाने दाम वसूले।*





बेबस यात्री

यूनियनों को कानून के बारे में प्रशासन ने दी जानकारी

### खुद के वाहनों से सब्जियां लाए

करोंद मंडी में मंगलवार को सब्जियां लेकर गाड़ियां नहीं आईं। विक्रेताओं का कहना है कि कुछ किसान खुद के वाहनों से सब्जी लेकर मंडी आए हैं, जिससे 70 प्रतिशत से अधिक फल व सब्जी की आवक पर असर पड़ा है। इस कारण सब्जी व फल महंगे हो गए हैं। इधर, हड़ताल को समाप्त करने के लिए बैठक हुई। अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजौरा ने ट्रक, स्कूल एवं बस ऑपरेटर यूनियन के को प्रावधानों से अवगत कराकर सेवाएं जारी रखने हड़ताल समाप्त करने चर्चा की।

### दुध सप्लाई के लिए दूसरे ड्राइवरों को बुलाया

मंगलवार दिन में हालात बिगड़ते देख भोपाल दुग्ध संघ और अमूल ने दूध की कुछ सप्लाई की है। हालांकि शहर के कई इलाकों में दूध नहीं पहुंचा, जिससे लोगों को दूध डेयरियों पर जाना पड़ा। राजधानी में सांची दूध की सप्लाई प्रतिदिन करीब ढाई लाख लीटर है। वहीं, अमूल दूध की खपत 70 हजार लीटर प्रतिदिन है। खुले दूध की खपत प्रतिदिन 6 से 8 लाख लीटर तक है। दुग्ध संघ के एमडी सतीश कुमार ने बताया कि कई ड्राइवर्स को बुलाया है।

### *टमाटर के दाम बीस से साठ रुपए प्रति किलो पहुंचे*

*सोमवार को जो टमाटर बीस रुपए किलो मिल रहा था, वह साठ रुपए हो गया है। अदरक 60 से 180, मिर्च 30 से 100, आलू 25 से 60, गोभी 35 से 60, खीरा 20 से 50, करेला 30 से 80, भिंडी 30 से 70, लौकी 25 से 50 और गिलकी के दाम 40 से बढ़कर 80 रुपए हो गए हैं।*



*निजी वाहनों से लोग पहुंचे गंतव्य*

# दूसरे दिन भी नहीं चली ओला उबर, मैजिक समेत सिटी बसें



### सड़कों पर दोपहिया वाहन ज्यादा नजर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिट एंड रन कानून के विरोध में चालकों की हड़ताल दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी है। इसके चलते भोपाल से प्रदेश के अन्य जिलों में जाने वाली यात्री बसों के साथ ही लोकल ट्रांसपोर्ट के तहत सिटी बसें, ओला-उबर टैक्सी,ऑटो व मैजिक टैक्सी के पहिए थमे रहे। इसके चलते लोगों को सरकारी व निजी ऑफिसों में पहुंचने के लिए खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बसों के बंद होने से दूसरे जिलों से भोपाल व यहां अन्य जिलों में नौकरी करने वाले सैकड़ों की संख्या में लोग नहीं जा सके। उधर, नगर सेवा की भी बसें व ऑटो-मैजिक टैक्सी नहीं चलने के कारण बड़ी संख्या में लोग सुबह अपने दोपहिया वाहनों से कार्यस्थलों की निकलते नजर आए। राजधानी से सटी औद्योगिक नगरी मंडीदीप की ओर जाने वाले मार्ग पर आम दिनों के मुकाबले कई गुना ज्यादा दोपहिया वाहन नजर आए।

### ऑटो यूनियन भी रही हड़ताल पर

**डिपो और बस स्टैंड पर खड़ी रही यात्री बसें**

बस ड्राइवरों की यह हड़ताल दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही। इसके चलते अधिकांश बसें स्टैंड पर खड़ी नजर आई। भोपाल से मुंबई, पुणे, इंदौर सहित अन्य शहरों में जाने वाली चार्टर्ड बसें मंगलवार को भी नहीं चली। इसी तरह भोपाल से प्रदेश के अन्य शहर पर छोटे रूटों पर चलने वाली छोटे रूटों बसों के पहिए थमे रहे। भोपाल से इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, विदिशा, रायसेन, सिरोज, सीहोर, देवास, शाजापुर आदि जिलों में जाने व आने वाले लोगों को खासी परेशानी हुई।



### बस चालक को दिया था हड़ताल को अपना समर्थन

एमपी बस ऑपरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने बताया कि ऑल इंडिया स्तर पर चालक-परिचालकों द्वारा की जा रही हड़ताल के समर्थन में मप्र के बस चालकों द्वारा हड़ताल की जा रही है। हमारी ओर से बस चालक-परिचालकों से बसों के संचालन को लेकर बात की। हालांकि रात में बैठक कर हड़ताल खत्म पर सहमति बन गई है। अब आगे समय में बसों का संचालन होगा।

## ड्यूटी चार्ट जारी होने के बाद भी बसें नहीं चलाई, ड्राइवर बोले- तोड़फोड़ का है डर

*हिट एंड रन केस को लेकर केंद्र सरकार के नए कानून के विरोध में ट्रक व बस चालकों की हड़ताल के साथ ही बीसीएलएल की सिटी की 360 बसों के साथ ही बाहर जाने वाली 200 बसें दूसरे दिन भी नहीं चलीं। चालक व परिचालकों का कहना है कि उनकी बसों में तोड़फोड़ न हो जाए, इसलिए नहीं चला रहे। कंपनी के पीआरओ संजय सोनी के अनुसार इन चालक व परिचालकों को कहा जा रहा है कि सुरक्षा व्यवस्था के पूरे इंतजाम हैं, लेकिन इसके बाद भी बस को डिपो से बाहर निकालने में वो कतरा रहे हैं। बता दें कि मंगलवार को टर्मिनल व डिपो में 700 से ज्यादा बस खड़ रही।*

### पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक, स्थिति सामान्य हो गई है

भोपाल में रोजाना करीब 10 लाख लीटर तक पेट्रोल और डीजल की खपत होती है। रात में ही डिपो के टैंकरों के जरिए सप्लाई हो गई थी। अभी स्थिति सामान्य है। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। एसडीएम, तहसीलदार और खाद्य विभाग के अधिकारियों को तैनात किया है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। पंपों पर पर्याप्त पेट्रोल-डीजल है।

**आशीष सिंह**, कलेक्टर

हड़ताल के कारण सिटी बसें, टैक्सी, ऑटो नहीं चलने से लोग परेशान हुए, यात्रियों ने अपनी परेशानियां बयां की..

**दो दिन से देर से पहुंच रहे ऑफिस**

बस चालकों की हड़ताल के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना ऑफिस देर से पहुंच रहे हैं। ऑटो चालक प्रति सवारी 100 रुपए ले रहे हैं। जबकि सामान्य दिनो में 30 रुपए प्रति सवारी लेते हैं।

**सीआर नामदेव**, अवधपुरी

**स्टेशन तक आने-जाने में दिक्कत**

मंगलवार सुबह भोपाल स्टेशन सिटी बस से जाने के लिए निकला, पर हड़ताल से बस नहीं आई। ऑटो कैब कुछ भी नहीं मिला। इसके बाद घर से बाइक निकाली तो सुबह के 11 बज गए थे। एक घंटा देरी से भोपाल स्टेशन अपनी ड्यूटी पर पहुंच पाया।

**नवनीत सिन्हा**, हबीबगंज

**कोलार से अस्पताल तक ऑटो नहीं मिला**

स्वास्थ्य विभाग जेपी अस्पताल प्रांगण में शिफ्ट हो गया है। कोलार से वहां तक अभी तक वैन से जाते थे, लेकिन हड़ताल के चलते हुए अब न तो वैन मिल रही और न ही बस। ऑटो भी नहीं मिल रहे, जिससे दो दिन की छुट्टी लेनी पड़ी।

**वंदना गौर**, कोलार

**ऑफिस लेट पहुंचे मिल गया पेट्रोल**

हड़ताल का पता सोमवार शाम को घर जाते समय लगा। मंगलवार सुबह पेट्रोल पंप पहुंचे, लेकिन यहां पर सुबह भी कुछ भीड़ थी, तो आधा घंटा लग गया, जिससे ऑफिस देर से पहुंचे। हालांकि पेट्रोल मिलने में कोई परेशानी नहीं हुई।

**दिनेश कुमार गुप्ता**, आनंद नगर

**ज्यादा किराया लिया**

भोपाल में निजी कंपनी में काम करता है। हड़ताल के चलते ई-रिक्शा ही मिला। जिसने एमपी नगर तक छोड़ने के लिए 150 रुपए मांगे। तब चार लोग ग्रुप में जाने के तैयार हुए,तो 100 रुपए में छोड़ा।

**विपिन अवस्थी**, बीना

**पेट्रोल मिलने से राहत**

सोमवार को पेट्रोल पंपों पर भीड़ थी, इसलिए सुबह जल्दी पेट्रोल लेने गए। वहां कुछ देर से ही सही, लेकिन पेट्रोल मिल गया, दोपहर में पंपों पर कोई भीड़ नहीं दिखी। पेट्रोल मिलने से कोई परेशानी नहीं हुई।

**रमेश शाक्य**, अयोध्या नगर

### चक्काजाम कर रहे ट्रक चालकों पर एफआईआर दर्ज

ट्रक चालकों ने सोमवार को ट्रांसपोर्ट नगर में भी प्रदर्शन किया। भोपाल बायपास को बंद कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जाम को खत्म किया। इस दौरान करीब दो घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहे। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात 10-15 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बिलखिरिया थाना प्रभारी कुवंर सिंह मुकाती का कहना है कि चक्काजाम के दौरान शरारती तत्व शराब के नशे में उत्पात मचा रहे थे। उनकी तलाश की जा रही है।

बच्चों को स्कूल छोड़ने और लेने के लिए अभिभावकों ने मोर्चा संभाला किसी ने एक घंटे तो किसी सारे दिन की ली छुट्टी

## स्कूल बस, वैन चालकों की हड़ताल से कड़ाके की सर्दी में बच्चों को लेकर पहुंचे स्कूल पेरेंट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हड़ताल के चलते राजधानी में स्कूली बस व वैन बंद होने के कारण मंगलवार को बच्चों को स्कूल छोड़ने और लेने के लिए अभिभावकों ने मोर्चा संभाला। वे सुबह जल्दी उठे और अपने बच्चों को खुद की गाड़ियों से लेकर स्कूल पहुंचे। दोपहर जब छुट्टी हुई तो फिर गेट पर खड़े हो गए। कड़ाके की सर्दी में बच्चों के साथ अभिभावकों भी परेशान होना पड़ रहा है, तो वहीं पैक बसों से जाने वाले बच्चों को खुली हवा में दोपहिया से जाना पड़ा है। इसके चलते अभिभावकों को बच्चों के बीमार होने सर्दी लगाने का डर सता रहा है।





### प्रशासन के साथ हुई वैन, बस चालकों की बैठक

हड़ताल के चलते अभिभावकों को बच्चों को स्कूल छोड़ने व लाने जाना पड़ा। वहीं जिला प्रशासन की ओर से स्कूल बस व वैन संचालकों के साथ मीटिंग कर बुधवार से नियमित बसों व वैन का संचालन करने की बात कहीं है। बताया जा रहा है कि बुधवार को अधिकतर स्कूल खुलेंगे। स्कूलों की बसें चलेंगी।

### जब कलेक्टर बोले- औकात क्या है तुम्हारी, कानून हाथ में न ले

शाजापुर में वाहन चालकों ने प्रदर्शन किया। कलेक्टर किशोर कन्याल ने वाहन चालकों को समझाइश देने के लिए बुलवाया, लेकिन बैठक के दौरान एक चालक ने कलेक्टर से बोला, अच्छे से बोलो। इस पर कलेक्टर ने कहा, तुम्हारी औकात क्या है। कोई भी कानून अपने हाथ में न लें। कुछ देर बाद ड्राइवर ने कलेक्टर से माफी मांगी।

**नौकरी, इलाज के लिए शहर आए लोग परेशान**

## दूसरे जिलों से आए यात्री रिश्तेदार दोस्तों के यहां रुकने के लिए मजबूर, हजारों ने होटल व लॉज में लिए रूम

हजारों ऐसे लोग जो शहर में नौकरी, इलाज सहित अन्य काम से आए थे। अब उन्हें होटल व लॉज में रूम लेकर रुकना पड़ रहा है।



### भोपाल के होटल व लॉज हुई फुल

हड़ताल के चलते हजारों की संख्या में दूसरे जिलों से बसों से अप-डाउन करने वाले लोग यातायात संसाधनों के अभाव में घर नहीं जा सके। इसके चलते मजबूरी में लोगों को भोपाल में अपने रिश्तेदार, मित्रों के रुकना पड़ रहा है। तो वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने होटल व लॉज में रुम लेकर रहने को मजबूर है। सबसे अधिक परेशानी भोपाल के नजदीकी जिले सीहोर जिले के लोगों को परेशानी हो रही है। क्योंकि इस रूट की ट्रेनें नहीं चल रही है। दरअसल बैरागढ़ रेलवे स्टेशन इंटर लॉकिंग कार्य के चलते लगभग 38 ट्रेनें रद्द हैं, जिसमें सीहोर स्टेशन पर रुकने वाली कई ट्रेनें भी रद्द की गई है।

### एमपी नगर तक छोड़ने 150 रुपए मांगे

ज्यादातर इलाकों में ऑटो व ई रिक्शा चले। लेकिन इन चालकों ने तय किराए से अधिक पैसे लिए। रेलवे स्टेशन क्षेत्रों पर ट्रेनों से आने वाले यात्रियों ई-रिक्शा चालकों ने फायदा उठाते हुए अधिक किराया वसूला। भोपाल स्टेशन से एमपी नगर तक छोड़ने के लिए 100 से 150 रुपए मांगे।

### बीमार, बुजुर्ग को सेवाएं देंगे ऑटो ड्राइवर

सर्वधर्म आटो चालक संघ अध्यक्ष आदिल खान ने बताया कि ऑटो चालक भी हड़लात का समर्थन करते हुए ऑटो नहीं चला रहे है। लेकिन बुजुर्ग, कमजोर और बीमार लोगों को छोड़ने के लिए कुछ इलाकों में ऑटो का संचालन कर रहे हैं।

दुकान खुली मिलने पर होंगी सील

## पुराने शहर में कराई मुनादी रात 11 बजे बंद होंगी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर में देर रात तक दुकानें खोलने की शिकायत के बाद जिला प्रशासन और पुलिस ने सख्ती दिखाना शुरु कर दिया है। जिसके तहत मंगलवार को सिटी एसडीएम अमन मिश्रा, एसीपी कोतवाली अनीता प्रभा शर्मा सहित नगर निगम के अमले ने पुराने शहर के बुधवारा, इब्राहिमपुरा सहित अन्य इलाकों में रात ग्यारह बजे दुकानें बंद करने की मुनादी कराई। हालांकि मेडिकल और अस्पतालों को टाइम लिमिट में छूट दी गई है।



एसीपी ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशों के तहत बुधवार से शहर के बाजारों को रात 11 बजे बंद कर दिया जाएगा। शराब दुकानों को रात 11.30 बजे तक खोला जा सकेगा। अफसरों का कहना है कि नगर निगम के ट्रेड लाइसेंस के तहत रात 11 बजे दुकानों को बंद किया जाना चाहिए। लेकिन पुराने शहर के बाजार देर रात तक खोले जा रहे है। बुधवार से पुलिस की टीम इन दुकानों की निगरानी करेगी। तय समय के बाद तक खुलने वाली दुकानों को सील किया जाएगा।

राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास मीडिया से हुए रूबरू

# राम राज्य आ रहा, प्राण प्रतिष्ठा और 2024 के आम चुनाव दोनों होंगे शुभ

एजेंसी ▶▶| अयोध्या



राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि यह नया साल 2024 बहुत महत्वपूर्ण होगा क्योंकि राम लला अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान होंगे तथा आम चुनाव होंगे और दोनों 'शुभ' होंगे। शहर के रामघाट इलाके में स्थित अपने आवास पर सोमवार मीडिया से बातचीत में वयोवृद्ध पुजारी ने अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा, न सिर्फ शांति बल्कि, राम राज्य आ रहा है। राम लला गर्भ गृह में विराजमान होंगे। उन्होंने एक चौपाई को उद्धृत करते हुए कहा, राम राज बैठे त्रैलोका, हर्षित भय, गए सब सोका। दास ने कहा, दुख, पीड़ा, तनाव सब समाप्त हो जाएगा और हर कोई खुश होगा। 'राम राज्य' शब्द का इस्तेमाल आदर्श शासन के लिए किया जाता है जहां हर कोई खुशहाल हो। आरती के लिए राम जन्मभूमि मंदिर स्थल रवाना होने से पहले आचार्य दास ने कहा, नववर्ष पर सभी देशवासियों को मेरी बधाई एवं शुभकामनाएं। परंपरा के अनुसार, दोपहर में 'भोग आरती' की जाती है। दास ने कहा कि होली, रामनवमी, बसंत पंचमी, नववर्ष और स्वतंत्रता व गणतंत्र दिवस जैसे विशेष अवसरों पर राम लला को 'छप्पन भोग' लगाया जाता है। राम मंदिर के मुख्य पुजारी ने कहा, इसलिए, नया साल बहुत अच्छा रहेगा। उनके सहयोगी ने बताया कि सोमवार को राम लला को अर्पित किया गया 'छप्पन भोग' लखनऊ की एक बहुत पुरानी दुकान से एक विशेष रूप से बनाए गए बॉक्स में आया था, जिस पर भगवान राम और आगामी मंदिर का चित्रण किया गया था। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों उसी जगह से प्रसाद आ रहा है। यह नया साल महत्वपूर्ण है।

### छत्तीसगढ़ में 22 को ड्राई डे

इधर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 22 जनवरी श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन संपूर्ण छत्तीसगढ़ में ड्राई डे घोषित किया है। इस दिन प्रदेशभर की शराब दुकानें बंद रहेंगी।

### 2024 में होंगे बहुत से काम

इस साल राम मंदिर के आगे के निर्माण के बारे में पूछे जाने पर आचार्य दास ने कहा, 2024 में बहुत काम होना है। एक तो यह कि राम लला गर्भगृह में विराजमान होंगे। लोकसभा चुनाव भी इस वर्ष, 2024 में होंगे, और ये सभी शुभ और अच्छे होंगे।


**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल मंडल भोपाल पुराना सचिवालय भोपाल**

दूरभाष - 0755-2738774 E-Mail_ID - seresbhopal@mp.gov.nic.in

क्रमांक -2328 **निविदा विज्ञप्ति क्र.- : 10/2023-24** दिनांक :- 29.12.2023

मंडल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ग्रायांसे संभागीय कार्यालय | सिस्टम टेण्डर नम्बर | आमंत्रण का क्रम | कार्य का नाम | निर्माण कार्यो की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भोपाल | 2023_RES_322878_1 | प्रथम | जनपद पंचायत फंदा के ग्राम मेंडोरा में अपशिष्ट जल (ग्रे वाटर) के व्यवस्थित निपटावन हेतु टी वाट्स संरचना निर्माण कार्य। (35 केएलडी एंव 70 केएलडी) | 26.84 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट), वेबसाईट : https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय प्रारंभ करने की तिथि 04.01.2024 समय 18:00 बजे है। निविदा (बिड) प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 19.01.2024 समय 18.00 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखा जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएँ केवल वेबसाइट पर दी जावेगी। प्रथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
भोपाल मण्डल भोपाल

जी-22508/23

देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले।













## राशिफल

**मेष** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।


**आवश्यकता**

ऑल MP CG एयरपोर्ट हेतु पक्की जॉब लड़के-लड़कियां अनपढ़/ 8 वीं, 10 वीं, 12 वीं, ग्रेजुएट लोडर, हेल्पर, ड्रायवर, ग्राउंड सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, रहना खाना फ्री + (कैब सुविधा) सैलरी 35,500/- से 85,500/- 9625271611 R- 01,02,03,04/01/2024

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम KAMLESH KUMAR SONI था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर KAMLESH SONI हो गया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम KAMLESH SONI से जाना व पहचाना जाए। पता : सी- 42, जय भवानी फेस - 2, बावड़ियां कलां, एक्सटोल कालेज के पास, रोहित नगर, फेस - 2, भोपाल (म.प्र.) - 462039

**CHANGE OF NAME**

I SHEK NAUSHAD w/o Army No. 14659052F Rank - HMT, Name Biram Saheb Residing at -1271 village Rajeev Nagar Post Udayagiri Tehsil and Post Mysuru State Karnataka Pin Code -570019 have changed my Name from Shek Naushad to Shaik Naushad vide affidavit dated 28/12/2023 at Bhopal Court Madhya Pradesh.

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक


वैवाहिक विवाद मामले में केंद्र ने दी नई सुविधा

# आईसीयू में भर्ती के लिए परिजनों की मर्जी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि महिला कर्मचारी वैवाहिक विवाद के मामले में पति के बजाय अपने बच्चे या बच्चों को पारिवारिक पेंशन के लिए नामांकित कर सकेंगी। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 का नियम 50 सरकारी कर्मचारी या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद पारिवारिक पेंशन देने की अनुमति देता है। यदि किसी मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की जीवित पति या पत्नी हैं, तो पारिवारिक पेंशन सबसे पहले पति या पत्नी को दी जाती है। नियमों के अनुसार, मृत सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी के जीवन साथी के पारिवारिक पेंशन के लिए अयोग्य हो जाने या उसकी मृत्यु हो जाने पर ही परिवार के अन्य सदस्य अपनी बारी पर पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र बनते हैं। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने अब नियमों में संशोधन किया है और एक महिला कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन के लिए अपने पति के बजाय अपने बच्चे/बच्चों को नामांकित करने की अनुमति दी है। यह संशोधन एक महिला सरकारी कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन पति के बजाय उसके पात्र बच्चे को वितरित करने की अनुमति देता है।




### देश में आईसीयू बेड की किल्लत

भारत में तकरीबन एक लाख आईसीयू बेड्स हैं, जो ज्यादातर बड़े शहरों के प्राइवेट अस्पताल में है। जाने-माने वकील और पब्लिक हेल्थ एक्टिविस्ट अशोक अग्रवाल ने बताया, गरीब जो प्राइवेट अस्पताल का खर्च नहीं उठा सकते, उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है। कई बार वो आईसीयू बेड पाने में नाकाम रहते हैं।

## पेज एक का शेष

### ड्राइवरों की 'हड़ताल'...

अभी कार्रवाई नहीं होगी। अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस के अध्यक्ष अमृत लाल मदन ने गृह सचिव के साथ बैठक के बाद गतिरोध खत्म करने की अपील की। उन्होंने ड्राइवरों से कहा कि आप सिर्फ हमारे ड्राइवर नहीं, सैनिक हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वस्त किया है कि सरकार, कानून के तहत 10 साल की सजा और जुर्माने के प्रावधान पर रोक लगाएगी।

### प्रदेश में पेट्रोल-डीजल...

भोपाल सहित पूरे प्रदेश में पंप डीलरों ने ईंधन परिवहन का मोर्चा संभाला। सोमवार रात में ही भोपाल में 30 टैंकर पंपों पर पहुंच गए थे। मंगलवार को 130 टैंकर भेजे गए हैं, जिससे पंपों की स्थिति में सुधार हुआ। हालांकि, मंगलवार शाम तक राजधानी के करोंद मंडी, पीपुल्स मॉल के पास दो, एयरपोर्ट रोड, गोविंदपुरा, अयोध्या बाईपास के पेट्रोल पंप बंद रहे। लाल परेड के सामने पुलिस पेट्रोल पर पंप ऑपरेटर ने बेरिकेड लगाया और लोगों को पेट्रोल- डीजल देने से मना किया। इसी दौरान मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सरकार को हड़ताल खत्म कराने के निर्देश दिए। दो याचिकाओं पर मंगलवार को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने कहा कि हड़ताल को तुरंत खत्म करवाया जाए। ये याचिकाएं नागरिक उपभोक्ता मंच और अखिलेश त्रिपाठी की ओर से दायर की गई हैं।

**भोपाल सहित 11 जिलों में 3.10 लाख लीटर दूध की सप्लाई: -** भोपाल दुग्ध संघ के सीईओ आरपीएस तिवारी ने बताया कि मंगलवार को भोपाल दुग्ध संघ ने भोपाल सहित 11 जिलों में 3.10 लाख लीटर दूध की सप्लाई की। अजय सिंह और नकुल शर्मा के अनुसार मंगलवार को राजधानी भोपाल के तेल कंपनियों के डिपो से मंगलवार को 70 टैंकर, जबलपुर डिपो से 80 टैंकर, ग्वालियर डिपों से 60 टैंकर, इटारसी डिपो से 40 टैंकर, बीना-सागर डिपो से 150 टैंकर और रतलाम डिपों से 119 टैंकर डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति हुई।

### अफसरों के दस्तों को...

डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अफसरों का कहना है कि प्रदेश में कहीं भी पैनिक स्थिति नहीं है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर समेत सभी शहरों में मैदानी अधिकारियों को लगा दिया गया है।

### राम जी करवाएंगे...

हिमंत बिस्व सरमा मौजूद थे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा, बीएल संतोष, सुनील बंसल, विनोद तावड़े, तरुण चुघ, दुष्यंत गौतम भी मौजूद थे। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश से भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल और राजेश्वर सिंह भी बैठक के लिए पहुंचे थे। बैठक में तकरीबन 150 लोग शामिल थे। अयोध्या में राम मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।

### राम मंदिर के दर्शन ...

कहा कि सबको अच्छे से दर्शन करवाना है। इस दौरान किसी भी तरीके का भेदभाव नहीं होना चाहिए। इन 50 हजार लोगों की रुकने की व्यवस्था अयोध्या में भाजपा नेताओं की तरफ से की जा रही है। श्रद्धालुओं के अयोध्या आने के लिए रोजाना 35 ट्रेनें भी चलाई जाएंगी, ये ट्रेनें 430 शहरों से चलाई जाएंगी। वर्तमान में 37 ट्रेनें रोजाना अयोध्या से गुजर रही हैं। बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा गया कि भाजपा हर बूथ से आम लोगों को राम मंदिर के दर्शन करने के लिए लोगों को भेजेगी। सभी लोग अपने पैसे से ही दर्शन करने जाएंगे। भाजपा नेता सिर्फ सहयोग और व्यवस्था करेंगे, जिसके लिए राज्य, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर संयोजक नियुक्त किया गया है। नड्डा ने यह भी कहा कि राम मंदिर के दर्शन के लिए जाने वाले लोग भाजपा के झंडे का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

### देश भर में राम...

लगातार विरोध करते रहे हैं। इसके लिए पार्टी बुकलेट भी छापेगी।

### एनएचएम की...

के क्या इंतजाम किए हैं। सबसे दिलचस्प यह कि एनएचएम में साइबर अटैक की जानकारी भी अफसरों को तीन दिन बाद हुई, जब साइबर सुरक्षा के अधिकारियों ने उन्हें आगाह किया। अब हालांकि अधिकारी कह रहे हैं कि उनक प्रॉक्सी सर्वर में अटैक हुआ है। मेन सर्वर पूरी तरह से सुरक्षित है। इसे लेकर मंगलवार को सरकारी वेबसाइट और पोर्टल को साइबर अटैक से सुरक्षित करने के लिए गृह विभाग ने अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। ई-नगर पालिका एप्लीकेशन के बारे में जानकारी बैठक में दी गई।

**3 सालों में 511 पोर्टल को ऑडिट किया:** बैठक में बताया गया कि साइबर सिक्योरिटी को लेकर पिछले 3 सालों में 511 पोर्टल और वेबसाइट को ऑडिट किया गया। 2021 में 120, 2022 में लगभग 80 और 2023 में 140 से ज्यादा पोर्टल वेबसाइट के सिक्योरिटी ऑडिट किए गए हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि 18 अप्रैल तक सही से काम नहीं करने वाले 227 पोर्टल को सरकार की ओर से बंद भी कर दिया गया। बैठक में टेक्निकल टीम के अधिकारियों ने बताया कि अगर अटैक होता है तो किस तरीके से रिकवरी किया जाए इस पर 11 बिंदुओं को लेकर अधिकारियों को जानकारी दी गई।

**इन विभागों के डेटा को सुरक्षित करने पर फोकस:** गृह विभाग, एनर्जी, ट्रांसपोर्ट, ऊर्जा, ट्रेजरी और कमर्शियल टैक्स विभागों को खास-तौर पर सुरक्षित करने के लिए टेक्निकल टीम को निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने कहा कि इन विभागों की बेवसाइट में सबसे ज्यादा कोर डेटा होता है। इसलिए इन विभागों में सिक्योरिटी ऑडिट समय-समय पर कराया जाना चाहिए। अपर मुख्य सचिव गृह डॉ.राजेश राजौरा ने कहा कि साइबर सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की प्राथमिकता है। इसमें कोई भी लापरवाही न की जाए। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए पुख्ता तैयारी की जाए। इस संबंध में अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर जन-जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जाए। प्रदेश के अधिकारियों को अन्य राज्यों में साइबर सुरक्षा के संबंध में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का अध्ययन करने भेजा जाए। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो, पुलिस एवं एनआईसी ने साइबर सुरक्षा पर अपना प्रेजेंटेशन दिया।

### चिट्ठी में आठ राज्यों...

कि 28 दिसंबर की सुबह स्कूल स्टाफ ने मेन गेट खोला तो एक चिट्ठी फंसी मिली थी। स्टाफ ने मुझे लाकर दी। मैंने चिट्ठी को देखा तो सबसे पहले 'अल्लाह हू अकबर' लिखा था। मैंने चिट्ठी पढ़े बिना पुलिस को सूचना दी। पुलिस आई और चिट्ठी ले गई। इसके बाद पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी। बताया जा रहा है कि और भी स्कूलों में इस तरह की चिट्ठी पहुंची है, लेकिन आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस जांच में जुटी एडिशनल एसपी ग्रामीण राजेश रघुवंशी ने बताया, स्कूल को धमकी भरा पत्र मिलने की जानकारी सामने आई है। मैंने स्थानीय पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं। खालवा टीआई ओमेश मार्को ने बताया कि पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर यह किसी की शरारत लग रही है।

**खंडवा के कई जगहों के लिखे नाम:** चिट्ठी में लिखा है कि 26 जनवरी को तुम लोग गणतंत्र दिवस मनाओगे और हम स्कूल को बम से उड़ा देंगे। खंडवा के आनंद नगर, माता चौक, रामनगर, बुधवारा बाजार, बस स्टैंड सहित कई जगह विस्फोट करेंगे। हमारा मकसद दिल्ली छुड़ाना है। जिसके लिए हम कत्लेआम करेंगे। हम प्रधानमंत्री को भी उड़ा देंगे। स्कूलों में जो टीचर और छात्र मरेंगे। चिट्ठी के आखिरी में 8 राज्यों में 26 जनवरी के दिन विस्फोट करवाने की बात लिखी है। दिल्ली में 30 जनवरी की तारीख दी गई है।

### प्रदेश में दिन रहा ...

धुंध का असर बना रहा। भोपाल में प्रदेश भर के मुकावले सबसे घना कोहरा दर्ज हुआ है। यह सीजन का सबसे घना कोहरा रहा। यहां सुबह 8:30 बजे तक विजिबिलिटी केवल 10 मीटर यानि शून्य रही। कुछ जिलों में सुबह से छाए बादल दोपहर बाद से गहराए और गुना, अशोकनगर, शिवपुरी तथा आगर जिलों में कहीं-कहीं देर तक बूंदाबांदी और बौछारें दर्ज हुई हैं। इससे इन जिलों में रात में भी सर्दी का असर बढ़ गया। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार तक कुछ जिलों में बारिश या गरज-चमक की स्थिति बनेगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी और उत्तरी मप्र में कहीं-कहीं बारिश या बूंदाबांदी होगी। इससे इन जिलों में रातें भी सर्द होंगी।

**भोपाल में सबसे कम दृश्यता:** राजधानी में सीजन का सबसे घना कोहरा रहने से सुबह से वाहन रेंगते रहे। सुबह 8:30 बजे तक विजिबिलिटी 10 मीटर ही रह गई। इतना घना कोहरा रहा कि हाथ को हाथ नजर नहीं आ रहा था। इस बीच सर्द हवाओं का असर रहने से दिन की शुरुआत सर्दी में हुई। अलसुबह से बढ़ा कोहरे का असर सुबह 11:30 बजे के बाद तक रहा। जिसकी दृश्यता 50 मीटर से अधिक रही थी। यहां दिन का पारा एक डिग्री से ज्यादा गिरकर 25 डिग्री के करीब रहा, लेकिन सर्द हवाओं का असर बढ़ गया।

### जहर देने का आरोप ...

की राजगढ़ शहर की पीटी कंपनी में एक नाबालिग के साथ रह रहा था, जिस पर खिलचीपुर थाने में धारा-363 आईपीसी का मामला पंजीबद्ध था। बीते दिनों खिलचीपुर थाने की पुलिस राजगढ़ आकर लेकर गई और उसे जेल में निरूद्ध करने से पहले ही उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया और पुलिस हिरासत में ही उसकी तबीयत बिगड़ी। मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, जिसके पश्चात मृत युवक के परिजनों ने पुलिस थाने के सामने शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस पर युवक को जहर देकर मारने और के आरोप भी लगाए गए।

**प्रेम प्रसंग का मामला था:** खिलचीपुर एसडीएम का पदभार संभाल रहे एसडीएम जीएस बघेल ने बताया कि यह एक प्रेम-प्रसंग का मामला था, जिसमें लड़के के विरूद्ध खिलचीपुर थाने में प्रकरण दर्ज था, जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया। उसी दौरान उसने जहरीले पदार्थ का सेवन किया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसी को लेकर परिजनों का आरोप था कि लड़की पक्ष के दबाव में उसने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। इसमें लिप्त पुलिसकर्मियों के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाए, जो की जांच का विषय है। फिलहाल, परिजनों को आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन खत्म करा दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### 27 यात्री घायल, बस...

पुलिस सहित आला अधिकारी पहुंचे और यात्रियों से घटना के विषय में जानकारी ली। बस में फंसे सभी यात्रियों को बस के दो इमरजेंसी गेट तोड़कर बाहर निकाला गया।

यात्री आकांक्षा सिंह, सागर से इंदौर जा रही साक्षी जैन ने बताया की ड्राइवर काफी तेज बस को चल रहा था बस बार बार जंप कर रही थी जिस कारण यह घटना घटी है। दोनों ही यात्रियों को हाथ में छोटे लगी है। बस पलटने की सूचना पर जिला प्रशासन के सभी अधिकारी अस्पताल पहुंचकर घायल यात्रियों से उनका हला जाना। यात्री ने बताया कि उनके साथ अंकित दुबे, अर्चना दुबे, विमला दुबे, शैलजा और गुन्नू थी जिन्हें चोट लगी है। जबकि 7 साल की बच्ची गुन्नू बस पलटने से खेत में मिट्टी में दब गई थी जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकल गया बच्ची सुरक्षित है।

### सिवनी में पिकअप वाहन ...

महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। शेष घायलों को मामूली चोंटे आई हैं। बंडोल थाना प्रभारी आरके दुबे ने बताया है कि कुडो पिपरिया गांव से बल्लारपुर बम्होडी के लिए पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 4274 में कुछ मजदूरों को भरकर ले जाया जा रहा था। जैसे ही पिकअप वाहन मगरकट्टा के समीप पहुंचा तो अनियंत्रित होकर पलट गया।इस हादसे में वाहन में सवार 21 लोगों घायल हो गए।इनमें एक महिला गंभीर स्थिति में है। घटना के दौरान निकल रहे राहगीरों ने रुक कर घायलों को वाहन से निकाला। वहीं सूचना मिलने के बाद 108 वाहन के दल ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां गंभीर रूप से घायल महिला का उपचार जारी है।वहीं सामान्य चोंट आने पर प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने घटना पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।


### सामाजिक समरसता...

सिर्फ योग्यता के आधार पर किया गया है। स्वामी रामानंद ने कहा था जाति पाति पूछे न कोई, हरि का भजे सो हरि का होई... प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही समाज को भी एक नया संदेश देने के लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने यह पहल की है।

### हनुमानजी के वैदिक ध्यान...

सीता ध्यान मंत्र और भरतजी का ध्यान मंत्र। सामान्यतः लोगों को इसका ध्यान नहीं रहता। पहले चरण में संध्या वंदन, नाम, गोत्र, शाखा, प्रवर, दूसरे चरण में आचार्य की डिग्री के अनुसार प्रश्न पूछे गए।


## शब्द पहेली - 5383



**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -5382 का हल**



## सुडोकू नवताल- 5393



## खबर संक्षेप

### हिंदुस्तान यूनिलीवर को 447 करोड़ का नोटिस

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों में से एक हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड को साल 2024 के शुरुआत के साथ ही तगड़ा झटका लगा है। कंपनी ने जानकारी दी कि उसे गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स विभाग ने 447.50 करोड़ रुपए का नोटिस प्राप्त हुआ है। जीएसटी डिपार्टमेंट द्वारा जारी किए गए इस नोटिस में डिमांड और पेनाल्टी दोनों शामिल है। इस खबर के बाद मंगलवार को एचयूएल के शेयर में 1.25 फीसदी की गिरावट देखी गई। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के मुताबिक प्राप्त हुए नोटिस पर कंपनी आगे अपील कर सकती है। ऐसे में पहले इसका आकलन किया जाएगा और इसके बाद कंपनी आगे फैसला करेगी।

### डेस्टिनेशन बैंक के रूप में एचडीएफसी करेगा काम

**मुंबई।** भारतीय स्टॉक एक्सचेंज बाजार में सेकेंडरी मार्केट में ब्लॉक्ड अमाउंट द्वारा समर्थित ट्रेडिंग की अनुमति दी गई, जिसमें एनएसई और बीएसई के कैश और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में क्लियरिंग और सेटलमेंट बैंक एचडीएफसी बैंक ने एक स्पॉन्सर एंड डेस्टिनेशन बैंक के रूप में काम शुरू किया है। सेबी और स्टॉक एक्सचेंजों ने 1 जनवरी 2024 से सेकंडरी मार्केट के लिए कैश सेगमेंट में ब्लॉक मैकेनिज्म के माध्यम से वैकल्पिक आधार पर ट्रेडिंग की अनुमति दी है।

### डीसीबी बैंक का हैप्पी सेविंग अकाउंट लांच

**मुंबई।** डीसीबी बैंक ने 'डीसीबी हैप्पी सेविंग्स अकाउंट' लांच करने की घोषणा की है। यह अभिनव खाता अपने ग्राहकों के लिए बैंकिंग अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है, जो इसे सुविधाजनक और फायदेमंद दोनों बनाता है। खाताधारकों को अब भारत के भीतर अपने योग्य यूपीआई डेबिट लेनदेन पर कैशबैक पुरस्कार का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। पात्र यूपीआई लेनदेन पर पुरस्कार प्रति वित्तीय वर्ष 7,500 रुपए तक जा सकते हैं। यूपीआई लेनदेन सर्वव्यापी हैं।

# हाउसिंग बोर्ड के तुलसी ग्रीन्स प्रोजेक्ट फेज-टू बुकिंग की लॉटरी कल, 6 गुना आए आवेदन

दूसरे राउंड में फ्लैट्स की बुकिंग 6 दिसंबर से 29 दिसंबर तक हुई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाउसिंग बोर्ड के प्रीमियम प्रोजेक्ट तुलसी ग्रीन्स की फेज-2 बुकिंग की लॉटरी 4 जनवरी को होगी। लॉटरी भोपाल स्थित होटल पलाश रेजिडेंसी में 11 बजे से रखी गई है।

सेकेंड राउंड की बुकिंग 6 दिसंबर को शुरू हुई थी और लास्ट डेट 29 दिसबंर को थी। पहले राउंड की बुकिंग की तरह फेज-2 में भी इस प्रोजेक्ट के फ्लैट की भारी डिमांड रही। उपलब्ध मकानों के मुकाबले लगभग 6 गुना से ज्यादा आवेदन आए हैं। सेकेंड राउंड में 18 फ्लैट के लिए बुकिंग हो रही थी। 18 फ्लैट के मुकाबले 115 आवेदन आए हैं। पहले राउंड की बुकिंग में भी 3 गुना से ज्यादा आवेदन आए थे। लॉटरी होने के बाद आरक्षित कोटे के जो फ्लैट्स खाली रह जाएंगे उनके लिए बोर्ड तीसरा विज्ञापन जारी करेगा। इसके बाद भी अगर आरक्षित कोटे के फ्लैट्स खाली रहते हैं तो उसे ओपन फॉर ऑल कर दिया जाएगा।



### तुलसी ग्रीन्स में कुल 120 फ्लैट, कीमत 1.67 करोड़ से लेकर 2.21 करोड़ तक

भोपाल में लिंक रोड नंबर 2 पर बन रहे तुलसी ग्रीन्स में कुल 120 फ्लैट हैं. फ्लैट की कीमत 1.67 करोड़ से लेकर 2.21 करोड़ रुपए तक है। 2 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के बावजूद इस प्रोजेक्ट के फ्लैट की भारी डिमांड है। इसकी डिजाइन पद्म भूषण अवार्डी हफिज कॉन्ट्रैकर ने तैयार की है। हर फ्लोर पर सिर्फ 2 फ्लैट बनेंगे। 24 घंटे सिक्योर सीसीटीवी कैमरे के साथ इस प्रोजेक्ट में क्लब हाउस, कम्युनिटी हॉल हैं।

## कलचुरी एलएनसीटी ग्रुप इनक्यूबेशन सेंटर में केवीआईसी-एमएसएमई

**भोपाल।** एलएनसीटी कॉलेज में आयोजित लोक शिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी वीरभान सिंह (सहायक निदेशक), निदेशक प्रभारी केवीआईसी-एमएसएमई, सुंदर पाल (कार्यकारी), सुनीता गौतम (नोडल अधिकारी) हिंदी, केवीआईसी -एमएसएमई), सुशील भगत (कार्यकारी केवीआईसी-एमएसएमई),



मंजू रायकवार (केवीआईसी-एमएसएमई), डॉ. भावना (एमबीए विभाग), डॉ. आकांशा शर्मा (एमसीए एलएनसीटी), डॉ. महेंद्र जड़िया एवं डॉ. अरुणिता सिंह, प्रोफेसर। अंकित सिंह (कृषि विभाग, एलएनसीटी विश्वविद्यालय), प्रो.उषा सिंह (ओएसडी, एलएनसीटीई), केएलआईसी-एलएनसीटी स्टार्टअप्स के साथ उपस्थित थीं। वॉन्ड, एपीएरो मेडिका प्राइवेट लिमिटेड, पटेल एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, रेफ्तो और वहां के संस्थापकों के साथ कल्चुरी एलएनसीटी ग्रुप इनक्यूबेशन सेंटर के निदेशक डॉ. अनुराग एसडी राय. इस कार्यक्रम में कुल 500 छात्रों ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसका विषय था, खादी में प्रौद्योगिकी की आवश्यकता और इसका विकास, साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसका विषय था गांधीवादी विचारधारा गैर-वॉयलेंस पर आधारित है या नहीं।

## मंडी में हुई 150 के बजाए 40 से 45 गाड़ी सब्जियां की ही आवक

# ड्राइवरों की हड़ताल से सप्लाई हुई बाधित करोंद मंडी में सब्जियों के दाम हुए दोगुने

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पेट्रोल के साथ ही अब वाहन चालकों की हड़ताल का असर कारण सब्जी आपूर्ति पर भी असर होने लगा है। हड़ताल की वजह से मंगलवार को सब्जी की आपूर्ति खासी प्रभावित होगी। राजधानी में भी इसका असर दिखाई देगा। करोंद मंडी से शहर भर में सब्जियों की आपूर्ति होती है, लेकिन ट्रकों की हड़ताल के कारण सब्जी की सप्लाई काफी बाधित हुई।

सामान्य दिनों में करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी में अंतरप्रांतीय राज्यों सहित प्रदेशभर से 150 से अधिक छोटी-बड़ी सब्जियों की गाडियां आती है, लेकिन वाहन चालकों की हड़ताल के चलते आज मंगलवार को स्थानीय थोक सब्जी मंडी करोंद में 100 से अधिक गाड़ियां नहीं आई। सब्जियों की आवक में हड़ताल का ग्रहण लगने से मंडी में आज सब्जियों के रेट डबल हो गए। मंडी स्थित सब्जी कारोबारी राजेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि मंगलवार के करोंद थोक मंडी में सभी सब्जियों की कुल 40 से 45 गाड़ियां आई। सैनी ने बताया कि सब्जियों की आवक सिर्फ 30 फीसदी ही हुई, तो साधन संपन्न खुदरा सब्जी विक्रेताओं की संख्या भी घटकर 40 फीसदी रही है। उनके अनुसार वाहन चालक यूनियनों द्वारा वाहनों को रोके जाने से मंडी में खरीददार नहीं पहुंच रहे है। सब्जी विक्रेता मो. सलीम (एकेएस) के अनुसार बाहर से आने वाली सब्जियों की आवक में कमी होने से सब्जियों के दाम दोगुने हो गए हैं। व्यापारियों के अनुसार राजधानी की करोंद सब्जी मंडी से ही शहरभर में सब्जी व फल जाते हैं।



### सब्जी मंडी में दिखा हड़ताल का असर

ड्राइवरों के आंदोलन का असर सब्जी मंडी पर भी देखने को मिल रहा है। सब्जी मंडी में काम करने वाले मजदूर से लेकर क्रेता और विक्रेता हर वर्ग हड़ताल के कारण परेशान रहा। वहीं, सब्जियों के दाम में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। सब्जी मंडी में जिन ऑटो से सब्जियों का परिवहन होता था उनके पहिए थम गए हैं।





### ट्रांसपोर्टरों ने माल के लदान से किया इंकार

ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष ठाकुर लाल राजपूत ने बताया कि ड्राईवरों की हड़ताल के चलते भोपाल-मंडीदीप के 300 ट्रांसपोर्टर और मध्यप्रदेश के 10 हजार ट्रांसपोर्टरों ने माल का लदान करने से इंकार कर रहे है। राजपूत ने कहाकि हड़ताल के कारण माल लेकर आ रहे कई ट्रकों को शहर और प्रदेश के बाहर सीमाओं पर रोक दिया गया है। ईंधन की किल्लत की आशंका को देखते हुए कई ट्रक आपरेटरों ने पहले ही अपने फेरे रोक दिए थे। राजपूत ने कहा कि पुराने कानून में भी सख्त सजा और जुर्माने का प्रावधान है। जिससे लोग अभी तक नहीं उबरे हैं। अतः सरकार से मांग है कि पुराने कानून को ही यथावत रखा जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो ड्राइवर ट्रांसपोर्टरों का अभिन्न अंग है और उनके समर्थन में ट्रांसपोर्टर भी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### हनुमानगंज - जुमेराती में नहीं आई किराना सामग्री की गाड़ियां

भोपाल थोक किराना व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष ईश्वर दास संगतानी ने बताया कि हड़ताल से परिवहन और माल ढुलाई की व्यवस्था गड़बड़ हो गई । बस-ट्रक चालक-परिचालकों द्वारा क्षेत्र के कई प्रमुख मार्गों पर चक्काजाम करने से कई किलोमीटर तक वाहन फंस गए। जिसके चलते शहर की थोक जिंस मंडी हनुमानगंज-जुमेराती में किराना सामग्री की गाड़ियां मंगलवार की सुबह नहीं आई। उनके अनुसार यहां रोजाना जो 15 से अधिक गाड़ियांआती है। संगतानी ने कहाकि व्यापारियों के पास किराना सामग्री का पर्याप्त स्टॉक है। किराना सामग्री की शहर में 15 दिन तक कोई किल्लत नहीं होने वाली। सोमवार को जिन लोडिंग वाहनों ने काम बंद किया था, वह मंगलवार को काम पर लौट आएं है।

### एमपी सहित इन राज्यों में भी दिख रहा असर

मध्यप्रदेश के अलावा राजस्थान और हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र में भी हड़ताल का असर देखा जा रहा है। सड़के गाड़ियों से खचाखच भरी नजर आ रही हैं। पेट्रोल पंप के बाहर भी लंबी-लंबी लाइनें लग रही है। इन राज्यों के अलावा गुजरात, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हड़ताल के चलते हालात बिगड़े। हालांकि प्रशासन लगातार ड्राइवरों से बात कर हड़ताल खत्म करने की कोशिशों में जुटा है।

### यही मांग : कड़ी सजा के प्रावधानों को वापस ले

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) विजय कालरा ने दावा किया है कि नए कानून के खिलाफ ड्राइवरों की हड़ताल के कारण मध्य प्रदेश में करीब पांच लाख छोटे-बड़े वाहन नहीं चल पा रहे हैं। कालरा ने मांग की कि सरकार हिट-एंड-रन मामलों में ड्राइवरों को कड़ी सजा के प्रावधानों को वापस ले और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए, विशेष रूप से राजमार्गों पर वाणिज्यिक वाहनों के लिए अलग लेन बनाई जाए।

# राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च हॉस्पिटल भोपाल के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित 15 दिवसीय ट्रांज़िशनल करिकुलम कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आयुर्वेद पाठ्यक्रम से अवगत कराना था। इस दौरान दिग्गज संस्थानों से आए विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद के इतिहास से



लेकर वर्तमान समय तक के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में हुज़ूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा एवं अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली के डीन प्रो. डॉ महेश व्यास, आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन के उप सचिव पंकज शर्मा, फेडरेशन ऑफ इंडिया, दिल्ली के संस्थापक डॉ. अभिषेक गुप्ता, डॉ आर के गुप्ता जॉइंट डायरेक्टर आयुष विभाग मध्यप्रदेश ,डॉ बृजेश सक्सेना अंडर सेक्रेटरी टूरिज्म टूरिज्म डिपार्मेंट, की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य आतिथ्य प्रदेश के अग्रणी आयुर्वेद संस्थान शासकीय खुशीलाल आयुर्वेद चिकित्सालय एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर उमेश शुक्ला ने किया।

# टाटा एसेट ने पेश किए चार नए फंड ऑफर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टाटा एसेट मैनेजमेंट ने चार नयी स्कीम लांच करने की घोषणा की हैं जिनमें से दो एक्सचेंज ट्रेडेड फंड और दो फंड ऑफ़ फंड हैं। टाटा गोल्ड ईटीएफ एक ओपन एंडेड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड है जो सोने की घरेलु कीमत को रेप्लिकेट/ट्रैक करता है। एनएफओ 02 जनवरी 2024 से 09 जनवरी 2024 तक खुला रहेगा। टाटा गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड एक ओपन एंडेड फंड ऑफ़ फंड स्कीम है जो टाटा गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में निवेश करती है। एनएफओ 02 जनवरी 2024 से 16 जनवरी 2024 तक खुला रहेगा। टाटा सिल्वर ईटीएफ एक ओपन एंडेड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड है जो चांदी की घरेलु कीमत को रेप्लिकेट/ट्रैक करता है। एनएफओ 02 जनवरी 2024 से 09 जनवरी 2024 तक खुला रहेगा।


**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की महाराणा प्रताप नगर जोन-1, योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक-10 (एन0 एन0 एस0एस), श्रीमती उषा मित्तल पत्नी स्व. श्री जे. एस. मित्तल, श्री बी.के. चुघ एवं श्री आर.के. चुघ दोनों पुत्रगण श्री जयदयाल चुघ के संयुक्त नाम पर अंकित है। संयुक्त आवंटितयों में से श्रीमती उषा मित्तल का स्वर्गवास दिनांक 26/08/2015 को हो जाने एवं उनके पुत्र स्व. श्री राहुल मित्तल एवं श्रीमती इन्दु मित्तल पत्नी स्व. श्री राहुल मित्तल का स्वर्गवास दिनांक 03/01/2021 को हो जाने के कारण "श्रीमती उषा मित्तल द्वारा सादे पेपर पर की गई विल जिसमें उल्लेख किया गया है, कि भूखण्ड क्रमांक- 10, एन0एन0एस0एस0 का हस्तांतरण श्रीमती इन्दु मित्तल पत्नी स्व0 श्री राहुल मित्तल को किया जावे"। श्रीमती इन्दु मित्तल पत्नी स्व0 श्री राहुल मित्तल द्वारा पंजीकृत विलडीड दिनांक 24/10/2020 को अपने पुत्र रोहित मित्तल एवं मोहित मित्तल को भूखण्ड क्र0-10, एन0 एन0एस0एस पर निर्मित सम्पत्ति जिसमें कम्पीलिट फर्स्ट फ्लोर, कम्पीलिट सेकण्ड फ्लोर एवं टेरेस ऑफ बिल्डिंग का हस्तातरण किया जाने का उल्लेख किया गया है। श्री रोहित मित्तल एवं श्री मोहित मित्तल दोनों पुत्रगण स्व. श्री राहुल मित्तल द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड विल, मृत्यु प्रमाण-पत्र, परिवार की सहमति मय शपथ-पत्र एवं आवेदन पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड पर निर्मित सम्पत्ति कम्पीलिट फर्स्ट फ्लोर, कम्पीलिट सेकण्ड फ्लोर एवं टेरेस ऑफ बिल्डिंग का नामान्तरण/नाम सम्मिलित अपने नाम पर चाहा गया। यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 07 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वंतत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल



**कार्यालय नगर पालिका निगम, (यांत्रिक विभाग) भोपाल**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्र.-1348/यां.वि./2024 भोपाल, दिनांक - 02.01.2024

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1 | 2023_UAD_311230_4 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM BIMA HOSPITAL TO CHANI TILES AND ASPHALTING OF ROAD NEAR PURUSHOTTAM GOUR PARK SONAGIRI C-SECTOR W-64, Z-15, FOURTH CALL | 42,39,110/- | 17-jan-2024 | 05:30 PM |

नोट - संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि.क्र. : 1348/023/024

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम भोपाल



**कार्यालय नगर परिषद कोठरी, जिला सीहोर (म.प्र.)**

दूरभाष एवं फैक्स 07560-254150, Email ID - cmokothri@mpurban.gov.in

क्र./1185/नि.शा./2023 कोठरी, दिनांक 29-12-2023

**ई-निविदा सूचना**

एतद् द्वारा समस्त लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद कोठरी जिला सीहोर म.प्र. द्वारा निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा का आमंत्रण किया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| स.क्रं. | ई-नि. क्रमांक | कार्य का विवरण | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत (लाख में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD_323087 | JCB 3DX Excavator Loader with Live link 1.1cum. Loader bucket & 0.26 cum. Excavator bucket, powered by JCB Bs III ENGINE EXCLDR,1.1/0.26/2WD/HDT & fitted with Torque Converter, shuttle reverser fully synchromesh gearbox, Heavy Duty Tyres & generally confirming to technical leaflet. HM 380 HAMMAR MASTER MORE PRODUCTIVE. INCREASED CROSS SECTION AREA OF CHISEL PINS CLASS OF BREAKERS MAKES HM COMPLETE AUTO GREASE SYSTEM SUPPLIED AS STANDARD FEATURE | 40000/- | 2000/- | 40.00 | 02 माह |

नोटः- निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा में किसी भी प्रकार का संसोधन/परिवर्तन होने पर प्रथक से सूचना जारी नही की जावेगी। निविदा से संबंधित सभी कोरिएण्डम/अडेण्डम सूचना ऑनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका कोठरी
जिला सीहोर (म.प्र.)



**Bihar Forestry Development Corporation Limited, Patna**

K/6, Officers Flat, New Punaichak, Patna-800023.
Email ID-dmbfdcpatna@gmail.com.

SHORT NOTICE INVITING E-AUCTION
(Through e-procurement mode only over (https://eproc2.bihar.gov.in)

Tender Notice No. 03/BFDCL/e-Proc/2024-25

E-Tendering/E-Procurement is being introduced from last few years in 'Bihar Forestry Development Corporation Limited' for making the tendering/process of Kendu Leaves lots sale of 2024 collection season more efficient and transparent.

Agencies/contractors interested in the advance purchase of Kendu leaves lots of 2024 Kendu leaves collection season from 'Bihar Forestry Development Corporation Limited' are required to get themselves registered with Bihar Govt. centralized E-Procurement portal https://eproc2.bihar.gov.in/

Tender Schedule/Programme:

| Sl. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Organization | 'Bihar Forestry Development Corporation Limited' Patna. |
| 2 | Name of the Assignment | Selection of Contractors for operation of Kendu Leaves Lots-38 Advance Sale. |
| 3 | Tender Processing Fee/Cost(Non-Refundable) | INR 590/3540/5900(Including of GST) payable online through e-payment mode i.e. NEFT/RTGS/Credit/ Debit Card on (https://eproc2.bihar.gov.in) Up to 70 Lacs-INR 590.00, As per eproc2. |
| 4 | Tender Fee/Cost(Non-Refundable) | Rs. 10,000.00 (Inclusive of GST @18%) to be paid through (RTGS/NEFT) in the Account of Divisinol Manager, Bihar Forestry Development Corporation Ltd, (BFDC) Patna. Details of Account:- 1. Name of Bank & Branch-Indian Bank(Allahabad Bank), Pataliputra Colony, Patna. 2. Account No-50452834949, 3. IFSC Code No-IDIB000P613. |
| 5 | Date of Issue of NIT | 01.01.2024 |
| 6 | Date of uploading of tender document | 08.01.2024 |
| 7 | Last Date of Submission of Technical bid & Financial Bid. | 09.01.2024 to 20.01.2024 up to (18:00 Hrs.) |
| 8 | Date and Time of Opening of Technical Bid & Financial Bid. | 22.01.2024 to 25.01.2024 |
| 9 | Uploading of names of successful bidders for Participating in E-Auction | 29.01.2024 to 30.01.2024 |
| 10 | Incremental Value will be | i. Upto 05 Lacs of Base Price incremental Value will be 2% ii. Above 05 Lacs of Base Price incremental Value will be 1% |
| 11 | Date and Time of E-Auction | 31.01.2024 to 06.02.2024 |
| 11 | Contact person for queries | Administrative Officer Bihar Forestry Development Corporation Limited Patna Email ID-dmbfdcpatna@gmail.com. |
| 12 | Addressee and address at which Hard Copy of proposal in response to RFP notice is to be submitted. | Administrative Officer Bihar Forestry Development Corporation Limited Patna. Email ID-dmbfdcpatna@gmail.com. |

- Contact office of 'Bihar Forestry Development Corporation Limited' Patna-23. for Registration/Renewal visit and other information (Divisional Manager Mobile no.- 8986153282) Suresh Kumar Deo, Asstt. 7979079152.**Corrigendum/ Addendum**, if any, will be published on the departmental website e-Procurement, Bihar **https://eproc2.bihar.gov.in/**itself.

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

Divisional Manager
Bihar Forestry Development Corporation Limited

PR- 014498 (Ni.Ni.) 2023-24

नशे से बचने का है एक हि उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला-हरदा**

PH.No. 07577-222238, Mail - cmoharda@mpurban.gov.in

क्र./स्व.भा.मि./2024/.......... हरदा, दिनांक-02.01.2024

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पालिका परिषद, हरदा जिला-हरदा द्वारा De-Sluding Vehicle (3 Pieces) क्रय करने हेतु दरें आमंत्रित की गई है। इस हेतु जेम पोर्टल पर बिड क्रमांक GEM/2023/B/4416024 दिनांक 30/12/2023 को जारी की गई है। जेम पोर्टल पर बिड करने हेतु अंतिम तिथि 29/01/2024 समय सायं 7:00 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एवं अन्य जानकारी जेम पोर्टल पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हरदा (म.प्र.)



**जिला स्तरीय वस्त मेले हेतु विज्ञप्ति**

म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत श्योपुर जिलें में कक्षा 01 से कक्षा 8 तक अध्ययनतर छात्र-छात्राओं को गणवेश का प्रदाय विद्यालयों में किया जाना है। म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूहों द्वारा गणवेश के लिये श्योपुर जिलें के प्राथमिक एवं माध्यममिक छात्र-छात्राओं हेतु कपड़े की कटिंग मय सामग्री सहित उपार्जन किया जाना है। इस हेतु इच्छुक फर्म/संस्था अपनी दरे दिनांक 11.01.2024 को निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर श्योपुर में आयोजित मेले में निर्धारित संकुल स्तरीय संगठन के स्टॉल पर बंद लिफाफे में स्वयं उपस्थित होकर प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। लिफाफे उसी दिनांक को समक्ष में 01 बजे के बाद खोले जायेंगे। इस संबंध में नियम एवं शर्ते जिला कार्यालय के ई-मेल srlm-sheopur@mp.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

अधिक जानकारी के लिये जिला परियोजना प्रबंधक के मो.नं. 8349901905, जिला प्रबंधक (एमईडी) मो.नं. 7222992771 से सम्पर्क किया जा सकता है। निर्धारित दिनांक के पश्चात कोई पत्राचार मान्य नही होगी।

जिला परियोजना प्रबंधक
एनआरएलएम
जिला पंचायत श्योपुर (म.प्र.)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्याम लाल** पुत्र मोहन लाल बंजारा निवासी गांव बसेड़ी माटी, जिला नीमच, मध्य प्रदेश ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 162/2023 दिनांक 12.04.2023 धारा 18/29 एनडीपीएस अधिनियम थाना तिलक नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्याम लाल** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्याम लाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 162/2023 दिनांक 12.04.2023 धारा 18/29 एनडीपीएस अधिनियम थाना तिलक नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **श्याम लाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री सतबीर सिंह लांबा
एलडी. सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस अधिनियम)
कोर्ट 136, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली


DP/15045/WD/23

## चिंतन

# ट्रक चालकों की हड़ताल जल्द खत्म कराए केंद्र

सरकार को ट्रक चालकों की हड़ताल खत्म करने के लिए तेजी से कदम उठाना चाहिए। नहीं तो पेट्रोल पंपों पर जहां पेट्रो उत्पादों की किल्लत और बढ़ेगी, वहीं खाद्यान्न व फल सब्जियों की आपूर्ति पर भी असर पड़ेगा। 'हिट एंड रन' (दुर्घटना के बाद मौके से भाग जाना) मामलों से संबंधित नए कानून के खिलाफ ट्रक चालकों की हड़ताल को दो दिन होने पर ही करीब दो हजार से अधिक पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल की कमी हो गई है। देश के हजारों पेट्रोल पंपों पर ट्रक से ही पेट्रोल व डीजल पहुंचाए जाते हैं। महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ समेत दस राज्यों में पेट्रोल व डीजल को लेकर अफरा-तफरी मचनी शुरू हो गई है। बड़ी बात यह है कि पेट्रोल व डीजल की बिक्री केंद्र व राज्य सरकार की आय की स्रोत है, ऐसे में आपूर्ति की वजह से अगर पेट्रोल पंपों पर पेट्रो उत्पाद नहीं पहुंचेंगे तो परेशानी कई स्तर पर बढ़ेगी। पेट्रोल व डीजल के लिए मारामारी बढ़ेगी, खाद्यान्न व फल सब्जियों की आपूर्ति प्रभावित होगी, जिससे महंगाई बढ़ेगी। पेट्रो उत्पादों की कम बिक्री से सरकारों के राजस्व पर असर पड़ेगा। भारत में करीब 80 लाख से ज्यादा ट्रक ड्राइवर हैं। ये हर साल 100 अरब किमी से ज्यादा की दूरी तय करते हैं। देश में 60 फीसदी से अधिक आपूर्ति तंत्र ट्रकों पर निर्भर हैं। इसलिए सरकार जितनी जल्दी हड़ताल को समाप्त करने में सफल होगी, परेशानियों उतनी कम होंगी। देश की अर्थव्यवस्था लंबे समय तक ट्रक चालकों की हड़ताल को अफोर्ड नहीं कर सकती है। दरअसल केंद्र सरकार ने गुलामी से मुक्त के प्रयास के तहत आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट कानूनों को संशोधित नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य कानून बनाए हैं। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं। देशभर में ट्रक और बस ड्राइवर भारतीय न्याय संहिता के हिट एंड रन कानून के प्रावधान में किए बदलाव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस नए कानून के तहत अगर लापरवाही या तेज स्पीड से गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है और आरोपी ड्राइवर पुलिस को सूचित किए बिना ही मौके पर फरार हो जाता है तो उसे 10 साल की जेल की सजा काटनी पड़ सकती है या 7 लाख रुपये का जुर्माना देना पड़ सकता है। अगर वह भागता नहीं है तो भी उसे पांच साल की सजा काटनी पड़ सकती है। सबसे खास बात ये है कि दोनों ही मामले गैर-जमानती हैं, पुलिस थाने से जमानत नहीं मिलेगी। इससे पहले कानून काफी नरम था। पुराने हिट एंड रन कानून के मुताबिक, लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण किसी व्यक्ति की मौत हो जाने पर अधिकतम दो साल की सजा का प्रावधान है। यही नहीं, आरोपी ड्राइवर को तुरंत थाने से जमानत भी मिल जाती है। दरअसल, हिट एंड रन मामलों में सजा को 10 साल तक बढ़ाने का नया प्रावधान उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी के बाद तैयार किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने कई मामलों में कहा है कि जो वाहन चालक सड़क पर लापरवाही से गाड़ी चलाते हैं, दुर्घटना के बाद भाग जाते हैं जिससे किसी की मौत हो जाती है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। ट्रक और बस ड्राइवरों की मांग है कि जब तक इन कानूनों को वापस नहीं लिया जाएगा उनकी हड़ताल जारी रहेगी। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से नए कानूनों पर एक बार फिर सोच विचार करने की गुजारिश की है। यह हड़ताल जल्द खत्म होनी चाहिए।

## मुद्दा



मनोज कुमार अग्रवाल

# महिला सुरक्षा के दावों पर बीएचयू गैंगरेप दाग

यूपी के वाराणसी में आईआईटी बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप करने वाले सभी आरोपियों को अब गिरफ्तार कर लिया गया है। करीब 2 महीने बाद इन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। दो महीने तक आरोपियों का फरार रहना और भाजपा आईटी सेल से सम्बद्ध होना योगी सरकार के महिला सुरक्षा के दावे को कलंकित कर रहा है, वहीं विपक्षी दलों को सरकार को घेरने का मौका भी दे रहा है। बता दें कि तीनों पर दो महीने पहले एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप है। एफआईआर के मुताबिक, ये आरोपी बुलेट बाइक से आईआईटी कैंपस में घुसे थे और आधी रात में दोस्त के साथ टहल रही लड़की को बंधक बनाकर गैंगरेप किया था। घटना के दौरान आरोपियों ने वीडियो बनाया था। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तार सभी आरोपी वाराणसी के रहने वाले हैं और पुलिस ने इस घटना में इस्तेमाल की गई बुलेट बाइक भी बरामद कर ली है। यूपी के वाराणसी में आईआईटी बीएचयू की छात्रा से गैंगरेप उसी तर्ज पर अंजाम दिया गया, जैसे दिल्ली में निर्भया कांड हुआ था। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पहले भी ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसी घटनाओं के खिलाफ कई बार छात्रों ने आंदोलन भी किया है। इसके बाद भी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बेहद खराब है।

बीएचयू एशिया की बड़ी यूनिवर्सिटी है। उत्तर प्रदेश के नामचीन यूनिवर्सिटी में शुमार होने के बावजूद यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीएचयू कैंपस के भीतर आईआईटी की एक छात्रा हॉस्टल में रहती है। एक नवंबर बुधवार की देर रात छात्र पढ़ाई के बाद थोड़ी देर के लिए हॉस्टल के बाहर परिसर में निकली थी। इसी दौरान रास्ते में उसे एक दोस्त मिल गया। दोनों टहलते हुए बाबा विश्वनाथ के मंदिर की तरफ चले गए। इसी बीच बुलेट मोटर साइकिल पर आए तीन लड़कों ने दोनों को रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने छात्रा के दोस्त को अलग कर मारा पीटा। फिर उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की गई। युवक युवती का मुंह दबाकर एक तरफ ले गए। छात्रा के सारे कपड़े उतार दिए। इसके बाद उसका वीडियो बनाया। सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों छात्रा का मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गए। ये सबकुछ 1 व 2 नवंबर बुधवार की देर रात करीब 1:30 बजे की घटना है। उस समय लड़की अपने एक दोस्त के साथ कैंपस में सुनसान एरिया में टहल रही थी। उसी दौरान बाइक सवार तीन युवक वहां पहुंचे थे। आरोप है कि लड़की के साथ गैंगरेप की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया गया। किसी तरह लड़की भागते हुए पास के एक प्रोफेसर के घर तक पहुंची थी। उसी दौरान बाइक की आवाज आई तो सुनकर वो डर गई थी। कुछ देर तक छुपी रही फिर वो हिम्मत करके प्रोफेसर के घर तक पहुंची। उन्हें घटना की जानकारी दी। इसके बाद सिक्योरिटी और तमाम अधिकारियों को रात में ही सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। अगली सुबह 2 नवंबर को छात्र सड़क पर उतर आए और विरोध करने लगे। इस मामले में लड़की ने मैजिस्ट्रेट के सामने बयान दिया था। जिसके बाद 8 नवंबर की रात में वाराणसी पुलिस ने छेड़छाड़ वाले मामले में गैंगरेप और बंधक बनाने की धारा भी जोड़ ली है। वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है।

यह वारदात वास्तव में डबल ईंजन की सरकार के रहते बेहद शर्मसार करने वाली है। बीएचयू जैसे शिक्षण संस्थान के परिसर में इस तरह की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया जाना घटना की संवेदनशीलता को और अधिक गंभीर व चिंतनीय बनाता है। यहां यह भी खुले मन से स्वीकार करना होगा कि अपराधी मानसिकता के लोग किसी भी राजनीतिक पार्टी या धार्मिक सामाजिक संस्था के आवरण में भी छिपे हो सकते हैं। किसी दल या संस्था विशेष से जुड़े होना किसी व्यक्तिक इकाई के चरित्र की गारंटी नहीं होता है। यह घटना वास्तव में सरकार के महिला सुरक्षा को लेकर किए गए मिशन शक्ति के चौथे चरण के तमाम प्रयासों पर सवालिया निशान लगाती है आपको याद हो कि 1 नवंबर की रात यह घटना हुई। इसी सप्ताह लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरुआत की थी। सवाल उठने स्वाभाविक है कि जब 1 नवंबर की रात एक छात्रा के साथ इस तरह की घटना को अंजाम दिया तो पुलिस का सारा प्रयास घटना का अनावरण करने के स्थान पर घटना को दबाने का क्यों बना रहा? आठ दिन बाद पुलिस ने इस मामले को दुष्कर्म के मामले में तब्दील किया इससे पहले तक यह सिर्फ छेड़छाड़ के मामले के बतौर दर्ज किया गया था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# रानी दुर्गावती का समर्पण और गोंडवाना साम्राज्य का गौरवशाली इतिहास



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र शासन

जबलपुर मध्यप्रदेश की संस्कारधानी है। इतिहास में इसका गौरवशाली स्थान है। जबलपुर का उल्लेख हर युग में मिलता है। यह वैदिक काल में जाबालि ऋषि की तपोस्थली रही है। हम मध्यकाल में देखें तो जबलपुर का संघर्ष अद्वितीय रहा है। प्रत्येक हमलावर का उत्तर इस क्षेत्र के निवासियों ने वीरतापूर्वक दिया है और यही वीरता वीरांगना रानी दुर्गावती के संघर्ष और बलिदान की गाथा में है। जबलपुर उनके बलिदान की पवित्र भूमि है। अकबर की विशाल सेना से रानी दुर्गावती ने इसी क्षेत्र में मोर्चा लिया था। वीरांगना दुर्गावती का युद्ध कौशल, शौर्य और पराक्रम इससे पूर्व कालिंजर में भी देखने को मिलता है।

रानी दुर्गावती के 500वें जन्मशताब्दी अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज के कल्याण और समृद्धि के लिए जो संकल्प लिया है उसे पूर्ण करने के लिये मध्यप्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। रानी दुर्गावती, सुशासन व्यवस्था और स्वर्णिम प्रशासन के लिए प्रसिद्ध थीं, जो इतिहास का प्रेरक अध्याय है। यह हमारे लिए प्रसन्नता की बात है कि जबलपुर में नवगठित मंत्रिमंडल की प्रथम कैबिनेट बैठक रानी दुर्गावती की सुशासन नगरी में रखी गई है।

कालिंजर के चंदेल राजा कीरत सिंह शालिवाहन के यहां 5 अक्टूबर सन 1524 को जन्मीं रानी दुर्गावती शस्त्र और शास्त्र विद्या में बचपन में ही दक्ष हो गई थीं। युद्ध और पराक्रम के वीरोचित किस्से,कार्य-व्यवहार को देखते हुए वे बड़ी हुईं।

महोबा की चंदेल राजकुमारी सन 1542 में गोंडवाना के राजा दलपत शाह से विवाह के उपरांत जबलपुर आ गयीं। तत्समय गोंडवाना साम्राज्य में जबलपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, भोपाल, होशंगाबाद (अब नर्मदापुरम), बिलासपुर, डिंडौरी, मंडला, नरसिंहपुरतथा नागपुर शामिल थे।

जब इस विशाल राज्य के राजा दलपतशाह की असमय मृत्यु हो गई तो प्रजावत्सल रानी ने विचलित हुए बिना अपने बालक वीर नारायण को गद्दी पर बैठाकर राजकाज संभाला। लगभग 16 वर्षों के शासन प्रबंध में रानी ने अनेक निर्माण कार्य करवाए। रानी की दूरदर्शिता और प्रजा के कल्याण के प्रति संकल्पित होने का प्रमाण है कि उन्होंने अपने निर्माण कार्यों में जलाशयों, पुलों और मार्गों को प्राथमिकता दी, जिससे नर्मदा किनारे के सुदूर वनों की उपज का व्यापार हो सके और जलाशयों से किसान सिंचाई के लिए पानी प्राप्त कर सके। जबलपुर में रानीताल, चेरीताल, आधारताल जैसे अद्भुत निर्माण रानी की दूरदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का परिणाम है।

रानी दुर्गावती के शासन में नारी की सुरक्षा और सम्मान उत्कर्ष पर था। राज्य की सुरक्षा के लिए रानी ने कई किलों का निर्माणकरवाया और जीर्णोद्धार भी किया। कृषि तथा व्यवसाय के लिए उनके संरक्षण का ही परिणाम था कि गोंडवाना समृद्ध राज्य बना,लोग लगान स्वर्ण मुद्राओं में चुकाते थे। न्याय और समाज व्यवस्था के लिए हजारों गांवों में रानी के प्रतिनिधि रहते थे। प्रजा की बात रानी स्वयं सुनती थीं।



प्रगतिशील, न्यायप्रिय रानी ने राज्य विस्तार के लिए कभी आक्रमण नहीं किए, लेकिन मालवा के बाज बहादुर द्वारा किए गए हमलों में उसे पराजित किया। गोंडवाना राज्य की संपन्नता, रानी की शासन व्यवस्था, रणकौशल और शौर्य की साख ने अकबर को विचलित कर दिया। अकबर ने आसफ खां के नेतृत्व में तोप, गोलों और बारूद से समृद्ध विशाल सेना का दल भेजा और गोंडवाना राज्य पर हमला कर दिया।

रानी दुर्गावती के सामने दो ही विकल्प थे। एक संपूर्ण समर्पण और दूसरा संपूर्ण विनाश। स्वाभिमानी रानी ने स्वतंत्रता की रक्षा के लिए शस्त्र उठा लिए। वे कहा करती थीं-जीवन का अंतिम सत्य मृत्यु है, जिसे कल स्वीकार करना हो वह आज ही सही। इसी उद्घोष के साथ उन्होंने हाथ में तलवार लेकर विंध्य की पहाड़ियों पर मोर्चा लिया। आसफ खां का यह दूसरा आक्रमण था।

पूर्व में वह पराजित हुआ था। इस भीषण संग्राम में जबलपुर के बारहा ग्राम के पास नर्रई नाला के निकट तोपों की मार से जब गोंडवाना की सेना पीछे हटने लगी तो नाले की बाढ़ ने रास्ता रोक दिया। रानी वस्तुस्थिति को समझ गईं, उन्होंने स्वत्व और स्वाभिमान के लिए स्वयं को कटार घोंपकर आत्मबलिदान दिया।

रानी दुर्गावती स्वाभिमान और स्वतंत्रता का प्रतीक हैं। वीरांगना दुर्गावती ने बलिदान की जिस परंपरा की शुरुआत की, उस पथ का कई वीरांगनाओं ने अनुसरण किया। रानी दुर्गावती के वंशज राजा शंकरशाह और उनके पुत्र रघुनाथशाह को 1857 के महासंग्राम में शामिल होने और कविता लिखने पर अंग्रेजों ने तोप से उड़ा दिया था। राजा शंकरशाह की पत्नी गोंड रानी फूलकुंवर ने पति व पुत्र के अवशेषों को एकत्र कर दाह संस्कार किया और 52वीं इंफ्रेंट्री के क्रांतिकारी सिपाहियों को लेकर अपने क्षेत्र से सन 1857 के युद्ध का नेतृत्व किया।

अंत में रणभूमि में शत्रु से घिर जाने पर रानी फूलकुंवर ने स्वयं को कटार घोंप ली। गोंडवाना राज्य की पीढ़ियोंने भारत माता की स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए रानी दुर्गावती की बलिदानी परंपरा को आगे बढ़ाया। राष्ट्र रक्षा, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के लिए वीरांगना रानी दुर्गावती और उनके वंशजों के बलिदान पर आने वाली पीढ़ियां सदैव गर्व करेंगी।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।


## हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित
**दर्शन**

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। -*वैष्णवाचार्य अभिषेक गोस्वामी (आध्यात्मिक गुरु)।*

## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## सटाका




## आज की पाती

### नववर्ष सभी के लिए खुशियां लेकर आए

नववर्ष सभी के लिए खुशियां लेकर आएसंचार के आधुनिक साधनों, विशेषकर सोशल मीडिया का प्रयोग होने लगा है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करना चाहूंगा कि यह वर्ष सभी भारतीयों के लिए खुशियां लेकर आए। पूरे विश्व सहित भारत में भी शांति कायम रहनी चाहिए। बचा-खुचा आतंकवाद जो कायम है, वह भी खत्म होना चाहिए। इजरायल-फिलिस्तीन और रूस-यूक्रेन के बीच जो लड़ाइयां चल रही हैं, वे भी नए साल में खत्म हो जानी चाहिएं। शांति, खुशहाली व समृद्धि की कामना के साथ नए साल की बधाइयां। -*सोहन देवांगन, दुर्ग*

## ट्रेंड

### विरासत से मेल



त्रिची एयरपोर्ट पर नई इंटीग्रेटेड टर्मिनल बिल्डिंग का खूबसूरत इंटीरियर दक्षिणी भारत की समृद्ध विरासत से मेल खाता है। टर्मिनल जीवंत संस्कृति को प्रतिबिंबित करता है और इसका उद्देश्य आर्थिक विकास के लिए नए रास्ते खोलना है।
-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### किताबों से दोस्ती



बहन और भाइयों बैग की किताबों से प्यार कर लेना, इनसे दोस्ती कर लेना मैं दावे के साथ कहती हूँ ये किताबें आपकी दशा और दिशा बदलने का काम करेंगी। किताबें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं। आप भ्झी इन से दोस्ती कर लो।
-अनीता कुंडू, पर्वतारोही

### विकसित हो रहे हम



भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है। हम मुख्य रूप से सेवा-उन्मुख मॉडल से विनिर्माण पावरहाउस बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। हम 'सेवा के रूप में विनिर्माण' के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं।
-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्योगपति

### सिर पर पूंछ




तमिलनाडु का सुचिंदरम अंजेनेयर मंदिर में हनुमान जी की पूंछ उनके सिर पर है। हनुमान जी के इस मंदिर के इतिहास की कहानी आपको अचम्भित भी करेगी। आप इस मंदिर में हनुमानजी की मूर्ति देखने के लिए श्रद्धालु भाव से भी जाएंगे।
-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# रूस ने यूक्रेन के दो बड़े शहरों को किया ध्वस्त

रूस ने यूक्रेन के दो सबसे बड़े शहरों पर मंगलवार को मिसाइलों से हमला किया जिनमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनहुबोव ने बताया कि रूस ने मिसाइलों से खारकीव शहर के मुख्य हिस्से और अन्य इलाकों को निशाना बनाया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 41 लोग घायल हो गए। यूक्रेन की राजधानी कीव के महापौर विताली क्लीस्चको ने बताया कि शहर के कम से कम पांच इलाकों को मिसाइलों से निशाना बनाया गया जिनमें कम से कम 12 लोग घायल हो गए। यूक्रेन ने शुक्रवार से अपने हमले तेज कर दिए हैं और लगातार यूक्रेन के शहरों को निशाना बना रहा है।




युद्ध शुरू होने के बाद से अबतक शुक्रवार को किए हमले में एक दिन में सबसे अधिक 41 आम लोग मारे गए। इसके अगले दिन रूस ने दावा किया कि उसके सीमावर्ती शहर बेलगोरोड को यूक्रेन ने निशाना बनाया जिसमें कम से एक दर्जन लोग मारे गए। यूक्रेन के खिलाफ करीब 22 महीने पहले रूस द्वारा युद्ध छेड़े जाने के बाद से उसके शहर पर हुए अबतक सबसे घातक हमला था। रूसी अधिकारियों ने बताया कि सोमवार तक मृतकों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है जिनमें पांच बच्चे शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# शंघाई पर समुद्र में डूबने का बढ़ा खतरा

चीन का सबसे विकसित और अमीर शहर शंघाई पिछले कम से कम 100 साल से भूमि अवतलन की समस्या से जूझ रहा है। यह चीन के उन



शुरुआती शहरों में से एक हैं, जिनमें गंभीर स्तर पर भू-अवतलन हो रहा है। शंघाई में 1921 से 2007 के बीच 22 .94 मिमी प्रति वर्ष की औसत दर से भूमि अवलतन हुआ। बहरहाल, भू-अवतलन की यह दर 2010 में स्थिर हो गई, लेकिन वैश्विक तापमाना में वृद्धि की वजह से समुद्र के बढ़ते जलस्तर ने दो करोड़ 40 लाख की आबादी वाले शहर के लिए नया खतरा पैदा कर दिया है। भू-अवतलन के अब अपेक्षाकृत स्थिर होने का अनुमान है, लेकिन समुद्र में जलस्तर बढ़ने की दर जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में तेज होने की आशंका है। इसके प्रमुख कारण महासागरों के गर्म होने के कारण पानी की मात्रा बढ़ना और हिमनद एवं बर्फ का पिघलना है। ऐसा माना जा रहा है कि अंटार्कटिक बर्फ की चादर पिघलना समुद्र में जल स्तर बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है। सापेक्ष समुद्र स्तर की औसत वृद्धि 2050 तक 45 सेंटीमीटर से 50 सेंटीमीटर के बीच रहने का अनुमान है। कम्प्यूटर से की गई गणना के अनुसार, शंघाई में समुद्र का जल स्तर 2030 में लगभग दोगुना तेजी से बढ़ सकता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

तहसीलदार ने पेट्रोल टैंक, सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की दुकानों का किया निरीक्षण

# अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में पेट्रोल टैंक, एलपीजी गैस एजेंसी सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की दुकानों का निरीक्षण करें, जिससे जमाखोरी न हो सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में गौहरगंज अनुविभागीय अधिकारी चन्दशेखर श्रीवास्तव ने ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के कारण क्षेत्र में विपरीत परिस्थितियां निर्मित न हों, इसके लिए पेट्रोल-डीजल सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों की पर्याप्त उपलब्धता हो तथा कानून व्यवस्था के संबंध में चर्चा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अनुविभाग में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल सहित अन्य सामग्री उपलब्ध है। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में पेट्रोल टैंक, एलपीजी गैस एजेंसी सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की दुकानों का निरीक्षण करें, जिससे कि जमाखोरी की स्थिति उत्पन्न न हो और नागरिकों को सुलभता से सामग्री उपलब्ध हो। दूध, सब्जी, फल, किराना आदि की परिवहन व्यवस्था बाधित न हो। स्कूल बसों, एंबुलेंस आदि जरूरी सेवा वाले वाहनों



को पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित कराएं। तहसीलदार प्रीति नाग ने बताया कि मंगलवार को उन्होंने मंडीदीप में पेट्रोल टैंक, एलपीजी गैस एजेंसी सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की दुकानों का निरीक्षण किया है।

### नागरिक अफवाहों पर ध्यान न दें

*नागरिकों को जागरूक करें कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह की जानकारी मिलने पर तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करें। उन्होंने ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेट्रोलियम वाहनों का आवागमन प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करें। यात्री वाहनों, ऑटो, बस आदि को किसी के द्वारा जबरन न रोका जाए, यह भी सुनिश्चित करें। अपने-अपने क्षेत्रों में सतत पेट्रोलिंग करते रहें और कानून व्यवस्था बनाए रखें।*



### पेट्रोल पंपों पर लगी रही कतार

केंद्र सरकार के हिट एंड रन को लेकर बनाए नए कानून के विरोध का असर मंडीदीप में भी दिखाई दिया। बस और ट्रक ड्राइवरों ने जहां जगह मिली बसों को खड़ा कर दिया और अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। मंगलवार सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ रही। लोगों ने घंटों लाइन लगाकर पेट्रोल डलवाया। वहीं कुछ रास्ते में वहनों के पेट्रोल खत्म होने से लोगों को परेशान होते देखा गया।

### बरखेड़ा में 500 ड्राइवरों ने नारेबाजी कर कानून वापस लेने की मांग की, औबेदुल्लागंज बस स्टैंड में परेशान होते रहे यात्री



**औबेदुल्लागंज।** हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों की हड़ताल का व्यापक असर रहा। ऑल इंडिया ड्राइवर कल्याण संघ ने बरखेड़ा में 500 ड्राइवरों ने नारेबाजी कर कानून वापस लेने की मांग की। हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों ने सोमवार सुबह से हड़ताल शुरू कर दी है। इसका मिला जुला असर औबेदुल्लागंज में देखने को मिला है। औबेदुल्लागंज में बस स्टैंड से यात्री बसें रवाना नही हो पाईं। ट्रकों, डंपरों के पहिए भी थम गए हैं। यात्री बस स्टैंड आने के बाद परेशान होकर अपने घर वापस जाने के लिए विवश हो रहे हैं। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के लाइक, जिला अध्यक्ष शकील, आसिफ पठान जीते सरदार, गब्बू, संतोष ड्राइवर आदि ने मांग पूरी नहीं होने तक हड़ताल जारी रहने की बात कही। सरकार द्वारा कानून में किए गए संशोधन के तहत सड़क हादसे के बाद मौके से भागने वाले चालक को 10 साल की सजा और 7 लाख रुपए के जुर्माने का प्रविधान किया जा रहा है। हमारी मांग है कि सरकार इस काले कानून को वापस ले। एक्सीडेंट की घटना ड्रायवर कभी भी जानबूझकर नहीं करते हैं।

## खबर संक्षेप



### क्षेत्र के विकास के लिए मैं संकल्पित हूं: खत्री

**बैरसिया।** विकसित भारत का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है, जो संकल्प मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का है। क्षेत्र के विकास के लिए वही संकल्प मेरा भी है। हमें बैरसिया विधानसभा को विकसित विधानसभा बनाना है। यह बात बैरसिया विधायक विष्णु खत्री में मंगलवार कोलूखेड़ी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में मेरे आने का एक ओर प्रयोजन है कि आप लोगों ने चुनाव में जो मुझे आशीर्वाद दिया है, उसके लिए मैं जीवनभर ऋणी रहूंगा। आप लोगों ने इस चुनाव में कोलूखेड़ी गांव से मुझे प्रचंड मतों से विजय दिलाई है।

### 24 घंटे की अखंड रामधुन का आयोजन 22 को

**संतनगर।** रामधुन आयोजन समिति के वरिष्ठ सेवादार टीडी आडवानी और अनिल चोटरानी ने बताया है कि नवनिर्मित राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भ गृह में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर संत हिरदाराम नगर में 22 जनवरी 24 घंटे की अखंड रामधुन का आयोजन किया जाएगा। पूर्वानुसार यह रामधुन साधु वासवानी स्कूल परिसर में आयोजित होगी। सुबह नौ से शाम छः बजे तक माताएं और बहने तथा शाम 6 से अगले दिन सुबह 9 बजे तक पुरुष श्रद्धालु रामधुनी लगाएंगे। रामधुन का आयोजन अखंड रामधुनी समिति द्वारा किया जाएगा।

### रेलवे ट्रैक पर मिली बुजुर्ग की लाश

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में रेलवे स्टेशन से करीब 4 किलोमीटर दूर भोपाल की ओर ट्रैक के पास एक बुजुर्ग की लाश मिली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मंडीदीप पुलिस ने शव बरामद कर मर्चुरी में रखवा दिया है। मृतक की पहचान आधार कार्ड के अनुसार गणेश राम शाहू के रूप में कई गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर परिजनों को सूचना दे दी है। थाना प्रभारी सुरेश मीणा ने बताया कि अनुमान है कि पटरी पार करते हुए किसी ट्रेन की चपेट में आया होगा। इससे बुजुर्ग का सिर फट गया है। एएसआई तेजपाल सिंह ने बताया कि मृतक बकतरा के निवसी थे, जो लगभग एक वर्ष पूर्व से मंडीदीप बिंदिया कॉलोनी में रहे रहे थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बावड़िया फाटक पर सोमवार रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस को घटनास्थल से एक टूटा हुआ मोबाइल मिला है। मोबाइल की सिम से पुलिस नंबर निकालने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब 9 बजे के आसपास सूचना मिली थी कि किसी युवक का शव बावड़िया फाटक पर पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के सिर में गंभीर चोट है। अनुमान है कि चोट ट्रेन के इंजन से टकराने के कारण लगी है।

मारवाड़ी रोड पर अज्ञात बाइक सवारों ने किया हमला

# बड़े भाई को चाकू मारा, छोटा भाई गाड़ी छोड़कर भागा, बदमाश ले भागे स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित यूनानी शफाखाना के पास मारवाड़ी रोड पर रविवार- सोमवार की दरमियानी रात बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने दो सगे भाइयों पर हमला कर दिया। बदमाशों ने एक भाई पर नुकीली चीज से वार किया, जबकि दूसरे भाई के साथ भी मारपीट की। इस दौरान एक भाई अपनी एक्सिस गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। कुछ देर बाद जब वह लौटा तो वहां स्कूटी गाड़ी नहीं मिली। हमला करने के बाद अज्ञात तीन बदमाश वाहन चुराकर फरार हो गए। पुलिस ने वाहन चोरी व धारदार हथियार से हमला करने का प्रकरण दर्ज किया है।

### सुराग जुटाने पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज, पुलिस ने वाहन चोरी व धारदार हथियार से हमला करने का प्रकरण दर्ज किया

पुलिस के मुताबिक जिंसी जहांगीराबाद निवासी इमरान खान (35) की जहांगीराबाद में टेलरिंग की दुकान है। उनका ससुराल नूर महल स्थित काली बस्ती में है। रविवार शाम उनकी पत्नी अपनी एक्सिस गाड़ी लेकर ससुराल आई हुई थीं। इस बीच देर रात इमरान गाड़ी लेकर ससुराल पहुंच गए। उन्हें किसी काम से कहीं ओर जाना था। वह बड़े भाई एजाज खान को लेकर गाड़ी से गए थे। रविवार सोमवार की दरमियानी रात करीब साढ़े तीन बजे वह काली बस्ती से स्कूटी लेकर निकले थे। एक गाड़ी पर बड़े भाई एजाज थे तो दूसरी गाड़ी इमरान चला रहे थे। जैसे ही वह लोग सेंट्रल डेयरी के पास मारवाड़ी रोड पर पहुंचे, पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आ रहे तीन बदमाशों में से एक ने एजाज खान के हाथ पर नुकीली चीज से हमला कर दिया। इस बीच डर के मारे इमरान खान अपनी एक्सिस गाड़ी छोड़कर भाग गए। करीब 20 मिनट बाद वह लौटे तो एक्सिस गाड़ी वहां नहीं थी। घर पहुंचने पर पता चला कि बड़े भाई एजाज खान अपनी गाड़ी लेकर घर आ गए थे। फरियादी इमरान खान ने पुलिस को बताया कि वह आरोपियों को नहीं पहचानते। वे लोग काफी दूर से उनका पीछा कर रहे थे। आरोपियों का सुराग लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### 20 घंटे बाद बड़े तालाब से रेस्क्यू कर नगर निगम ने निकाला युवक का शव

#### कटी पतंग की डोर को पकड़ने के लिए बाउंड्री पर चढ़ा, बैलेंस बिगड़ने से गिरा



**भोपाल।** कमला पार्क में स्थित आर्च ब्रिज से सोमवार की शाम को युवक बड़े तालाब में गिर गया था। करीब 20 घंटे बाद मंगलवार की दोपहर को नगर निगम के गोताखोरों ने उसके शव को निकाला है। मंगलवार की सुबह 10 बजे से शव तलाश शुरू की गई थी। दोपहर दो बजे उसकी लाश बरामद की जा सकी है। पुलिस ने लाश को पीएम के लिए भेजा दिया है। इसके साथ ही मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। तलैया थाने के एसआई कर्मवीर सिंह ने बताया कि दानिश खान (20) पुत्र शाहिद खान निवासी जेपी नगर सोमवार को दोस्तों के साथ घूमने के लिए निकला था। कमला पार्क के आर्च ब्रिज के पास सभी दोस्त खड़े हुए थे। तभी एक पतंग कटने के बाद उसे जाती दिखी, जिसकी डोरी उसके करीब से गुजर रही थी। उसे पकड़ने के प्रयास में वह ब्रिज की बाउंड्री पर चढ़ गया। इसी दौरान ब्रिज से नीचे तालाब में जा गिरा। तत्काल लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पास ही मौजूद गोदाखोरों को भी इसकी जानकारी दी गई। नगर निगम के गोताखोरों ने भी तलाश किया। सोमवार की रात नौ बजे तक शव की तलाश की जाती रही। काफी प्रयासों के बाद भी जब शव नहीं मिला तो बोट से सर्चिंग बंद की गई। दानिश का शव की तलाश में मंगलवार को एक बार फिर रेस्क्यू शुरू किया गया। दोपहर करीब दो बजे शव को बरामद कर लिया गया।

### न्यू ईयर मनाकर लौट रहे बाइक सवार बीआरटीएस लेन की पाइप से टकराए, युवती की मौत

*भोपाल। मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बीआरटीएस लेन के पाइप में टकराने के बाद बाइक सवार युवक-युवती करीब पचास मीटर तक घिसटते हुए चले गए। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठी युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। घटना के समय दोनों न्यू ईयर पार्टी मनाकर मंडीदीप की तरफ से लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार अनामिका काकोड़िया पिता रामगोपाल काकोड़िया (23) कॉलेज में पढ़ती थी। 31 दिसंबर की रात वह अपने साथी भूपेंद्र तिवारी के साथ न्यू ईयर पार्टी मनाने के लिए मंडीदीप गई थी। पार्टी सेलेब्रेड करने के बाद दोनों बाइक से भोपाल लौट रहे थे। समरधा निकलते ही दोनों बीआरटीएस की शुरुआत तक पहुंच गए थे। बीआरटीएस के शुरुआती पाइप में उसकी बाइक टकरा गई। घटना सुबह करीब साढ़े तीन से चार बजे के बीच की है। तेज रफ्तार बाइक पाइप से टकराने के बाद करीब पचास मीटर तक घिसटी थी। इस हादसे में अनामिका को सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भूपेंद्र की हालत नाजुक बनी हुई है।*

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

# लेन-देन के विवाद के बाद रेलवे ट्रैक पर फेंका युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



खजूरी थाना क्षेत्र में स्थित बकानिया रेलवे ट्रैक से सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात युवक की लाश मिली है। पुलिस का अनुमान है कि युवक की मौत ट्रेन से कटने के कारण हुई है। वहीं परिजनों ने इस मामले में लेन-देन विवाद में हत्या के आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक संदेही का नाम भी पुलिस को बताया है। उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर थाने को भी घेर दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है।

महेश लोधी रसूलिया गांव थाना खजूरी क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि मृतक बलवान सिंह लोधी (35) उनका ममेरा भाई है। वह भी रसूलिया गांव में रहते थे और खेती किसानी के साथ ही प्रॉपर्टी का काम किया करते थे। बलवान का लेनदेन मुबारकपुर में रहने वाले शरीफ मियां से था। एक जमीन के सौदे के संबंध में शरीफ को पचास हजार रुपए दिए गए थे। यह रकम शरीफ बीते दो सालों से नहीं लौटा रहा था। इसी के तकाजे के लिए भगवान सोमवार की दोपहर को घर से निकले थे। इसके बाद से ही वह नहीं लौटे, देर रात उनकी बॉडी बकानिया रेलवे ट्रैक से बरामद की गई। हमें संदेह है कि शरीफ ने हत्या करने के बाद शव को ट्रैक के किनारे फेंका है।

### परिजनों और परिचितों ने थाना घेरा

मंगलवार की दोपहर को मृतक के परिजनों और परिचितों ने थाना खजूरी सड़क का घेराव कर दिया। उनकी मांग थी की शरीफ के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया जाए। टीआई नीरज वर्मा ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में मौत के सही कारणों का खुलासा हो जाएगा। परिजनों के बयानों में फिलहाल यह बात सामने आई है कि शरीफ रकम लौटाने में आना कानी कर रहा था। कॉल करने पर उन्हें धमकाता था। परिजनों के बयानों और पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### सुर-साज और आवाज म्यूजिक कार्यक्रम 7 को

**भोपाल।** सुर साज और आवाज म्यूजिक कार्यक्रम हमारा मधुवन मानव सेवा एक संकल्प संगठन 7 जनवरी को शाम 4 बजे से शहीद भवन में आयोजित करेगा। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कृष्णा गौर और रामबाबू शर्मा होंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ गायक एवं गायिकाओं में सुधीर रणदिवे, रघुवीर उबेजा, निधी सहगल, संजय सप्रे, सुधीर बापट, मधुसूदन दातार, अभय बापट, ज्योत्सना दातार, विकास पारखी, मीना बापट, मंदा कोल्हे, नंदा चित्रे, रोहिणी खले, मिलिंद केलकर, महेंद्र तिवारी, सारिका सप्रे, रिद्धिक सप्रे आदि अपने गीतों की प्रस्तुति देंगे।

# विधायक पटवा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनता से किया सीधा संवाद

## विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम हिनोतिया पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को ग्राम हिनोतिया पहुंची। जहां भोजपुर के विधायक सुरेन्द्र पटवा ने जनता से सीधा संवाद किया। इस बीच उन्होंने बच्चों से क्या बनना चाहते हैं एवं कैसे पढ़ाई करें इस पर चर्चा की।

जनता से सीधे चर्चा में विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का मतलब है बाताते हुए कहा कि आपके कार्य कभी नहीं रुकने वाले, जिस तरह यह यात्रा चल रही है उसी तरह विकास भी देश में दौड़ रहा है। केन्द्र सरकार का संकल्प है कि हम भारत को 2047 तक



आत्मनिर्भर बनाकर सर्वजन कल्याण करें। इस दौरान एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार प्रीति नागेन्द्र सहित सभी विभागों के प्रतिनिधि शामिल थे। इस मौके पर बच्चों को सम्मान-पत्र एवं हिग्राहियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।

# औबेदुल्लागंज को जिला बनाने फिर उठी मांग

**औबेदुल्लागंज।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के संभाग और जिलों की सीमाओं का पुनः निर्धारण का निर्देश दिया है। इस निर्देश पर प्रतिक्रिया देते हुए औबेदुल्लागंज को जिला बनाओ, औबेदुल्लागंज के विवेक मित्तल, अशोक शर्मा, नारायण सेन, अशोक सेठी, जिला बनाओ के प्रवक्ता ऋषभ जैन, जिला बनाओ के 10 साल अध्यक्ष रहे राम किशोर शर्मा, विक्रांत राय, नीरज चावला, व्यापारी संघ अध्यक्ष अशोक मित्तल, सलीम, नंदू शर्मा, अनुराग जैन आदि ने कहा कि औबेदुल्लागंज को जिला बनाने की मांग 1979 से जारी है और जिला बनाओ पुनर्गठन आयोग में विचारधीन है। मंगलवार को नागरिकों ने कहा कि छोटे जिले बनाकर उनकी सीमाओं का पुनः निर्धारण होने से बहुत सारी समस्याएं हल हो सकती हैं। विवेक मित्तल, प्रवक्ता ऋषभ जैन, अनुराग जैन ने कहा ओबैदुल्लगंज को जिला बनाने के लिए नगरवासी और आसपास के सरपंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, वकील अगर मुख्यमंत्री से मुलाकात करें तो नगर की 1979 से चल रही मांग पूर्ण हो सकती है।

# जिला अधिवक्ता संघ भोपाल के चुनाव 8 जनवरी को, पूरी की सभी तैयारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला अधिवक्ता संघ भोपाल के चुनाव 8 जनवरी को होने जा रहे हैं जिसकी तैयारी पूर्ण हो चुकी है 4616 मतदाता अधिवक्ता है। मंगलवार को चुनाव की तैयारियों से जिला न्यायाधीश अमिताभ मिश्रा को मुख्य चुनाव अधिकारी रविंद्र तिवारी ने अवगत कराया। 4 से 5 जनवरी को टेंडर वोट डाले दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक डाले जा सकते हैं। 2 जनवरी को नववर्ष के कारण उम्मीदवारों और मतदाताओं का सम्पर्क दिनभर चलता रहा। चुनाव अधिकारी ललित मिठवानी , मनीष त्रिवेदी सुनील सेवलानी बबिता नेगी, भारती चौकसे, रोहित श्रोती राकेश शर्मा, रवि बुच, शंकर शुक्ल, बिपिन पांड्या, रोशन पड़वार, हेमन्त पाल, रामशंकर ने चुनाव कार्यवाही में दिनभर लगे रहे।

▶ जिला न्यायाधीश को चुनाव तैयारियों से अवगत कराया



### नए साल में भारत में न तो सूर्यग्रहण और न दिखेगा चंद्रग्रहण

**भोपाल।** नए साल 2024 में पूर्वी एवं मध्य भारत के लिए ग्रहण की खगोलीय घटना पर ग्रहण लगेगा। इसका मतलब इस वर्ष भारत के इस भूभाग पर न तो सूर्यग्रहण और न ही चंद्रग्रहण दिखेगा।

नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि विश्व में दो सूर्यग्रहण और दो चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना होगी, लकिन इनमें से तीन ग्रहण सम्पूर्ण भारत में नहीं दिखेंगे। केवल 18 सितंबर को सुबह सबेरे पश्चिमी भारत के कुछ नगरों में कुछ मिनट के लिए उपछाया चंद्रग्रहण होगा।

लोगों को व्यसनों से दूर रहने का संकल्प दिलाया

# ईंट भट्टे के मजदूरों को साड़ी व गर्म कपड़े बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में युवा सेवा संघ भोपाल द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में ग्राम अगरिया के पास रायसेन जिले में सैंकड़ों ईंट भट्टा के मजदूरों और बच्चों में भंडारा आयोजित कर साड़ी, कम्बल, गर्म टोपी, मोजे, खजूर, चप्पल व कैलेंडर वितरण किया गया।

इस मौके पर श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश कृपलानी, अशोक मालवीय, आरडी सोलंकी, रितेश राजदेव, मीडिया प्रभारी हरीश मेहरचंदानी व



युवा सेवा संघ के अध्यक्ष सुनील पाटीदार, हेमराज, मोहन लाल गुप्ता, देवकीनंदन मालवीय, गौरव भेलकर, धर्मेंद्र मालवीय सहित युवा सेवा संघ के अन्य सदस्य मौजूद थे। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी भण्डारे के साथ सभी मजदूरों को व्यसनों से दूर रहने का संकल्प दिलाया एवं व्यसन न करने वालों को समिति की और से विशेष पुरुस्कार भी दिए गए।

### घर में युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**भोपाल।** हबीबगंज इलाके की एक बस्ती में युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानकार जांच शुरू कर दी है। हबीबगंज पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय रिया ओसवाल पुत्री प्रकाश ओसवाल (16) 12 नंबर मल्टी में रहती थी।

दसवीं कक्षा में फेल हो जाने के बाद उसने पढ़ाई बंद कर दी थी। परिवार में माता-पिता के अलावा दो बड़े भाई है। पिता मजदूरी करते हैं, जबकि मां घरों में झाड़ू-पोंछे का काम करती है। उसके दोनों भाई गाड़ियों को धोने का काम करते हैं। सोमवार की शाम किशोरी घर में अकेली थी परिवार के सभी लोग अपने-अपने काम पर गए हुए थे। शाम को जब मां वापस आई तो उसे रिया फांसी के फंदे पर लटकी मिली।

18 बोरी लहसुन करोंद स्थित एक दुकान से बरामद

# भोपाल से रायपुर जा रहा ट्रक बिलखिरिया के पास पलटा, बदमाशों ने चुरा लिया 170 बोरी लहसुन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल से लहसुन भरकर रायपुर जा रहा एक ट्रक बिलखिरिया इलाके में पलट गया। इस दौरान अज्ञात लोगों ने ट्रक में भरा करीब 170 बोरी लहसुनल चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान पता चला कि चोरी का 18 बोरी लहसुन करोंद स्थित एक दुकान पर बेचा गया है। पुलिस उक्त लहसुन बरामद कर लिया है। बाकी का लहसुन और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी मनीष कुंदानी सब्जी व्यवसायी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीती 28 दिसंबर को उन्होंने एक ट्रक में लहसुन भरकर रायपुर के लिए रवाना किया था। रात करीब तीन बजे वह ट्रक बिलखिरिया थानांतर्गत ग्राम झागरिया के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस दौरान अज्ञात लोगों ने पलटे हुए ट्रक में लदी लहसुन की 170 बोरियां चोरी कर ली। पुलिस ने जब अपने मुखबिरों को सक्रिया किया तो पता चला कि 18 बोरी लहसुन करोंद मंडी में बेचा गया है, जिसे जब्त कर लिया गया।

### लोडिंग वाहन समेत आधा दर्जन दोपहिया वाहन ले उड़े बदमाश, तलाश में जुटी पुलिस

**भोपाल।** राजधानी में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। बदमाश अलग-अलग स्थानों से एक लोडिंग वाहन समेत करीब आधा दर्जन दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक जहांगीराबाद थानांतर्गत मिंटो हाल के सामने खड़ा नंदराम प्रजापति का मैजिक लोडिंग वाहन चोरी हो गया। इसी प्रकार अशोका गार्डन थानांतर्गत हिनौतिया से शेरसिंह मालवीय, कमला नगर थानांतर्गत नेहरू नगर से अर्पित बघेल और कोटरा सुल्तानाबाद से भूरेलाल रजक, सोनागिरी पिपलानी से कुलदीप सिंह, ग्रीनसिटी अस्पताल के पास गौतम नगर से मोहसिन खान की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि टीम गठित कर अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

टोक्यो में खंडवा के रहने वाले इंजी. ने हरिभूमि डॉट कॉम से एक्सक्लूसिव बातचीत में बताई आपबीती

# इशिकावा के समुद्र तट से लगे शहर भूकंप से ज्यादा प्रभावित, घर ढहने से सब कुछ हुआ तबाह, सड़कें फटने से पूरी की पूरी कार धरती में समा गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

जापान के इशिकावा प्रांत में भूकंप से सब कुछ तबाह हो गया है। अब तक 48 लोगों की जान जा चुकी है। इतना ही नहीं, बड़ी संख्या में लोग लापता भी हैं।

जगह-जगह रेस्क्यू किया जा रहा है। बता दें कि जापान में मध्यप्रदेश से काफी संख्या में लोग रहते हैं। उन्हीं में से एक टोक्यो में रह रहे खंडवा के आईटी इंजीनियर रोहित सिंह हैं, जिनसे हरिभूमि ने फोन पर बात की और जाना कि भूकंप के बाद वहां के हालात कैसे हैं ?



रोहित सिंह
आईटी इंजीनियर



### नया साल भयंकर तबाही लेकर आया

रोहित ने बताया कि जापान के इशिकावा प्रांत में नया साल भयंकर तबाही लेकर आया। 1 जनवरी को शाम 4 बजे लोग नए साल का जश्न मना रहे थे। तभी अचानक धरती डोलने लगी। मैं उस समय बेड पर बैठा था। हल्का मूवमेंट महसूस हुआ, लेकिन समझ नहीं पाया। बाहर निकलकर देखा तो सबकुछ नॉर्मल था, लेकिन कुछ देर बाद इशिकावा प्रांत में बिल्डिंग ढहने, सड़कें फटने की खबरें आने लगीं। वहां सड़कों पर इतनी चौड़ी दरार पड़ है कि कई जगह पूरी की पूरी कारें समा गई हैं।

### स्थितियों को सामान्य करने के प्रयास जारी

*रोहित ने बताया, जापान में भूकंप के झटके आते रहते हैं। 2011 में यहां बड़ी सुनामी आई थी। इस बार भी 2011 जैसे ही हालात हैं। रविवार को यहां सुबह रह रहकर भूकंप के कई झटके आए, लेकिन शाम 4 बजे रिक्टर स्केल 7.6 तीव्रता का जो भूकंप आया, उसने सब कुछ तबाह कर दिया है। अब तक 48 लोगों के मरने की जानकारी सामने आ पाई है। पीड़ित परिवारों को व्यवस्थित करने और लापता लोगों की तलाशी का काम अभी जारी है। दोयामा में हालाता सामान्य होने लगे हैं, लेकिन इशिकावा प्रांत के अन्य इलाकों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। लोग ऑफिस नहीं जा पा रहे। दूध-सब्जी सहित अन्य जरूरी वस्तुओं के लिए भी लोग परेशान हैं।*

### इशिकावा प्रांत के तटीय इलाके में ज्यादा तबाही

रोहित ने बताया, इशिकावा के समुद्र तट से लगे चार-पांच शहर भूकंप से ज्यादा प्रभावित हुए हैं। टोक्यो में झटके महसूस जरूर हुए, लेकिन कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, इशिकावा प्रांत की तबाही देखकर सब कोई घबराया हुआ है। हमारे जान-पहचान के जो भी लोग भूकंप प्रभावित इलाकों में रह रहे थे, वह सब सुरक्षित हैं। फोन पर संपर्क किया, तो किसी ने घर ढहने, तो किसी ने सबकुछ तबाह होने की बात कही।

### घटना से घबराए लोगों के लगातार फोन आ रहे

आईटी इंजीनियर रोहित सिंह मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के रहने वाले हैं। एक साल पहले ही वह जॉब के सिलसिले में जापान गए थे। बताया कि जापान के टोक्यो और इशिकावा प्रांत में भारत के काफी लोग जॉब और पढ़ाई के सिलसिले में रहते हैं। इनमें से कुछ लोग मप्र के भी हैं। घर-परिवार वाले चिंतित थे। सबके पास लगातार फोन आ रहे थे। रोहित ने बताया, मैं कल रातभर सो नहीं पाया। लगातार कॉल आ रहे हैं।

### वीडियो जारी कर की प्रार्थना की अपील

रोहित ने वीडियो संदेश जारी कर जापान में सभी की सलामती के लिए भगवान से प्रार्थना करने की अपील की है। बताया, यहां के हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। दूतावास के अधिकारी भी संपर्क में हैं। कोई परेशानी नहीं हैं। इसलिए भारत में भी कोई चिंता न करे। बस हम सबकी खुशामदगी के लिए भगवान से प्रार्थना करें।

## खबर संक्षेप

### इलेक्ट्रिशियन की करंट से मौत, आयोग ने सीएमडी को दिए जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों सहित प्रदेश के 11 मामलों में संज्ञान लिया है। आयोग ने कोलार थानाक्षेत्र में स्थित इनायतपुरा में हाई टेंशन लाइन पर काम कर रहा इलेक्ट्रिशियन की करंट लगने से मौत होने के मामले में सीएमडी, मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण क. लि., भोपाल को जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इधर, भोपाल जिले के नजीराबाद थानाक्षेत्र के ग्राम बरखेड़ी खुर्द में खेत में पानी देते समय एक किसान को करंट लग गया। मामले में आयोग ने कार्यपालन यंत्री, मप्र मक्षेविविकंलिमि, भोपाल से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

### गाथा श्रीराम मंदिर की 7 जनवरी को

**भोपाल।** करुणाधाम आश्रम द्वारा रवीन्द्र भवन के हंस ध्वनि सभागृह में 7 जनवरी को शाम 6:30 बजे गाथा श्रीराम मंदिर की संगीतमय महागाथा प्रस्तुति होगी। इसमें राम जन्म-भूमि के संघर्ष के इतिहास की भव्य प्रस्तुति की जाएगी। आश्रम के शाश्वत शांडिल्य ने बताया कि पीठाधीश्वर गुरुदेव सुदेश शांडिल्य महाराज के सानिध्य में भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अभिनेता एवं वक्ता मोहित शेवानी संगीतमय महागाथा की प्रस्तुति देंगे। बॉलीवुड रायटर एवं गीतकार प्रबुद्ध सौरभ मंच संचालन करेंगे तथा हृदय बैण्ड के शुभम नाथानी द्वारा संगीत दिया जायेगा। राम जन्म-भूमि की तपस्या एवं संघर्ष की सत्य गाथा के इस कार्यक्रम में प्रवेश के लिये निःशुल्क पास करुणाधाम आश्रम के कार्यालय में उपलब्ध हैं।

### मछुआ समुदाय का परिचय सम्मेलन 7 को

**भोपाल।** निषाद वंशीय मछुआ समुदाय का सर्वगौत्रिय अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 7 जनवरी को पालीटेक्निक स्थित मानस भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर समाज को केसरिया साफे पहनाकर कार्यक्रम पूरी तरह भगवामय होगा। इसमें समाज जन को राम-केवट संवाद के चित्र भेंट किए जाएंगे। सम्मेलन के लिए समाज के सभी घटकों माझी, मझवार, कीर, कहार, केवट, कश्यप, निषाद, आदि के विवाह योग्य युवक-युवतियों के अभिभावकों ने पंजीयन कराया है।

### ओड़िशा से भोपाल में गांजा खपाने वाले दो तस्कर पकड़ाए



**भोपाल।** क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर लडका एवं महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनका नाम पता पूछा तो लडके ने अपना नाम दीपक कुचबंदिया पिता थान सिंह कुचबंदिया उम्र 32 साल तथा संदेही महिला ने अपना नाम रीना उईके पत्नी स्व मो. सलमान उम्र 25 साल दोनों भोपाल निवासी होना बताया। तलाशी लेने पर प्लास्टिक की थैली में 60 किलो गांजा मिला।

डिजिट मशीन पर पड़ रहा एक्सट्रा लोड, दोगुना से ज्यादा हुई एक्स-रे कराने वालों की संख्या

# जेपी अस्पताल: मरीज से कर्मचारी बोला, गर्म हो गई है मशीन, नहीं होगा एक्स-रे, कल आना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी के जेपी अस्पताल में एक्स-रे के लिए मरीजों की परेशानी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। यह स्थिति तब है जब जांच के लिए अस्पताल में एक डिजिटल समेत कुल तीन मशीनें हैं। साल के पहले दो दिन ही अस्पताल में सिर्फ 40 फीसदी मरीजों की ही जांच हो सकी। मरीजों को कभी मशीन गर्म होने तो कभी फिल्म खत्म होने की बात कही जा रही है।

बता दें रोजाना जेपी में 200 से 250 लोग एक्स-रे की जांच कराने पहुंच रहे हैं। जेपी अस्पताल समेत स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में डिजिटल एक्स-रे सभी मरीजों के लिए फ्री कर दिया गया है, जिसके बाद से अस्पताल में एक्स-रे कराने वालों की संख्या दो गुना से अधिक बढ़ गई है। अस्पताल के कर्मचारियों का कहना है कि रोजाना सौ से अधिक एक्स-रे हो रहे हैं। इसके कारण फिल्म की कमी हो रही है। यही नहीं कई बार मशीन गर्म हो जाती है। ऐसे में उसे बंद करना पड़ता है।

**खास बातें**

- रोजाना जेपी अस्पताल में 200 से 250 लोग एक्स-रे की जांच कराने पहुंच रहे
- अस्पतालों में डिजिटल एक्स-रे सभी मरीजों के लिए फ्री कर दिया गया है

### स्टाफ की कमी के कारण बंद रहती है एक मशीन



एक्स-रे जांच के लिए एक वक्त पर तीन कर्मचारियों की जरूरत होती है। एक कर्मचारी रजिस्ट्रेशन के लिए, एक कमप्यूटर पर और एक कर्मचारी मशीन को हैंडल करने के लिए जरूरी है। ऐसे में तीन मशीनों के लिए 9 कर्मचारियों की जरूरत है, जबकि अस्पताल के पास एक्स-रे की जांच के लिए वर्तमान में पांच ही है।

**स्टाफ करता है लापरवाही**

कई बार स्टाफ लापरवाही करता है। स्टोर में 25 पैक्ट एक्स-रे फिल्म मौजूद हैं। जिनसे दो से तीन दिन तक बिना किसी समस्या के जांच हो सकती हैं। एक्स-रे से लेकर अन्य सभी जांचे हो रहीं हैं। यदि इस तरह की लापरवाही हो रही है तो इसकी जांच कराई जाएगी। **डॉ. राकेश श्रीवास्तव,** सिविल सर्जन, जेपी अस्पताल

### जेपी के ब्लॉक वन में पानी हुआ खत्म

*सोमवार को जेपी अस्पताल के ब्लॉक वन में पानी की किल्लत हो गई। जानकारी के अनुसार रात को तैनात कर्मचारी मोटर चलाना भूल गया। ऐसे में सोमवार दोपहर 12 बजे तक पानी नहीं आया। ऐसे में ब्लॉक वन में लगी पुरानी मशीन की प्लेट्स साफ नहीं हो सकी। जिससे यहां का एक्सरे बंद पड़ा रहा। वहीं दूसरी तरफ ओपीडी में दिखाने आने वाले मरीजों को ब्लॉक वन में पीने के पानी से लेकर शौचालय के लिए परेशान होना पड़ा।*

## फीवर क्लीनिक: डॉक्टर के लिखने के बाद भी कोरोना की जांच नहीं करा रहे मरीज

**भोपाल।** राजधानी में कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है। सरकारी अस्पताल में डॉक्टर ओपीडी के पर्चे पर मरीज को आरटीपीसीआर जांच कराने का लिख रहे हैं। फिर भी लोग फीवर क्लीनिक में जांच नहीं करा रहे हैं। हालात यह है कि फीवर क्लीनिक में एक दिन में 10 सैंपल भी नहीं हो पा रहे हैं। इधर, लोग इस डर से क्लीनिक नहीं पहुंच रहे हैं कि कहीं वहां जाने से उन्हें कोरोना न हो जाए।

### फीवर क्लीनिक जेपी अस्पताल: दोपहर एक बजे

जेपी अस्पताल के फीवर क्लीनिक दोपहर एक बजे तक केवल चार लोग सैंपल देने आए। कर्मचारियों का कहना है कि कोरोना को लेकर लोगों के मन अब भी डर दूर नहीं हुआ है। उन्हें लगता है कि कहीं कोरोना निकल गया तो फिर क्या होगा। हम हर रोज की रिपोर्ट सीएमएचओ दफ्तर और आईसीएमआर को ऑनलाइन भेजते हैं।

### फीवर क्लीनिक चार ईमली दोपहर 2 बजे

चार ईमली स्थित फीवर क्लीनिक में दोपहर के 2 बजे। यहां के कोरोना स्क्रीनिंग का बोर्ड लगा है। फीवर क्लीनिक में सन्नाटा है। यहां पर एक भी नॉर्मल मरीज नहीं है। पूछने पर यही बताया जाता है कि यहां पर अभी जांच नहीं हो रही हैं। इसलिए मरीज नहीं आ रहे हैं।

### सैंपल देने से डर रहे लोग

फीवर क्लीनिक में आकर सैंपलिंग कराने वालों की संख्या बेहद कम है। कुछ लोग डरकर और अन्य बहानों से सैंपल नहीं देते हैं। पेशेंट को कोरोना सैंपल लेने के लिए समझाना बेहद मुश्किल होता है। लोगों में डर है।
**डॉ. राकेश श्रीवास्तव**
अधीक्षक, जेपी अस्पताल

तीन साल से महिला को थी यह दुर्लभ समस्या

# महिला के पेट से निकाला 29 किलो का गर्भाशय पिंड



एम्स के डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर निकाला ट्यूमर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी के एम्स में आई 44 वर्षीय महिला के पेट से 29 किलो का गर्भाशय पिंड निकाला गया है। हैरानी की बात यह है कि महिला को तीन साल से यह दुर्लभ समस्या थी। इस दौरान उसने दो निजी अस्पतालों में इलाज भी कराया, लेकिन समस्या लगातार बढ़ती चली गई, जिसके चलते महिला रोजमर्रा के कार्य करने तक में असमर्थ थी। जब एम्स की ओपीडी में महिला पहुंची थी तो उसे चलने तक में दिक्कत आ रही थी। निकाले गए ट्यूमर को जांच के लिए भेजा गया है। यह गर्भाशय से उत्पन्न होने वाले विशाल पेल्विक मास का बड़ी मात्रा में इकट्ठा होना एक अत्यंत दुर्लभ घटना है।

इस तरह की सर्जरी के दौरान हार्ट से लेकर लंग्स को नुकसान होने का खतरा रहता है। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की एचओडी डॉ. के पुष्पलता के मार्गदर्शन में डॉ. अजय हलदर, डॉ. ज्योति नाथ मोदी और डॉ. भारती सिंह के सामूहिक प्रयासों से मरीज की स्थिति को नियंत्रण में लाया गया। इसके बाद मरीज का ऑपरेशन डॉ. भारती सिंह के नेतृत्व वाली ऑपरेटिव टीम ने किया, जिसमें सीनियर रेजिडेंट डॉ. नैना गौतम और डॉ. हर्षिता नायडू शामिल थी। इनके साथ एनेस्थीसिया टीम से डॉ. आशुतोष कौशल और डॉ. सोनाली की मदद से सर्जरी संभव हो सकी।

### दो सप्ताह की प्लानिंग के बाद की गई सर्जरी

एम्स से मिली जानकारी के अनुसार महिला दो सप्ताह पहले अस्पताल आई थी। महिला की गंभीर समस्या को देखते हुए उसे तत्काल भर्ती होने की सलाह दी गई। जिसके बाद से ही प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने अन्य संबंधित विभागों से चर्चा के बाद उनकी सर्जरी की योजना बनाई। सर्जरी की जटिलता को देखते हुए महिला के अन्य अंगों की जांच भी की गई। डॉक्टरों ने बताया ट्यूमर ने शरीर के बाकी हिस्सों को ज्यादा प्रभावित नहीं किया था।


छोला मंदिर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ा

# आयल डिपो के सामने सड़क पर खड़े टैंकर में युवक ने लगाई आग, बस का कांच फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

छोला मंदिर थानांतर्गक भानपुर स्थित इंडियन आयल डिपो के सामने खड़े एक टैंकर के पास अलाव ताप रहे सिरफिरे युवक ने टैंकर के टायरों में आग लगा दी।

पुलिस के मुताबिक शिवनगर में रहने वाले राजेंद्र साहू (50) टूरिस्ट बस चलाते हैं। बीती रात करीब साढ़े बारह बजे वह इंडियन आयर डिपो के सामने सड़क किनारे बस खड़ी कर घर जा रहे थे। इस बीच उनकी नजर पड़ी तो डिपो के सामने खड़े एक डीजल टैंकर के टायरों में आग लगी दिखी। उन्होंने शोर मचाया तो मौके से एक युवक भागा और उनकी



बस की खिड़की का कांच फोड़कर अंदर घुस गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने तत्काल ही आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### अलाव के कारण लगी टायरों में आग

पुलिस ने बताया कि आरोपी ब्रजेश अहिरवार (27) मूलतः सागर का रहने वाला है। फिलहाल उसकी गर्भवती पत्नी भानपुर स्थित अपने मायके में रह रही है। वह पत्नी से मिलने के लिए भोपाल आया था। रात के समय वह टैंकर के पास ही अलावा जलाकर ताप रहा था। अनुमान है कि इसी अलाव के कारण टायरों में आग लगी थी। आग लगते देख जब लोगों ने शोर मचाया तो बचने के लिए उसने बस का कांच फोड़ दिया। बातचीत के दौरान पता चला कि युवक मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। मामले की जांच की जा रही है।

## छह माह देरी से भेजी जिला प्रशासन को फाइल, अब अनुमति का इंतजार

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग की लापरवाही के चलते राजधानी के शाहजहांनाबाद के परी बाजार के सामने स्थित शा. दृष्टि एवं श्रवण बाधित उमा विद्यालय का छात्रावास अब तक शुरू नहीं हो सका है। विभाग द्वारा अब करीब 6 माह देरी से जिला प्रशासन को स्टाफ की नियुक्ति की फाइल भेजी है, जिस पर अनुमति मिलने का इंतजार विभाग कर रहा है। ऐसे में करीब 6 माह से यहां के 60 से अधिक दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चे परेशान हो रहे है। नतीजन जो पढ़ाई इन विद्यार्थियों की सभी सुविधाओं के साथ इस हॉस्टल में रहकर हो सकती थी, वह नहीं हो सकी। इन विद्यार्थियों कक्षा दसवीं-बारहवीं के हैं। जो फरवरी में होने वाली माशिमं की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होंगे। इधर, विभागीय अधिकारी जिला प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद छात्रावास शुरू करने की बात कह रहे हैं।

### स्टाफ की ज्वॉइनिंग के साथ छात्रावास होगा शुरू

विभाग की ओर से जिला प्रशासन को फाइल भेजी गई है। जैसी ही वहां से अनुमति मिल जाएगी, उसके बाद जल्द ही स्टाफ की ज्वाइनिंग के साथ छात्रावास शुरू किया जाएगा।
**प्रभा सोमवंशी,** अधीक्षिका

# नौकरी दिलाने के नाम पर 8 लाख की ठगी, 12 साल बाद दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

**राजगढ़ से नौकरी की तलाश में आए युवक को मकान मालिक ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों ऐंठे**

राजगढ़ जिले से भोपाल में नौकरी तलाश में आए युवक को मकान मालिक ने लाखों रुपए का चूना लगा दिया। सरकारी नौकरी का लालच देकर 8 लाख रुपए वसूल लिए। सरकारी नौकरी नहीं मिलने पर युवक ने मकान मालिक से रकम लौटाने के लिए कहा तो आनाकानी करने लगा। कई सालों तक चक्कर लगाने के बाद पैसे नहीं वापस किया तो युवक ने पुलिस में शिकायत कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

अयोध्या नगर एस आई गौरव सिंह ने बताया कि अशोक धनगर मूलत राजगढ़ जिले के रहने वाले हैं। साल 2013 में नौकरी की तलाश में भोपाल आए थे। पूनम चंद्र बांघेवाल के मकान पर किराए से रह रहे थे। इस दौरान पूनम चंद्र ने उन्हें सरकारी नौकरी दिलाने का लालच दिया। पूनम चंद्र ने कहा कि उनकी कई नेता मंत्रियों से पहचान है। इसलिए सरकारी नौकरी लगवा देंगे। इसके लिए उन्हें लाखों रुपए खर्च करने होंगे। अशोक पूनम चंद की बातों पर आ गए। आरोपी ने अशोक को कहा कि भोज मुक्त विश्वविद्यालय में असिस्टेंट ग्रेड की पोस्ट पर नौकरी मिलेगी। इसके लिए 8 लाख रुपए रिश्वत के तौर पर देने होंगे। नौकरी की चाहत में कई सालों तक अशोक भोपाल के चक्कर काटते रहे।

पिछले छह महीने में कभी नहीं रहा ऐसे कोहरे का असर

# सर्द हवाओं और घने कोहरे की चादर में लिपटी रही सुबह, दिनभर में कुछ देर टिमटिमाया सूरज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी में मौसम ने मंगलवार से रंग बदलना शुरू किया है। शहर की सुबह सर्द हवाओं और घने कोहरे की चादर में लिपटी रही, जबकि पूरे दिन सर्द हवाओं और धुंध का असर रहने से दिन में भी ठंडक महसूस की गई। दोपहर के समय कुछ देर के लिए सूरज दिखा, लेकिन धुंध के कारण टिमटिमाता नजर आया। इस बीच सर्द हवाओं की रफ्तार 12 किमी प्रति घंटे के आसपास रहने से दोपहर बाद से लोगों ने अलाव का सहारा लेना शुरू कर दिया। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को भी मौसम कुछ ऐसा ही रहेगा। बीते 6 महीने में इतना घना कोहरा नहीं रहा।



### देर से हुई सुबह, बाहर झांका तो सूरज गायब

मंगलवार को शहरवासियों की सुबह कोहरे के कारण लेट हुई। सुबह 6 से 7 बजे तो सूरज आसमान से पूरी तरह गायब दिखा, जो 9 बजे के बाद कुछ रोशनी बिखेरता दिखा। इसके बाद धीरे-धीरे उजाला बढ़ा और 12 बजे के करीब हल्की धूप दिखी, लेकिन धूप में गर्मी की जगह सर्दी घुली रही।

### यह ट्रेनें पहुंची देरी से

12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 5 घंटे
22222 मुंबई राजधानी 1.30 मिनट लेट
16032 अंडमान एक्सप्रेस 3.00 घंटे
14116 प्रयागराज - डॉ. आम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 5 घंटे
12716 सचखंड एक्सप्रेस 19 घंटे
12616 जीटी एक्स. 4.50 घंटे
12724 तेलंगाना एक्स. 4.30 घंटे
11058 अमृतसर एक्स. 3.10 घंटे
12002 शताब्दी एक्सप्रेस 2.20 घंटे
12626 - केरला एक्सप्रेस 13 घंटे
22692- बैंग्लूरु राजधानी एक्सप्रेस 4.50 घंटे
20806-आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस 5.32 घंटे
12920 मालवा एक्स. 5.00 घंटे
12156 भोपाल एक्स. 4.40 घंटे
12622- तमिलनाडु एक्सप्रेस 4.50 घंटे
12722 दक्षिण एक्स. 3 .10 घंटे
18237 छतीसगढ़ एक्सप्रेस 4.15 घंटे

भोजपाल महोत्सव मेले में कवि सम्मेलन



## मैं सूरज से आंख मिलाने वाला हूं... किया कविता पाठ

**भोपाल।** पैरों में अंगार बांधे सीने में तूफान भरे, खूनी तालिबानों का इतिहास नहीं तो क्या गाऊ। मैं सूरज से आंख मिलाने वाला हूं। ये गौतम बुद्धा की प्रतिमा तोड़े बैठे है। जैसी जोश भरी कविताओं से डॉ. हरि ओम पवार ने लोगों में जोश भरा। इस मौके पर पवार ने कहा कि भारत का सर्वोच्च मंदिर राम मंदिर होगा और सर्वोच्च शहर अयोध्या होगा। मणिका दुबे ने मां दुर्गा की वंदना से कवि सम्मेलन की सुरुआत की। इसके बाद शशिकांत शशि ने झाड़ फूक वाला, जादू टोना वाला देश मानते थे, देखो हमने दुनिया का गर्दा झाड़ दिया है। देखो हमने चांद पर झंडा गाड़ दिया है। हिंदुस्तान है हमारा और हम हिन्दू है जैसी कविताएं पढ़ी।

## रिनल एंड लिवर ट्रांसप्लांट और ट्रांसजेंडर क्लीनिक की होगी शुरुआत: डॉ. अजय

**भोपाल।** एम्स भोपाल के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने वर्ष 2024 में शुरू होने वाली स्वास्थ्य सुविधा की डॉक्टर, अधिकारी और मेडिकल टीम के साथ समीक्षा की। डॉ सिंह ने बीते वर्ष की उपलब्धियां पर कहा कि ओपीडी में मरीजों की संख्या में 56 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने के साथ भर्ती होने वाले मरीज 32 हजार से बढ़कर 50 हजार हो गए हैं, जबकि इमरजेंसी के मामलों में 170 प्रतिशत, बेड ऑक्युपेंसी 62 से बढ़कर 77 प्रतिशत हो गई है।

- ओपीडी में मरीजों की 56 प्रतिशत की बढ़ोतरी

वर्ष 2024 विजन को प्रस्तुत करते हुए डॉ सिंह ने कहा कि इस वर्ष रिनल एंड लिवर ट्रांसप्लांट शुरू करना, ट्रांसप्लांट सेंटर की स्थापना, ट्रांसजेंडर क्लीनिक की शुरुआत, दूरदराज इलाकों में दवा की डिलीवरी और रक्त नमूने एकत्र करने के लिए ड्रोन की सुविधा, नए प्रशासनिक भवन का उद्घाटन, अपेक्स पीडियाट्रिक सेंटर और क्रिटिकल केयर यूनिट की स्थापना आदि कुछ मुख्य लक्ष्य हैं।

कोहरा की चादर

# मध्यप्रदेश-राजस्थान समेत 19 राज्यों में कोहरा

## श्रीनगर की डल झील जमी



दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल के जवान सर्द सुबह और कोहरा में आगामी गणतंत्र दिवस परेड के लिए रिहर्सल करते हुए।

**21** ट्रेनें लेट दिल्ली में

**50** मीटर तक दृश्यता

**5** डिग्री पारा श्रीनगर में

### देश के नौ राज्यों में विजिबिलिटी शून्य पर पहुंच गई

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन भी मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत देश के 19 राज्यों में कोहरा देखने को मिला। उत्तर भारत के कई जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर तक आ गई। विजिबिलिटी कम होने के कारण 21 ट्रेनें निर्धारित समय पर नहीं चल सकीं। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी देखने को मिली। श्रीनगर में पारा माइनस 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। डल झील पर हल्की बर्फ की परत देखने को मिली है।

**पंजाब में तापमान 6 डिग्री के आसपास**

पंजाब के कई जिलों में तापमान 6 -9 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया। घने कोहरे के कारण पंजाब सरकार ने स्कूलों का टाइम बदल दिया। अब स्कूल सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही लगेंगे। यह नियम 14 जनवरी तक लागू रहेगा।

**कई राज्यों में बारिश की भी संभावना**

आईएमडी के अनुसार उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु और केरल में 2 जनवरी के आसपास हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है। प्राइवेट वेदर फोरकास्ट एजेंसी स्काईमेट के अनुसार अगले 3 दिनों तक पंजाब और पश्चिमी उत्तरप्रदेश के हिस्सों में घना कोहरा छा सकता है। हरियाणा और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 2 दिन तक बहुत घना कोहरा होने की संभावना है।

---

तमिलनाड में प्रधानमंत्री ने किया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन

तिरुचिरापल्ली में पीएम मोदी ने कई सौगातें दी

# अब तमिलनाडु बन रहा मेक इन इंडिया का प्रमुख ब्रांड एंबेसडर

पीएम मोदी ने 20,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन,शिलान्यास किया। तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। स्वदेशी प्रमाणित फास्ट रिएक्टर फ्यूल रीप्रोसेसिंग प्लांट (डीएफआरपी) राष्ट्र को समर्पित किया

**आईजीसीएआर, कलपक्कम में तैयार स्वदेशी प्रमाणित फास्ट रिएक्टर फ्यूल रीप्रोसेसिंग प्लांट राष्ट्र को समर्पित किया**



एजेंसी ⏭ तिरुचिरापल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में 20,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और कई का शिलान्यास किया। तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। आईजीसीएआर, कलपक्कम में तैयार स्वदेशी प्रमाणित फास्ट रिएक्टर फ्यूल रीप्रोसेसिंग प्लांट (डीएफआरपी) राष्ट्र को समर्पित की।

इन विकास परियोजनाओं में तमिलनाडु में रेल, सड़क, तेल और गैस और शिपिंग क्षेत्र जैसे क्षेत्र शामिल हैं। नई सड़क परियोजनाएं श्रीरंगम, चिदंबरम, रामेश्वरम और वेल्लोर जैसे आस्था और पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्रों को जोड़ेंगी। पीएम मोदी ने कहा कि परियोजनाएं यहां के आर्थिक परिदृश्य पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। दुनिया भर से भारत में आने वाले भारी निवेश का जिक्र करते हुए कहा कि इसका सीधा लाभ तमिलनाडु और उसके लोगों को मिल रहा है, क्योंकि राज्य मेक इन इंडिया के लिए एक प्रमुख ब्रांड एंबेसडर बन गया है।

### केंद्र तमिलनाडु के लोगों के साथ

उन्होंने तमिलनाडु के लिए पिछले तीन कठिन हफ्तों का जिक्र करते हुए कहा कि जब भारी बारिश हुई तो उसमें कई लोगों की जान चली गई और संपत्ति का भी काफी नुकसान हुआ। पीएम मोदी ने शोक व्यक्त किया और यह भी कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, हम राज्य सरकार को हरसंभव मदद मुहैया करा रहे हैं।



**राज्य में रोजगार के हजारों अवसर पैदा होंगे**

जनसमूह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सभी के लिए फलदायी और समृद्ध नए साल की कामना की और प्रसन्नता व्यक्त की कि 2024 में उनका पहला सार्वजनिक कार्यक्रम तमिलनाडु में हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज 20,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं तमिलनाडु की प्रगति को मजबूत करेंगी। उन्होंने राज्य के लोगों को रोडवेज, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, ऊर्जा और पेट्रोलियम पाइपलाइनों के क्षेत्रों में फैली परियोजनाओं के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, राज्य में रोजगार के हजारों अवसर भी पैदा होंगे।

### केंद्र सरकार का बंदरगाह आधारित विकास पर जोर

पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार के बंदरगाह आधारित विकास पर ध्यान केंद्रित किए जाने के बारे में पीएम मोदी ने तटीय क्षेत्रों और मछुआरों के जीवन में बदलाव लाने वाली परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने मत्स्य पालन के लिए एक अलग मंत्रालय और बजट, मछुआरों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए नाव आधुनिकीकरण के लिए सहायता और पीएम मत्स्य संपदा योजना के बारे में बताया।

### निवेश के बारे में दी जानकारी

पीएम ने पिछले 10 वर्षों में सड़क मार्ग, रेलवे, बंदरगाह, हवाई अड्डे, गरीबों के लिए घर और अस्पतालों जैसे क्षेत्रों में भारत के भारी निवेश के बारे में जानकारी दी और उन्होंने भौतिक बुनियादी ढांचे पर सरकार के जोर को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के दुनिया की शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का भी उल्लेख किया। भारत आशा की किरण बन गया है।

### यह देश की समृद्धि संस्कृति का प्रतिबिंब

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में दोहराया 25 वर्षों तक आजादी का अमृत काल भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने में अहम है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु भारत की समृद्धि और संस्कृति का प्रतिबिंब है। इसके साथ ही पीएम ने कहा,तमिलनाडु प्राचीन भाषा तमिल का घर है और यह सांस्कृतिक विरासत का खजाना है।



**किसी भी राष्ट्र को दिशा देने में विश्वविद्यालय अहम**

पीएम मोदी ने भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्रों को पुरस्कार भी प्रदान किए। मैं तमिलनाडु के खूबसूरत राज्य और युवा लोगों के बीच आकर खुश हूं। मैं ऐसा करने वाला पहला प्रधानमंत्री हूं जिसे दीक्षांत समारोह में यहां आने का सौभाग्य मिला है। विश्वविद्यालय देश को दिशा देने में अहम हैं।

सिंधिया बोले

### हवाई अड्डे को विकास से जोड़ रहे

इस मौके पर नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हवाई अड्डे न केवल यात्रा का माध्यम बनें, बल्कि हवाई अड्डे विकास का केंद्र बनें। हवाई अड्डे पूरे देश के लिए रोजगार का केंद्र बनें। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 9.5 वर्षों में एक बदलाव आया है। देश के लोगों के लिए पीएम की आकांक्षा है कि हर कोई जो 'हवाई चप्पल' पहनता है उसे भी 'हवाई जहाज' में यात्रा करनी चाहिए।

---

कांग्रेस और आप में 'जुबानी जंग'

# 'एक थी कांग्रेस' पर कांग्रेस बोली 'एक था जोकर' देखी

- आईएनडीआईए में सीट बंटवारे के पहले ही दोनों में तकरार तेज हो गई



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जल्द चर्चा शुरू होनी है। इससे पहले विपक्षी दलों के बीच ही आपस में जुबानी जंग शुरू हो चुकी है।

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कहा कि पंजाब और दिल्ली में एक मां अपने बच्चे को सबसे छोटी कहानी अगर सुना सकती है तो वह 'एक थी कांग्रेस' होगी। इस बयान के बाद कांग्रेस की ओर से भी कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सीएम भगवंत मान पर निशाना साधा है।

### मान पर खेड़ा ने किया पलटवार

सीएम मान के बयान के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि आम आदमी पार्टी और मोदीजी के विचार काफी मिलते हैं। दोनों का



सपना कांग्रेस मुक्त भारत का है। दोनों ही मुंह की खाएंगे। वैसे एक भोजपुरी पिक्चर का नाम है 'एक था जोकर', आपने तो देखी होगी?' वहीं कांग्रेस के प्रवक्ता अशप्रीत का कहना है कि एक थी आप कहना गलत होता क्यों जिसका जन्म ही नहीं हुआ उसका लिए थी का इस्तेमाल कैसे करें। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में तो आप को नोटा से भी कम वोट मिले हैं।

### सीट बंटवारे पर दिखेगा इसका असर

लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन जल्द सीट बंटवारे को लेकर बैठक करने जा रहा है। कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा चुनौती है। लोकसभा सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय होने के बाद ही आईएनडीआईए के दलों की अगली बैठक बुलाए जाने की संभावना है ताकि चुनाव से पहले गठबंधन की एकजुटता का संदेश दिया जा सके। टीएमसी लेकर जेडीयू और आम आदमी पार्टी की ओर से आ रहे बयानों को लेकर कांग्रेस की मुश्किलें पहले ही बढ़ गई हैं। हालिया बयानों का असर इंडिया गठबंधन की अगली बैठक में भी दिख सकता है।

---

## खबर संक्षेप

### हिमाचल के डीजीपी पद से हटाए गए संजय कुंडू



**शिमला।** हिमाचल के डीजीपी संजय कुंडू के खिलाफ सरकार ने उन्हें पद से हटा दिया है। कारोबारी से विवाद मामले में हाईकोर्ट के आदेश के बाद उनका ट्रांसफर कर दिया गया। उनका ट्रांसफर आयुष विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी के रूप में किया दिया है।

### अजमेर दरगाह के पास गिरी इमारत, कई जख्मी



**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर जिले में दरगाह के पास तीन मंजिल वाला एक पुराना मकान गिर गया है। मलबे में लोगों के दबे होने की आशंका है। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि यह हादसा अमजेर के 16 सीढ़ी इलाके में हुआ।

### लोकसभा की 'विशेष' समिति की बैठक 12 को



**नई दिल्ली।** लोकसभा की विशेषाधिकार समिति 3 कांग्रेस सदस्यों को सदन से निलंबित करने के मुद्दे पर विचार करेगी। भाजपा सांसद सुनील कुमार सिंह पैनल की अध्यक्षता कर रहे हैं। इसमें के. जयकुमार, अब्दुल खालिक और विजयकुमार विजय वसंत के बयान दर्ज किए जाएंगे।

---

बाबरी विध्वंस से जुड़े मामले में 31 साल बाद गिरफ्तारी

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले मचा बवाल, आज पूरे कर्नाटक में प्रदर्शन करेगी भाजपा

## विजयेंद्र ने कहा- तुरंत रिहा करें

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

अयोध्या में 22 जनवरी का राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले कर्नाटक में बवाल मच गया है। 31 साल पुराने एक मामले में पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है। यह मामला बाबरी विध्वंस के बाद हुए दंगों को लेकर था।



बीवाई विजयेंद्र

इस मामले में एक कारसेवक की गिरफ्तारी की गई है। अब इसे लेकर भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि कुछ लोगों की आंखों में राम मंदिर खटक रहा है। इस गिरफ्तारी को लेकर भाजपा पूरे कर्नाटक में प्रदर्शन करेगी। दूसरी तरफ कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि उन्हें तुरंत रिहा किया जाए।

**क्या है पूरा मामला?**

कर्नाटक के हुबली में भी इसे लेकर प्रदर्शन हुए थे। इसमें हुबली में एक अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति की दुकान को जला दिया गया था। इस मामले में 50 साल के कारसेवक श्रीकांत पुजारी को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने इस मामले में उन्हें गिरफ्तार किया है। भाजपा ने कहा, राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले जान बूझकर गिरफ्तारी की गई है। राज्य सरकार एसडीपीआई और पीएफआई के खिलाफ सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है।

सिद्धारमैया बोले

### किसी ने गलती की तो सरकार क्या करें?



इस मामले में सीएम सिद्धारमैया का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि है कि अगर किसी ने गलती की है तो सरकार क्या करे? किसी अपराधी को ऐसे खुला नहीं छोड़ा जा सकता है। सब कानून के मुताबिक किया जा रहा है। किसी भी निर्दोष की गिरफ्तारी नहीं की है। यह नफरत की राजनीति नहीं है।

---

राहुल-ओवैसी का केंद्र पर हमला

# बिना चर्चा के कानून बनाना गलत, लोकतंत्र पर प्रहार...



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हिट एंड रन कानून और ट्रक ड्राइवरों के प्रदर्शन को लेकर केंद्र पर हमला किया। राहुल ने एक्स पर लिखा, बिना प्रभावित वर्ग से चर्चा और बिना विपक्ष से संवाद के कानून बनाने की जिद लोकतंत्र की आत्मा पर निरंतर प्रहार है। 150 से अधिक सांसद निलंबित थे तो संसद में भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, ड्राइवर्स के विरुद्ध एक ऐसा कानून बनाया जिसके परिणाम घातक हो सकते हैं।

### हमने अपनी मस्जिद खो दी...

एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्लिम युवाओं से केंद्र सरकार के जरिए की जा रही गतिविधियों से सावधान रहने की अपील की है। युवा मुसलमानों को सतर्क और एकजुट रहना होगा। युवाओ हमने अपनी मस्जिद खो दी है। वहां क्या हो रहा है?

---

# लोकसभा चुनाव से पहले लागू होगा सीएए 6 समुदाय बन सकेंगे भारतीय

**अगले महीने तक लागू होने की खबर**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनाव से पहले 'नागरिकता संशोधन अधिनियम' (सीएए) के नियम लागू हो जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस मामले में होमवर्क पूरा कर लिया है।

संभव है कि जनवरी या फरवरी में सीएए के नियम लागू हो जाएंगे। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के तहत भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश, जिनमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए गैर मुस्लिम प्रवासी लोगों के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम आसान हो जाएंगे। इन 6 समुदायों में हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी शामिल हैं।



### 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में आए लोग ही पात्र

सीएए 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति मिल गई थी। ऐसे अल्पसंख्यक, 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हों।

### अभी कुछ नियम बनना बाकी

यह कानून अभी तक इसलिए लागू नहीं हो सका, क्योंकि सीएए के तहत नियम बनाए जाने बाकी हैं। राज्यसभा और लोकसभा में अधीनस्थ विधान पर संसदीय समितियों ने क्रमशः 31 दिसंबर, 2022 और 9 जनवरी, 2023 तक गृह मंत्रालय को विस्तार दिया था।

---

यूपी में सपा-कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग की बात अंतिम दौर में

# आज पेश की जाएगी 'सीट' की रिपोर्ट, जल्द फैसला संभव

**कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को सौंपी जाएगी कांग्रेस गठबंधन समित की रिपोर्ट**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अब 3 महीने का वक्त बचा है। सभी राजनीतिक दल आम चुनावों के लिए सीटों पर उम्मीदवारों के चयन में जुट गई हैं।

इंडी अलायंस भी गठबंधन के दलों के बीच सीट शेयरिंग पर चर्चा में जुटी है। कांग्रेस गठबंधन कमिटी अपनी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को गठबंधन और सीट शेयरिंग पर रिपोर्ट सौंपेगी। कमेटी में राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक और मोहन प्रकाश शामिल हैं। मुकुल वासनिक कमेटी के संयोजक हैं।

**कांग्रेस 20 सीटें मांग रही**



यूपी में कांग्रेस 15-20 सीट की डिमांड कर रही है। वहीं समाजवादी पार्टी ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया है कि वह गठबंधन में सीटें मांगेगी नहीं बल्कि देगी। फिलहाल उत्तरप्रदेश में सीटों के बंटवारे का दारोमदार न सिर्फ सपा बल्कि कांग्रेस पर भी है। अलायंस के झंडे तले यूपी में सपा, कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकदल तीनों साथ हैं। रालोद भी 10-12 सीटों की मांग कर रही है। रालोद जाट बहुल सीटों पर अपना दावा ठोक रही है।

### यूपी कांग्रेस को भी रिपोर्ट का इंतजार

सपा के संदर्भ में सूत्रों का दावा है कि पार्टी ने फैजाबाद, कन्नौज, मैनपुरी, आजमगढ़, बदायूं, फिरोजाबाद और अंबेडकरनगर में प्रत्याशी उतारने का मन बना लिया है। एटा लोकसभा सीट पर तो अखिलेश यादव ने नवल किशोर शाक्य की उम्मीदवारी पर मुहर लगा दी। कांग्रेस अमेठी और रायबरेली समेत कई और सीटों पर अपना दावा कर रही है। अब कांग्रेस की यूपी इकाई को इस बात का भी इंतजार है कि वह जिन सीटों पर अपना दावा ठोक रही है, वह उसे मिलेंगी या नहीं।

सोनिया का हमला

### भारत की विविधता और एकता पर किया जा रहा हमला

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने सेक्युलरिज्म को लेकर एक बार फिर से केंद्र



सरकार की नीतियों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय लोकतंत्र का मूलभूत स्तंभ रहा है, लेकिन आज सत्ताधारी दल इसका अपमान कर रहे हैं। सोनिया ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग इस शब्द का इस्तेमाल कुछ इस प्रकार कर रहे हैं जिससे समाज में ध्रुवीकरण बढ़ रहा है। सोनिया ने यह भी कहा कि वे कहते हैं कि वे लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन व्यवहार में इसका असर देखने को नहीं मिलता।

---

झारखंड में भी लालू-राबड़ी मॉडल

# कल्पना की ताजपोशी संभव हेमंत ने आज बुलाई बैठक

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की 'कुर्सी' क्या जाने वाली है? अगर हेमंत सीएम नहीं रहेंगे तो



राज्य में सरकार की बागडोर कौन संभालेगा ?

इन दिनों झारखंड की सियासी गर्मी बढ़ी है। सीएम की कुर्सी कल्पना सोरेन को दी जा सकती है, जो हेमंत की पत्नी हैं। ऐसा होता है तो बिहार में लालू प्रसाद और राबड़ी देवी की तर्ज पर झारखंड में भी पति-पत्नी दोनों को सीएम बनने का मौका मिलेगा। हालांकि 'ताजपोशी' को लेकर झामुमो की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### सहमति बनाने के प्रयास किए जा रहे

माना जा रहा है कि हेमंत सोरेन जल्द ही अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। बुधवार को हेमंत के आवास में सत्तारूढ़ झामुमो और कांग्रेस-राजद गठबंधन के विधायकों की बैठक है। इसमें सभी विधायकों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने को कहा गया है। चर्चा है बैठक में कल्पना को गठबंधन का नया नेता चुने जाने पर सहमति बनाई जा सकती है।

# दूसरे विमान से टकराते ही रनवे पर दौड़ रहा विमान बना आग का गोला, 5 क्रू मेंबरों की मौत



मंगलवार को हनेडा हवाई अड्डे के रनवे पर जापान एयरलाइंस के एक विमान में आग लग गई।

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान के हनेडा एयरपोर्ट के रनवे पर दो विमानों की टक्कर में कोस्ट गार्ड के प्लेन में सवार छह में से पाँच अधिकारियों की मौत की पुष्टि हुई है। संभवतः जापान एयरलाइंस का विमान लैंड होते समय रनवे पर खड़े कोस्ट गार्ड के विमान से टकराया और दोनों में भीषण आग लग गई। हालांकि, जापान एयरलाइंस के विमान में सवार सभी 379 यात्रियों और क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। लेकिन अब जापान के सरकारी ब्रॉडकास्टर एनएचके की वेबसाइट पर पुलिस के हवाले से दी गई जानकारी के अनुसार कोस्ट गार्ड के विमान में मौजूद छह में से पाँच क्रू सदस्यों की हादसे में मौत हो गई है। खबरों के मुताबिक कोस्ट गार्ड का विमान एक जनवरी को आए तीव्र भूकंप के बाद लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने के लिए जा रहा था।

### मदद के मिशन पर था तटरक्षक विमान

*तटरक्षक विमान मध्य जापान में आए भूकंप से प्रभावित क्षेत्र की मदद के लिए आपूर्ति ले जाने के मिशन पर था। हादसे के बाद दमकल की 70 गाड़ियां भेजी। शाम साढ़े छह बजे (स्थानीय समय) तक विमान लगभग पूरी तरह आग की लपटों में घिर चुका था।*

### विमान ने यहां से भरी थी उड़ान

*विमान ने उत्तरी जापान में होक्काइडो द्वीप पर सप्पारो से उड़ान भरी थी, जिसे स्थानीय समयानुसार छह बजे हनेडा एयरपोर्ट पर उतरना था। कोस्ट गार्ड का कहना है कि कब और कैसे दो विमान टकराए, इसकी जांच की जा रही है।हनेडा एयरपोर्ट की सभी उड़ानों को रद्द कर दिया गया है।*

### विमान के उतरते समय हुआ हादसा

जापान एयरलाइंस के विमान में सवार सभी 379 यात्री और क्रू मेंबर सकुशल निकाल लिए गए हैं। माना जा रहा है कि फ्लाइट 516 उतरते समय एक जापानी तटरक्षक विमान के साथ टकराया था। जापानी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तटरक्षक विमान में सवार एक व्यक्ति बच गया है, जबकि पांच लोगों की मौत हो गई है।

### ये रही हादसे की वजह

जापान की समाचार एजेंसी के मुताबिक, जापान एयरलाइंस ने बताया कि यात्री विमान या तो रनवे पर दूसरे विमान से टकरा गया या उतरने के बाद टैक्सीवे से टकरा गया। भूमि, बुनियादी ढांचा, परिवहन और पर्यटन मंत्रालय ने कहा कि वह मामले की जांच कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### अमृतपाल के साथ कुलवंत को मिली पैरोल



**नई दिल्ली।** पंजाब पुलिस ने 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख अमृतपाल सिंह के एक सहयोगी कुलवंत सिंह राउके को छह दिन की पैरोल दी है। पंजाब पुलिस ने बताया कि कुलवंत सिंह के चाचा का निधन हो गया है, इसीलिए उसे यह छूट दी गई है। सब इंस्पेक्टर मंजीत सिंह ने बताया कि राउके असम की डिब्रूगढ़ जेल से मोगा में अपने गांव जाएगा। अमृतपाल सिंह और संगठन के नौ अन्य सदस्यों को डिब्रूगढ़ जेल में रखा गया है।

### दक्षिण कोरिया के विपक्षी नेता पर चाकू से हमला



**बुसान ।** दक्षिण कोरिया के विपक्षी नेता ली जेम्युंग पर बुसान शहर में चाकू से जानलेवा हमला किया गया। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है। हमले के समय डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख ली जेम्युंग, बुसान शहर के गाडेओक द्वीप पर एयरपोर्ट निर्माण स्थल का दौरा करने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। इसी दौरान हमलावर ने चाकू से उनकी गर्दन पर वार किया। उस समय हमलावर को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

## नेहरू या पटेल में किसकी नीति थी बेहतर? विदेश मंत्री ने बताया अंतर

# विदेश मंत्री ने नेहरू की नीति को कोसा बोले- पंचशील समझौता समझ से परे!



### भारत को चीन के साथ यथार्थवाद के आधार पर निपटना चाहिए

### भारत चीन के रिश्तों पर जयशंकर ने कहा-ताली दोनों हाथों से बजती है

*जयशंकर ने दोहराया है कि भारत को चीन के साथ यथार्थवाद के आधार पर निपटना चाहिए। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपसी संबंध तीन आपसी समझ- सम्मान, संवेदनशीलता और हित पर आधारित होने चाहिए।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि मैं चीन के साथ यथार्थवाद के आधार पर निपटने का तर्क देता हूं- यथार्थवाद का रास्ता, जो मुझे लगता है-सरदार पटेल से लेकर नरेंद्र मोदी तक सभी का रास्ता है कि मुझे लगता है कि हमने ऐसे रिश्ते बनाने की कोशिश की है जो आपसी संबंधों पर आधारित हों। जब तक उस पारस्परिकता को मान्यता नहीं दी जाती, इस रिश्ते का आगे बढ़ना मुश्किल होगा। विदेश मंत्री ने चीन पर व्यावहारिक दृष्टिकोण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं कहूंगा कि मोदी सरकार चीन से निपटने में सरदार पटेल द्वारा शुरू की गई यथार्थवाद की धारा के अनुरूप काम कर रही है।

### 1962 में दोस्ती को लगा झटका

*नेहरू के कार्यकाल की शुरुआत में चीन और भारत के बीच अच्छी दोस्ती थी। हालांकि भारत को 1962 में उस वक्त एक बड़ा झटका लगा जब चीन ने हमला कर दिया। चीन के इस आक्रमण ने नई दिल्ली में निर्णय लेने वालों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि चीन नीति पर दोबारा से विचार किया जाना चाहिए। क्या 2024 में भारत और चीन के बीच मतभेद खत्म हो पाएंगे? इस सवाल का जवाब देते हुए एस जयशंकर ने कहा कि ताली बजाने के लिए दो हाथों की जरूरत होती है। मैं इस मुद्दे को इस तरह से देखता हूं कि अगर आप हमारी विदेश नीति के पिछले 75 से अधिक वर्षों को देखें, तो उनमें चीन के बारे में यथार्थवाद का जोर है और आदर्शवाद, रूमानियत, गैर-यथार्थवाद का तनाव है. यह शुरुआती दिनों से ही शुरू हो जाता है, जब नेहरू और सरदार पटेल के बीच इस बात को लेकर गहरा मतभेद था कि चीन को कैसे जवाब दिया जाए।*

### दो दिग्गजों के मतभेद को समझाया

*भारत के पहले गृह मंत्री सरदार पटेल और पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दृष्टिकोण में अंतर बताते हुए जयशंकर ने दोनों दिग्गजों के बीच मतभेद पर प्रकाश डाला। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि शुरुआत से ही नेहरू और सरदार पटेल के बीच चीन को कैसे जवाब दिया जाए इस मुद्दे पर गहरे मतभेद रहे हैं। जयशंकर ने नेहरू और सरदार पटेल के यथार्थवादी दृष्टिकोण के बीच अंतर समझाते हुए कहा कि उदाहरण के लिए जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सीट की बात आई, तो हमें बिल्कुल वह सीट लेनी चाहिए थी। खैर वह एक अलग बहस है, लेकिन यह कहना कि हमें पहले चीन को (सुरक्षा परिषद में) जाने देना चाहिए- चीन का हित पहले आना चाहिए, यह एक बहुत ही अजीब बयान है।*

## सुनामी की आशंका से दहशत



मंगलवार को जापान के इशिकावा प्रांत के सुज़ू में आए भूकंप के बाद एक पुल पर दरारें देखी गईं।

# भूकंप से जापान में तबाही 48 लोगों की दुखद मौत

### पानी, बिजली और फोन सेवाएं ठप ,नेट भी बंद

### लगातार आए थे 60 झटके

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

पश्चिमी जापान में एक के बाद एक आए भूकंप से भारी तबाही मची है। मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। जबकि कई इमारतें, वाहन तथा नौकाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। इधर भूकंप के बाद सुनामी की आशंका को लेकर लोगों में दहशत का माहौल है। अधिकारियों ने बताया कि इशिकावा में भूकंप से 48 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि मकानों को काफी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन नहीं किया जा सका है।

खबरों में बताया गया कि हजारों मकान ढह गए हैं। सरकार के प्रवक्ता योशिमासा हयाशी ने कहा कि 17 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान में कहा कि उनका प्रशासन जापानी लोगों को हरसंभव मदद पहुंचाने के लिए तैयार है। अधिकारियों ने भूकंप के खतरे को देखते हुये मंगलवार को चेतावनी जारी कर कुछ क्षेत्र में लोगों को अपने घरों से दूर रहने को कहा है।

जापान के इशिकावा प्रांत और आसपास के इलाकों में सोमवार की दोपहर को भूकंप के एक के बाद एक 60 झटके आए थे। जिनमें सबसे अधिक 7.6 तीव्रता का भूकंप भी था। कुछ क्षेत्रों में पानी, बिजली और फोन सेवाएं अभी भी बंद हैं। स्थानीय निवासी नष्ट हुए घरों और अपने अनिश्चित भविष्य को लेकर चिंचित हैं। अपने घर के आसपास से मलबा हटाने में लगी इशिकावा निवासी मिकी कोबायाशी ने कहा, देखने से लगेगा कि घर सिर्फ गंदा हुआ, लेकिन ऐसा नहीं है दीवारें ढह गई हैं मुझे नहीं लगता कि यह रहने लायक है। 2007 के आए भूकंप में भी उनका घर क्षतिग्रस्त हो गया था।

### खास बातें

- 200 इमारतें ढहने की पुष्टि
- बुलेट ट्रेन को बंद किया
- 17 लोग गंभीर रूप से घायल
- 1 हजार सैनिक बचाव कार्य में जुटे

### तेज गति चल रहा है राहत एवं बचाव कार्य

*प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने मंगलवार को कहा कि बचाव प्रयासों में तेजी लाने के लिए 1000 सैनिकों को भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, लोगों की जान बचाना हमारी प्राथमिकता है। इसीलिए जरूरी है कि घरों में फंसे लोगों को तुरंत बचाया जाए। जब वह बोल रहे थे उस समय इशिकावा क्षेत्र में 5.6 तीव्रता का एक और भूकंप आया।*

### लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा

*सुनामी के कारण समुद्र तटों पर कीचड़ है। जापान मौसम विज्ञान ने सोमवार को इशिकावा में सुनामी की चेतावनी जारी की थी, लेकिन मंगलवार की सुबह चेतावनी वापस ले ली गई। हालांकि, विभाग ने कहा है कि अगले कुछ दिनों में इस क्षेत्र में और भी भूकंप आ सकते हैं। भूकंप के बाद घरों से निकाले गए लोगों को सभागारों, स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में आश्रय दिया गया है। क्षेत्र में बुलेट ट्रेन रोक दी गई थीं, लेकिन मंगलवार दोपहर तक लगभग सभी सेवाओं को बहाल कर दिया गया है। राजमार्गों के कई हिस्से बंद कर दिये गए है।*

## राममंदिर का सुंदर मॉडल...



**अयोध्या।** जिले के फैजाबाद में एक विनिर्माण इकाई का एक कर्मचारी श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का एक मॉडल प्रदर्शित करता है। देखने में बेहद खूबसूरत होने के कारण यहां आने वालें लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।

### भारत-पाकिस्तान के बीच राजनयिक सेतु बनाने का काम करूंगी: डॉ. सवीरा

**पेशावर।** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर निर्वाचन क्षेत्र से आम चुनाव लड़ने वाली पहली हिंदू उम्मीदवार डॉ. सवीरा प्रकाश ने कहा है कि यदि वह निर्वाचित होती हैं तो वह पाकिस्तान और भारत के बीच राजनयिक सेतु बनाने में मदद करेंगी। पेशे से डॉक्टर 25 वर्षीय सवीरा ने पिछले हफ्ते बुनेर जिले में पीके-25 सामान्य सीट के लिए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी से अपना नामांकन दाखिल किया था। उन्होंने कहा कि यदि वह निर्वाचित होती हैं तो वह इस्लामाबाद और नई दिल्ली के बीच संबंधों के प्रति सकारात्मक भूमिका निभाएंगी और दोनों देशों के हिंदू बिना किसी हिचकिचाहट के उनसे संपर्क कर सकेंगे।

## भारत और यूएई के बीच बढ़े संबंध

# संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन' की शुरुआत हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साझा सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने और दो मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2 से 15 जनवरी 2024 तक चलने वाले भारत-यूएई के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन' की राजस्थान में शुरुआत हो चुकी है। भारत-यूएई संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन' के पहले संस्करण में भाग लेने के लिए 45 कर्मियों वाली यूनाइटेड अरब अमीरात लैंड फोर्सेज की टुकड़ी भारत पहुंची है।



### देशों बढ़ेगा भरोसा

*मंत्रालय के अनुसार यह अभ्यास सहयोगात्मक साझेदारी को भी बढ़ावा देगा और दोनों पक्षों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में मदद करेगा। अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन' भारत और यूएई के बीच दोस्ती को और मजबूत करने का प्रतीक है।*

## पांच और देश पूर्णकालिक सदस्य बने

# 10 देशों का संगठन बना ब्रिक्स, रूस की अध्यक्षता का कार्यकाल शुरु

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

पांच देशों का समूह- ब्रिक्स अब 10 देशों का संगठन बन चुका है। इस साल ब्रिक्स की अध्यक्षता रूस को मिली है। अध्यक्षता मिलने के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा, नए पूर्णकालिक सदस्यों का ब्रिक्स में शामिल होना काफी सकारात्मक पहल है। पांच और देशों के शामिल होने से संगठन का दायरा बढ़ेगा। पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स का विस्तार अंतरराष्ट्रीय मामलों में इसकी अहम भूमिका का मजबूत संकेत है। पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स के विस्तार का मकसद समान वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना है।



### 30 और देश ब्रिक्स से जुड़ने को तैयार

काम करने का आश्वासन देते हुए पुतिन ने कहा, हम इस बात पर निश्चित विचार करेंगे कि कितने और देश किसी न किसी रूप में ब्रिक्स के बहुआयामी एजेंडे से जुड़ने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 30 देश ब्रिक्स के साथ जुड़ सकते हैं।

### ब्रिक्स में अर्जेंटीना ने किया था किनारा

बता दें कि ब्रिक्स में मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) नए सदस्य हैं। अगस्त, 2022 में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था। शीर्ष ब्रिक्स नेताओं ने एक जनवरी से अर्जेंटीना सहित छह देशों को इस समूह में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। हालांकि, अर्जेंटीना के नए राष्ट्रपति जेवियर माइली ने पिछले हफ्ते ब्रिक्स से किनारा करने का एलान किया। बता दें कि ब्रिक्स में (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) पहले से ही सदस्य हैं।

## भारत के आकाश मिसाइल सिस्टम से कांप रहे दुश्मन देश

# 25 किमी मारक क्षमता, एकसाथ 4 लक्ष्यों को साधने की क्षमता




### मिसाइल की क्षमता से कई देश हुए हैं प्रभावित

- दुश्मन के मिसाइल को भेदने की क्षमता
- आकाश को तेज गति से कहीं भी ले जा सकते हैं

*डीआरडीओ का कहना है कि भारत सिंगल फायरिंग यूनिट का इस्तेमाल करके ऐसी क्षमता रखने वाला पहला देश बन गया। घरेलू मिसाइल प्रणाली की क्षमता को 12 दिसंबर को अस्त्रशक्ति सैन्य अभ्यास में प्रदर्शित किया गया था।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल आकाश की इन दिनों खूब चर्चा हो रही है। इसने दूसरे देशों का भी ध्यान अपनी ओर खींचा है क्योंकि वे एडवांस्ड वेपन प्लेटफार्म खरीदने का विचार कर रहे हैं। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से इस मिसाइल सिस्टम को डेवलप किया गया है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीएलडी) ने इसे प्रोड्यूस किया है।

### सतह से हवा में मार करती है यह मिसाइल

*खास बात यह भी है कि 25 किमी की दूरी पर एकसाथ 4 हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने में आकाश मिसाइल प्रणाली सक्षम है। आकाश 25 किलोमीटर तक की मारक क्षमता वाली सतह से हवा में मार करने वाली एक कम दूरी की मिसाइल है ।*

### आधुनिक सिस्टम लगे

इसमें इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटर मेजर्स (ईसीसीएम) लगे हैं। जो दुश्मन के मिसाइल को भेदने में मदद करते हैं। आकाश वेपन सिस्टम को मोबाइल प्लेटफॉर्म पर कॉन्फिगर किया गया है। जो इसे चुस्त और फुर्तीला बनाता है।



मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 का खिताब अपने नाम किया था

लियोनेल मेसी से पहले 10 नंबर की जर्सी दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना पहन चुके हैं।

# दिग्गज फुटबॉलर मेसी को बड़ा सम्मान, 10 नंबर जर्सी होगी रिटायर

एजेंसी ▶▶| अर्जेंटीना

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी एक बार फिर चर्चा में हैं। जब मेसी संन्यास ले लेंगे तो उनकी 10 नंबर जर्सी को रिटायर कर दिया जाएगा। इसका मतलब ये है कि अब भविष्य में इस नंबर की जर्सी कोई भी प्लेयर नहीं पहन सकेगा। मेसी को सम्मान देने के लिए अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने यह फैसला किया है। लियोनेल मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने पिछले साल कतर हुए फीफा विश्व कप पर कब्जा कजमाया था। टीम ने फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराया था और 36 साल बाद वर्ल्ड चैंपियन बनी थी।

### 2022 में जीता था विश्व कप

लियोनेल मेसी फुटबॉल की दुनिया के दिग्गज हैं। साल 2022 उनकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 का खिताब अपने नाम किया था। मेसी के करियर की यह पहली वर्ल्ड कप ट्रॉफी थी। इससे पहले साल 2014 में मेसी की टीम जर्मना से फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला हार गई थी।



### ये दिग्गज भी पहन चुका है 10 नंबर की जर्सी

लियोनेल मेसी से पहले 10 नंबर की जर्सी दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना पहन चुके हैं। वह भी अर्जेंटीना से खेलते थे। इस टीम ने माराडोना के सम्मान में इस जर्सी को 2002 में रिटायर करने की कोशिश की थी, लेकिन इंटरनेशनल फुटबॉल फेडरेशन के सख्त नियमों की वजह से ऐसा नहीं हो सका। आपको बता दें कि कुछ सप्ताह पहले 2022 वर्ल्ड कप के दौरान मेसी द्वारा पहनी गई 6 जर्सियां एक नीलामी में 7.8 मिलियन डॉलर (करीब 64 करोड़) में बेची गई थीं।


### मेसी ने 106 गोल किए हैं

लियोनेल मेसी अर्जेंटीना के लिए लंबे समय तक खेले हैं। उन्होंने 180 मैचों में 106 गोल किए गए हैं। खास बात ये है कि मेसी ने साल 2021 कोपा अमेरिका और 2022 में वर्ल्ड कप टीम को जिताया है। अब 2026 के फीफा वर्ल्ड कप में वह खेलेंगे या नहीं, ये साफ नहीं हो पाया है।

### अब कोई नहीं पहन सकेगा इस नंबर की जर्सी

एक रिपोर्ट में अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया के हवाले से लिखा गया है कि जब मेसी इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेंगे तो उनके बाद किसी और को उनकी 10 नंबर की जर्सी पहनने की इजाजत नहीं होगी। 10 नंबर की जर्सी को मेसी के सम्मान में रिटायर कर दिया जाएगा। हम उनके लिए इतना तो कर ही सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### नडाल ने साल के पहले मैच में जीत दर्ज की

**ब्रिसबेन।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन रफेल नडाल ने दुनिया के पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी डोमिनिक थिएम को 7-5, 6-1 से हराकर इस वर्ष में पहली जीत दर्ज की। पिछले साल जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद से नडाल ने कोई एकल मैच नहीं खेला है। सैतीस वर्ष के नडाल ने पहले सेट में सिर्फ छह सहज गलतियां की और तीन ही अंक गंवाये। उन्होंने 89 मिनट में यह मुकाबला जीता। कूल्हे की चोट के कारण लंबे रिहैबिलिटेशन के बाद लौटे नडाल यहां वाइल्ड कार्ड पर खेल रहे हैं। अन्य मैचों में जर्मनी के यानिका हांफमैन ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोरडा को 7-5, 6-4 से मात दी। महिला वर्ग में 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन विजेता सोफिया केनिन ने 113वीं रैंकिंग वाली एरिना रोडियोनोवा को 7-5, 7-6 से हराया।

### चेन्नई ओपन : मित्रा से हारने के बावजूद कृष्णन शीर्ष पर

**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर पी सरवना कुमार चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अधिराज मित्रा से हारने के बावजूद शीर्ष पर बने हुए हैं। कृष्णन चार अंक लेकर पांच अन्य ग्रैंडमास्टर फेडोरोव



अलेक्सेइ (बेलारूस), ग्लेक इगोर (बेल्जियम), के मुहम्मद (ताजिकिस्तान), मानिक मिकुलास (स्लोवाकिया) और एंगुयेन डुक होआ (वियतनाम) के साथ शीर्ष पर हैं। अलेक्सेइ ने मुरली कृष्णन को हराया लेकिन इगोर को रोहित एस के हाथों पराजय झेलनी पड़ी। मुहम्मद ने कोल्ला भावन और मिकुलास ने श्रीराम आदर्श उप्पाला को मात दी। अंतरराष्ट्रीय मास्टर अरण्यक घोष, वियानी अंतोनियो डिकुन्हा और साहिल डे समेत छह खिलाड़ी दूसरे स्थान पर हैं।

### अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ की शानदार शुरुआत



**ऑकलैंड।** अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ ने मंगलवार को यहां ऑकलैंड टेनिस क्लासिक में हमवतन क्लेरी लियु को सीधे सेटों में हराकर 2024 के अपने सत्र की शानदार शुरुआत की। गत चैंपियन गॉ ने अपने फोरहैंड का शानदार नमूना पेश किया तथा लियु को 6-4, 6-2 से पराजित करके दूसरे दौर में प्रवेश किया। गॉ ने पिछले साल अमेरिकी ओपन के फाइनल में आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-3, 6-2 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी ने नए साल की शुरुआत हार के साथ की। उन्हें पहले दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने 6-4, 6-3 से पराजित किया।

### द.अफ्रीका बनाम भारत दूसरा टेस्ट आज से न्यूलैंड्स मैदान में दोपहर 1.30 बजे से

# टीम इंडिया के पास केपटाउन में इतिहास रचने का मौका

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 3 जनवरी से केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान में शुरू होने वाला है। बता दें कि इस मैदान में भारत आज तक एक भी मैच नहीं जीता है। दक्षिण अफ्रीका सीरीज में 1-0 से आगे है। उन्होंने पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को पारी और 32 रन से हराया था। ऐसे में यह टेस्ट भारतीय टीम हर हाल में जीतना चाहेगी और भारत कैसे भी दूसरा टेस्ट जीतकर इतिहास रचने या फिर ड्रॉ कराकर सीरीज में क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी। इस मैच को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी+ हॉटस्टार ऐप पर लाइव देखा जा सकता है।



**टीमें इस प्रकार**

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मुकेश कुमार।

**द.अफ्रीका :** डीन एल्गर (कप्तान), एडेन मार्करम, टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स, कीगन पीटरसन, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन, मार्को जेन्सन, लुंगी एनगिडी, कगिसो रबाडा और नंद्रे बर्गर।

### भारत-द.अफ्रीका मैचों के आंकड़े

टेस्ट क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 43 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 15 मैच में जीत मिली है। 18 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। 10 मैच दोनों टीमों के बीच ड्रॉ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका की धरती पर दोनों टीमों के बीच 24 टेस्ट खेले गए हैं। 4 मैच में भारतीय टीम को जीत और 13 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। 7 मैच ड्रॉ रहे हैं।

### इनके प्रदर्शन पर रहेगी नजर

एल्गर ने पिछले 10 मुकाबलों में 563 रन बनाए हैं। पहले टेस्ट में उन्होंने शानदार शतक (185) लगाया था। मार्करम ने पिछले 5 मैच में 39.63 की औसत से 317 रन बनाए थे। कोहली ने पिछले 10 मैच में 47.73 की औसत से 716 रन बनाए हैं। रोहित के बल्ले से पिछले 8 मैच में 545 रन निकले हैं। रबाडा ने पिछले 9 मैच में 44 विकेट झटके हैं। जडेजा के नाम पिछले 7 मैच में 33 विकेट है।

### कैसा है पिच का मिजाज?

केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान की पिच पर टेस्ट क्रिकेट में तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलती है। ऐसे में यहां बल्लेबाजों के लिए रन बनाना बिल्कुल भी आसान नहीं होगा। पिच से मिलने वाले बाउंस की मदद से तेज गेंदबाज कहर बनकर टूटते हैं। हालांकि, अगर बल्लेबाज क्रीज पर टिक जाता है तो वह रन बटोर सकता है। यहां स्पिन गेंदबाजों को काफी संघर्ष करना पड़ता है। यहां सबसे बड़ा स्कोर 334 रन चेज हुआ है।

### इस मैदान में एक भी टेस्ट नहीं जीता

भारतीय टीम ने यहां अब तक 6 टेस्ट मैच खेले हैं। 4 मैच में टीम को हार मिली है और 2 मैच ड्रॉ रहे हैं। टीम इस मैदान पर एक भी टेस्ट मैच जीतने में सफल नहीं रही है।

## जगरेब ओपन के लिए कुश्ती टीम का ऐलान



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ की तदर्थ समिति ने क्रोएशिया में होने वाले जगरेब ओपन के लिये 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। क्रोएशिया की राजधानी में होने वाला पहला विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट 10 से 14 जनवरी तक चलेगा। डब्ल्यूएफआई का संचालन भारतीय ओलंपिक संघ की तीन सदस्यीय समिति कर रही है। तदर्थ समिति के प्रमुख भूपिंदर सिंह बाजवा हैं। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुवाई में चुने गए महासंघ को उसके अपने संविधान के उल्लंघन के मामले को लेकर निलंबित कर दिया है।

**टीम : पुरूष फ्रीस्टाइल :** अमन (57 किलो), यश (74 किलो), दीपक पूनिया (86 किलो), विकी (97 किलो) और सुमित (125 किलो)
**ग्रीको रोमन :** ज्ञानेंदर (60 किलो), नीरज (67 किलो), विकास (77 किलो), सुनील कुमार (87 किलो), नरिंदर चीमा (97 किलो), नवीन (130 किलो)।
**महिला :** सोनम (62 किलो) और राधिका (68 किलो)
**कोचिंग और सहयोगी स्टाफ :** कुलदीप सिंह (टीम प्रमुख और कोच), विनोद कुमार, सुजीत, शशि भूषण प्रसाद, मनोज कुमार, वीरेंदर सिंह और अलका तोमर (कोच) विशाल कुमार राय (फिजियो) और नीरज (मालिशिया)।
**रैफरी :** सत्य देव मलिक, दिनेश धोंडिबा, संजय कुमार।

## ओलंपिक क्वालीफायर : महिला टीम की पहली भिड़ंत 13 को अमेरिका से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने आगामी 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाली एफआईएच हॉकी क्वालीफायर्स रांची 2024 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम के 18 सदस्यों के नाम की घोषणा की है।

हाल ही में लगातार तीसरी बार एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने वाली अनुभवी भारतीय गोलकीपर सविता को एक बार फिर टीम की कमान सौंपी गई है। क्वालीफायर की शीर्ष तीन टीमों को पेरिस ओलंपिक का टिकट मिलेगा। टीम प्रतियोगिता में शीर्ष तीन टीमों में जगह बनाने और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए योग्यता हासिल करने के लक्ष्य के साथ रांची में मैदान में उतरेगी।



### भारत पूल बी में, अभियान की शुरुआत 13 से

भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ रखा गया है। इस बीच, जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य पूल ए में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ करेगा, जिसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच होगा और 16 जनवरी को आखिरी पूल बी मैच में वह इटली के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

### गोल संभालेंगी सविता और बिचू, इनको भी मिली जगह

सविता एक बार फिर टीम का नेतृत्व करेंगी। वहीं, अनुभवी फॉरवर्ड खिलाड़ी वंदना कटारिया को टूर्नामेंट के लिए उप-कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टीम में गोलकीपर, सविता और बिचू देवी खारीबाम शामिल हैं। इस बीच, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और मोनिका को टीम में डिफेंडर के रूप लिया गया है।

### चैम्पियन अमेरिका को हराकर आस्ट्रेलिया युनाइटेड कप क्वार्टर फाइनल में

**पर्थ।** गत चैम्पियन अमेरिका को 2-1 से हराकर मेजबान आस्ट्रेलिया युनाइटेड कप टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। मैथ्यू एबडेन और स्टोर्म हंटर ने मिश्रित युगल में जेसिका पेगुला और राजीव राम को 6-3, 6-1 से हराया। आस्ट्रेलिया 18 देशों के मिश्रित टीम टूर्नामेंट में ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा। इससे



पहले एलेक्स डि मिनौर ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-2 से हराकर आस्ट्रेलिया को 1-0 से बढ़त दिला दी थी लेकिन पेगुला ने एला टोमजानोविच को 7-6, 6-3 से मात देकर बराबरी दिलाई। एक अन्य मैच में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने एकल और युगल दोनों मुकाबले जीते जिसके दम पर पोलैंड ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं फ्रांस ने जर्मनी को 2-1 से मात दी। स्वियातेक ने स्पेन की सारा सोरिबेस टोर्मो को मात दी।

## शतक से की लिचफील्ड ने नए साल की शुरुआत...



**मुंबई।** भारतीय और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे तीसरे वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया टीम की सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड ने शतकीय पारी खेलकर नए साल की शुरुआत की। उन्होंने 109 गेंदों में 100 रन पूरे किए। हालांकि उनकी यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिक सकी और भारतीय गेंदबाज दीप्ति शर्मा ने उन्हें 119 रन पर हरमनप्रीत के हाथों कैच करा दिया। लिच ने अपनी पारी में 125 गेंद का सामना किया और 16 चौके साथ 1 छक्का लगाया।

### पाकिस्तान सीरीज में 2-0 से पीछे

# वॉर्नर का आखिरी टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया को दिलाएंगे क्लीन स्वीप !

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 3 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाना है। सीरीज में कंगारू टीम 2-0 की बढ़त ले चुकी है। ऐसे में पाकिस्तान आखिरी मुकाबले को जीतकर क्लीन स्वीप से बचना चाहेगा। डेविड वार्नर का यह आखिरी टेस्ट होगा। उन्होंने पहले ही संन्यास की घोषणा कर दी थी। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 05:00 बजे से प्रारंभ होगा।



### दो नए गेंदबाजों को लेकर उतरेगी पाकिस्तान टीम

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच में स्पिन गेंदबाज साजिद खान और सैम अयूब खेलते हुए नजर आएंगे। अगर पाकिस्तान को आखिरी टेस्ट मैच जीतना है तो शान मसूद और मोहम्मद रिजवान जैसे बल्लेबाजों को बड़ी पारी खेलनी होगी। शाहीन अफरीदी को आखिरी टेस्ट से आराम दिया गया है।

### पाक के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का रहा है दबदबा

ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच अब तक टेस्ट क्रिकेट में कुल 71 बार आमना-सामना हुआ है। कंगारू टीम इनमें से 36 मैच, वहीं पाकिस्तान ने 15 मैच ही जीते हैं। इस बीच 20 मैच ड्रॉ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर दोनों के बीच खेले गए 39 मैचों में से ऑस्ट्रेलिया ने 28 और पाकिस्तान ने केवल 4 मैच जीते हैं। 7 मैच ड्रॉ रहे हैं। पिछले 28 साल में पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया में एक भी टेस्ट मैच नहीं जीती है।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

बाबर ने पिछले 10 मुकाबलों में 43.37 की औसत से 824 रन बनाए हैं। शकील ने पिछले 9 टेस्ट मैच में 68.57 की औसत से 960 रन बनाए हैं। मार्श ने सीरीज के 2 टेस्ट मैच में 96.67 की औसत से 290 रन बनाए हैं। वार्नर के बल्ले से 2 मैच में 52.00 की औसत से 208 रन निकला है। कमिंस ने 2 मैच में 13 विकेट झटके हैं।

## वॉर्नर की गुम गई बैगी ग्रीन कैप, जिसे ढूंढने जासूस लगाने तक की हो गई बात



**सिडनी।** डेविड वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले हैं। पाकिस्तान-ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाने वाले तीसरे टेस्ट मैच के बाद वह रिटायरमेंट ले लेंगे। इससे पहले उनकी बैगी ग्रीन कैप गायब हो गई है। उन्होंने मंगलवार सुबह एक भावुक वीडियो पोस्ट करके इसे लौटाने की अपील की। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने मजाक में कहा कि ऑस्ट्रेलिया की सरकार इसे देशभर में तलाश कराए। जरूरत पड़े तो जासूस लगाए।

### क्या है बैगी ग्रीन कैप

टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी बैगी ग्रीन कैप पहनकर मैदान पर उतरते हैं। ऊन से बनी यह टोपी हरे रंग की होती है। टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने पर खिलाड़ी को यह टोपी दी जाती है। इस पर नंबर लिखा होता। यह नंबर बताता है कि वह देश का प्रतिनिधित्व करने वाले कितने नंबर के खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया ही नहीं विश्व हर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के कैप पर नंबर लिखा होता।





## सालार हिंदी वर्जन में 125 करोड़ के पार





*मुंबई। प्रभास की फिल्म 'सलार' थिएटर्स में एंटरटेनमेंट का सॉलिड डोज दे रही है। पहले हफ्ते में 'सलार' ने हिंदी वर्जन से 92 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर लिया था. दूसरे वीकेंड में फिल्म की हिंदी वर्जन से कमाई लगातार बढ़ती रही. शुक्रवार को 6 करोड़, शनिवार को 7.25 करोड़ और रविवार को 9 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन के साथ हिंदी में भी 'सलार' की दमदार कमाई जारी रही।*

## एनिमल का जलवा 31वें दिन बरकरार




**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बेधड़क थिएटर्स में चल रही है। तमाम क्रिटिसिज्म के बावजूद रणबीर कपूर की इस फिल्म ने जमकर कमाई की है। अपने लिमिटेड स्क्रीन काउंट के साथ संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म अपनी जगह डटी रही। फिल्म ने रिलीज के 31वें दिन देश में 1.67 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल कलेक्शन अब 544.93 करोड़ रुपए है।

## 400 करोड़ के करीब पहुंची डंकी




**मुंबई।** पहले हफ्ते में 160 करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन कर चुकी 'डंकी' ने रविवार को 11.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। रिपोर्ट के अनुसार 12वें दिन, सोमवार को 'डंकी' ने शनिवार से भी ज्यादा कलेक्शन किया है। 2024 के पहले दिन शाहरुख की फिल्म ने 9.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। अब 12 दिन में शाहरुख की फिल्म 'डंकी' बॉक्स ऑफिस पर 397 करोड़ नेट इंडिया कलेक्शन कर चुकी है।



# अदिति राव ने सिद्धार्थ संग कंफर्म की रिलेशनशिप

*नए साल का आगमन बड़े धूमधाम से हो गया है। किसी ने अपने परिवार तो किसी ने अपने दोस्तों के साथ नए साल को वेलकम किया है। इसी बीच पद्मावत' फेम एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ फोटो शेयर कर अपनी रिलेशनशिप को कंफर्म कर दिया है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदिति राव हैदरी सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ पोस्ट और स्टोरीज के माध्यम से जुड़ी रहती हैं। एक्ट्रेस सिद्धार्थ के साथ तस्वीरें और वीडियोज भी शेयर करती रहती हैं, लेकिन जब भी रिलेशनशिप को लेकर सवाल किया जाता है तो दोनों इसे सीक्रेट रखने की कोशिश करते हैं।

हालांकि एक्ट्रेस की हालिया पोस्ट से उनकी और सिद्धार्थ के रिश्ते को लेकर फिर से चर्चा बढ़ गई है। अदिति राव हैदरी ने न्यू ईयर के मौके पर सिद्धार्थ के साथ इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में अदिति और सिद्धार्थ कैमरे के लिए पोज दे रहे हैं। दोनों की इस तस्वीर से लगता है कि शायद वे विदेश में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए अदिति ने कैप्शन में लिखा, खुश, धन्य और आभारी। जादुई खुशी, प्यार, हंसी, यूनिकॉर्न और फेयरी डस्ट के लिए। आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, तो यह ऑफिशियल हो गया। एक ने लिखा, परफेक्ट। एक यूजर ने कहा, बढ़िया चॉइस है। आप दोनों एक-दूसरे को डिजर्व करते हैं।

इसके अलावा फैंस उनकी जोड़ी को बहुत पसंद कर रहे हैं। बता दें कि सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी दोनों की ही पहली शादी टूट चुकी है और तलाक भी हो चुका है। अदिति और सिद्धार्थ अब साथ में एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। दोनों ने अपनी शादी को छिपाकर रखा था। बाद में दोनों अलग हो गए थे। वहीं सिद्धार्थ की बात करें तो उन्होंने पहली शादी 2003 में की थी।

ये शादी ज्यादा नहीं चल पाई थी और कपल 2007 में अलग हो गया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो अदिति आखिरी बार बॉलीवुड फिल्म 'पद्मावत' में नजर आईं थीं। इसके बाद वह कई साउथ की फिल्मों में काम कर चुकी हैं।



# करण ने दिखाए अपने वॉशबोर्ड एब्स...

**मुंबई।** एक्टर करण सिंह ग्रोवर, जो अपनी अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने मंगलवार को अपनी तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह अपने टोन्ड बॉडी और वॉशबोर्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रहे हैं। करण, जो 'दिल मिल गए' और 'कुबूल है' जैसे शो में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, एक फिटनेस फ्रीक हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट रूटीन भी शेयर करते रहते हैं। एक्टर ने कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह पानी के बीच में नजर आ रहे हैं और अपने बाइसेप्स, मसल्स और वॉशबोर्ड एब्स दिखा रहे हैं। पोस्ट का टाइटल 'मेटमोरफोसिस' था। करण, जो जल्द ही ऋतिक रोशन-स्टारर 'फाइटर' में दिखाई देंगे। एब्स को देखकर एक फैन ने लिखा, आखिरकार ऋतिक को तगड़ा कॉम्पिटिशन मिलेगा। ऋतिक और दीपिका पादुकोण स्टारर 'फाइटर' में करण स्क्वाड्रन लीडर सरताज गिल की भूमिका में हैं।

# इंटीमेट सीन को लेकर मौनी हुईं ट्रोल...

**मुंबई।** अभिनेत्री मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अपनी तस्वीरों को वीडियोज के साथ अक्सर सुर्खियों में रहने वाली मौनी ने हाल ही में कुछ तस्वीरें और वीडियोज अपने पति सूरज नांबियार के साथ शेयर की है, जिसको देख फैंस की धड़कने तेज हो गई हैं। मौनी ब्लैक बिकिनी में पति के साथ पूल में नजर आ रही है, जहां दोनों का पूल रोमांस नजर आ रहा है।

कपल की सिजलिंग केमिस्ट्री फैंस का दिल जीत रही है।कुछ यूजर्स ऐसे भी हैं, जिन्हें मॉनी का ये रूप बिलकुल पसंद नहीं आ रहा है। लोग उनके इस पोस्ट और रिवीलिंग बिकिनी पहनने पर ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- अरे कुछ तो शर्म कर लिया करो। एक अन्य ने लिखा, पूरे कपड़े पहनना कभी सीख पाओगी। एक अन्य ने लिखा- अरे इज्जत बची है, थोड़ी से बेशर्म।



# पब्लिक स्क्रूटनी से नाराज है एंजेलिना



**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस एंजेलिना जोली और उनके स्टार पति ब्रैड पिट के बीच हुए विवाद से हर कोई वाकिफ है। इस वक्त एंजेलिना पब्लिक स्क्रूटनी से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। वो इस बात से नाखुश हैं कि उनकी गलत इमेज बनाई जा रही है। यही वजह है कि वो हॉलीवुड को अलविदा कहने वाली हैं। यानी वो अब एक्टिंग नहीं करेंगी। बता दें कि एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट ने तब एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था, जब वे 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' के सेट पर मिले थे। इससे पहले ब्रैड पिट की जेनिफर एनिस्टन से शादी हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने पांच साल का रिश्ता तोड़ दिया था। इनके 6 बच्चे हुए। दोनों ने साल 2014 में अपने बच्चों के सामने शादी की, लेकिन किस्मत को शायद कुछ और ही मंजूर था। इनकी शादीशुदा जिंदगी में खटास आ गई और साल 2016 में एंजेलिना ने तलाक की अर्जी दी।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930